आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया 03:47
उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 14 जून 2025
वर्ष 3, अंक 294, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र 12

कई देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर 14


## एक नजर

### ओडिशा में दो नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और ओडिशा पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान में मलकानगिरी जिले के जंगलों में मुठभेड़ के बाद दो नक्सली कमांडरों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि कांगेरघाटी क्षेत्र के एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) केसा कवासी (32) और आंध्र-ओडिशा सीमा माओवादी सैन्य प्लाटून के एसीएम राकेश उर्फ सानू कुंजम (30) को सुरक्षा बलों ने उक्त जिले के सोडिगुडा और तेंतुलीगुडा गांवों के निकट से गिरफ्तार किया। दोनों नक्सलियों से एक पिस्तौल, दस इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक वॉकी-टॉकी और एक रेडियो, छह राउंड गोलियां, दो चाकू और कुछ अन्य सामान बरामद किया गया है।

### कुएं से गैस रिसाव रोकने के तेज किए गए प्रयास

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ओएनजीसी ने असम के शिवसागर जिले में स्थित अपने एक कुएं से प्राकृतिक गैस के अनियंत्रित रिसाव को रोकने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। ऑयल एंड नेचुरल गैस कंपनी (ओएनजीसी) ने शुक्रवार को कहा कि आपदा प्रबंधन टीम इस कुएं से रिसाव पर काबू पाने के लिए उपकरण लगा रही है। कंपनी ने कहा कि शिवसागर जिले में स्थित रुद्रसागर क्षेत्र में भोटियापार के पास कुआं संख्या 147ए से गैस के लगातार रिसाव को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं।

### सीबीआई ने साइबर अपराधी को दबोचा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक साइबर अपराधी गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है जो भोले-भाले लोगों को धोखाधड़ी की साजिश में फंसाने के लिए सिम कार्ड मुहैया कराता था। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि धोखाधड़ी की इस साजिश के तहत आरोपियों ने प्रतिष्ठित सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों को लोगों को रियायती दरों पर बेचने की पेशकश की।

# ब्लैक बॉक्स मिला, एनआईए ने शुरू की जांच

**अहमदाबाद में विमान हादसा**

## जांच एजेंसी एएआईबी ने बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की छत से किया बरामद

## शवों की कराई जा रही डीएनए जांच, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान नहीं

**अहमदाबाद, एजेंसी**

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शुक्रवार को कहा कि एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। विमान का ब्लैक बॉक्स बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं, एनआईए और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने भी अहमदाबाद पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जांच में सहयोग के लिए ब्रिटेन, अमेरिका के दल भी पहुंचे हैं। उधर, हादसे में मारे गए लोगों में से 6 की पहचान के बाद उनके शव परिजनों को सौंप दिए गए जबकि अन्य शवों की पहचान के लिए डीएनए जांच की जा रही है। हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की भी पहचान नहीं हो सकी है।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग-787 विमान एआई 171 हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एक अधिकारी ने बताया कि ब्लैक बॉक्स आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। एएआईबी ने कहा कि हमने जांच का काम तुरंत काम शुरू कर दिया। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारियों ने दुर्घटनास्थल पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीमों के साथ जांच में भाग लिया। छत से डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) बरामद कर लिया गया है।



अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने विमान हादसे के बारे में जानकारी ली। ● एजेंसी

### मोदी ने दुर्घटनास्थल का जायजा लिया, घायलों से मिले

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद में उस जगह पहुंचे जहां गुरुवार को एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। प्रधानमंत्री ने विमान हादसे में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात की। हादसे में मारे गए लोगों में से छह की शिनाख्त करने के बाद शुक्रवार को उनके शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि अन्य शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है इसलिए उनकी शिनाख्त के लिए डीएनए जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री सुबह यहां सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से सीधे मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने करीब 20 मिनट दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने प्रधानमंत्री को विमान के मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी दी। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। मोदी ने विमान दुर्घटना में घायल हुए लोगों से सिविल अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश से भी मिले। प्रधानमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री वियज रूपाणी के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। रूपाणी दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार थे। मोदी ने अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास गुजरात राज्य विमानन अवसंरचना कंपनी लिमिटेड के दफ्तर में प्रदेश के और नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस निरीक्षक चिराग गोसाई ने कहा, हमने शवों की पहचान के लिए डीएनए के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 215 मृतकों के रिश्तेदारों ने नमूने देने के लिए हमसे संपर्क किया है।

ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण है जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह विमानन दुर्घटनाओं की जांच में मदद करता है।

वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने शुक्रवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया। लंदन के लिए रवाना हुआ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मेघाणी नगर क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें यात्री और चालक दल के सदस्यों समेत 280 से अधिक लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में केवल एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### ब्रिटेन और अमेरिका के जांच दल भी पहुंचे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। चंद्रशेखरन ने कहा कि पूरा समूह सदमे और शोक में है। कहा कि हम हर स्तर पर घायलों और पीड़ितों के साथ हैं। ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल भी अहमदाबाद पहुंच चुके हैं। उन्हें हमारी तरफ से पूरा सहयोग रहेगा और इस दुर्घटना के निष्कर्षों को लेकर हर कदम पर पारदर्शी रहेगा। कहा कि दुर्घटना को लेकर लोग बहुत सारे अनुमान भी लगा रहे हैं, लेकिन अभी धैर्य रखने की जरूरत है।

### ड्रीमलाइनर विमानों की सुरक्षा जांच के आदेश



**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का शुक्रवार को आदेश दिया। डीजीसीए के विस्तृत निरीक्षण के तहत टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की विभिन्न प्रणालियों की जांच और 'टेक-ऑफ' (उड़ान भरने संबंधी) मापदंडों की समीक्षा की जाएगी।

एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को जीईएनएक्स इंजन से लैस अपने बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का तत्काल प्रभाव से निर्देश दिया है। ये कार्रवाई डीजीसीए के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय से की जाएंगी।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति जीवित बचा। नियामक ने 15 जनवरी से बोइंग 787 विमानों की विभिन्न एकबारगी जांच के आदेश दिए हैं।

### मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया

- विमान में एकमात्र जिंदा बचे यात्री रमेश की आपबीती



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहे एयर इंडिया की दुर्घटनाग्रस्त उड़ान एआई 171 के एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश ने कहा कि उन्हें अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि कैसे वह चमत्कारिक रूप से उस हादसे में बच गए हैं जिसमें 280 से अधिक लोगों की जान चली गई है। ब्रिटिश नागरिक रमेश ने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद ही रुक गया तथा हरी और सफेद बत्तियां जल उठीं। दूरदर्शन को दिए साक्षात्कार में लीसेस्टर निवासी रमेश ने कहा कि यह सब मेरी आंखों के सामने हुआ। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया। उन्होंने कहा, एक पल के लिए मुझे लगा कि मैं मरने वाला हूं, लेकिन जब मेरी आंखें खुलीं तो मैं जीवित था। मैंने सीट से अपनी बेल्ट खोली और बाहर निकल आया। रमेश ने कहा कि मेरी आंखों के सामने एयरहोस्टेस और अंकल-आंटियों की मौत हो गई। एक मिनट के भीतर ऐसा लगा कि विमान रुक गया है... और विमान एक इमारत से टकरा गया। रमेश विमान की सीट संख्या 11ए पर बैठे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती रमेश से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा।

## इजराइल का हमला ईरान ने भी दागे ड्रोन



ईरान के तेहरान शहर में विस्फोट के बाद उठता धुआँ। ● एजेंसी

**दुबई, एजेंसी**

- ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों को बनाया निशाना
- रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुखिया और ईरानी सैन्य प्रमुख की मौत

इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए शुक्रवार को सुबह देश की राजधानी पर हमले किए जिनमें दो शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। इन हमलों से पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधी मुल्कों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा तनाव के मध्य हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। इजराइल की सेना ने कहा है कि ईरान उस पर किए गए हमलों के जवाब में इजराइल पर ड्रोन दाग रहा है।

इजराइल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में ईरान ने इजराइल की ओर 100 से अधिक ड्रोन दागे हैं। सभी रक्षा प्रणालियां हमलों को रोकने के लिए काम कर रही हैं। डेफ्रिन ने कहा कि लगभग 200 इजराइली लड़ाकू विमान अभियान में शामिल थे और लगभग 100 लक्ष्यों पर हमला किया गया तथा हमले अब भी जारी हैं। ईरान भर में कई स्थानों हमला किया गया जिसमें ईरान का मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र भी शामिल है। इजराइल के हमले में ईरान के अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। ईरान ने रिवॉल्यूशनरी गार्ड के मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हजीजादेह के इजराइली हमले में मारे जाने की पुष्टि की। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि इजराइली हवाई हमले में ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी भी मारे गए।

### ईरान समझौता करे या विनाश का सामना : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है, नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा।

## अनाथ बच्चों को आरक्षण देगा इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूर्ण शुल्क माफी की घोषणा
- ऐसा आरक्षण देने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय

दिल्ली के गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) ने 2025-26 सत्र से अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनाथ बच्चों को आरक्षण प्रदान करने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार एकल बालिका संतान के लिए आरक्षण लागू करने के एक वर्ष बाद यह कदम उठाया गया है जिसका लक्ष्य समावेशी शिक्षा प्रदान करना है तथा उसे विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद ने मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुसार, प्रत्येक विश्वविद्यालय स्कूल और कार्यक्रम में अनाथ आवेदकों के लिए एक अतिरिक्त सीट आरक्षित की जाएगी। ये छात्र विश्वविद्यालय की आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) योजना के तहत पूर्ण ट्यूशन फीस माफी के भी पात्र होंगे। इस पहल के पीछे की सोच पर प्रकाश डालते हुए कुलपति महेश वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सभी को शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें कोविड-19 महामारी या अन्य कारणों से अनाथ हुए बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि इन विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी वित्तीय सहायता योजनाओं का भी लाभ मिले। आईपी विश्वविद्यालय ऐसा आरक्षण लागू करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय है।

### परिषदीय विद्यालयों में 30 तक बढ़ाया गया ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 15 दिन बढ़ा दिया गया है। परिषदीय विद्यालय अब 30 जून तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। भीषण गर्मी से बच्चों को बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। वहीं शिक्षकों और कर्मचारियों को 16 जून से तय समय सारिणी से ही स्कूल आना होगा। सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश था। वर्तमान में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए 30 जून तक पठन-पाठन के लिए छात्र-छात्राएं विद्यालय में उपस्थित नहीं होंगे।

## एयर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड के रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला। थाईलैंड हवाई अड्डे के अधिकारी उस यात्री से पूछताछ कर रहे हैं जिसने विमान पर बम की धमकी वाला नोट दिखाया था। विमान में 156 यात्री सवार थे। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार 24 के अनुसार विमान ने आज स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े नौ बजे फुकेट हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। बम की धमकी मिलने के बाद विमान ने अंडमान सागर का चक्कर लगाया और आपात स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया।



थाईलैंड के फुकेत हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करता एयर इंडिया का विमान।

- फुकेट से दिल्ली आ रहे विमान को मिली थी बम रखा होने की धमकी
- सघन जांच में कुछ नहीं मिला विमान में सवार थे 156 यात्री

### पठानकोट में आपात स्थिति में उतरा अपाचे

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पंजाब के पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। हेलीकॉप्टर ने पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी थी और गांव के खुले मैदान में अनिर्धारित लैंडिंग की। स्थानीय लोगों ने हेलीकॉप्टर को उतरते देखा और मौके पर पहुंचे हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। अभी तक आपातकालीन लैंडिंग के कारण के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति पर टिप्पणी से इनकार कर दिया।

## अगले हफ्ते में प्रदेश में दस्तक दे सकता है मानसून

### भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान, 14-15 जून से होगी पूर्वी क्षेत्र में अधिकतम तापमान में गिरावट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** गर्मी से हलकान लोगों को मॉनसून राहत देने की तैयारी में है। आने वाले दिनों में कई राज्यों में मानसून की ठंडी फुहारें पड़ सकती हैं। दरअसल, एक नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के करीब तैयार होगा। इसे साइक्लोनिक सर्कुलेशन कहते हैं जो 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा।

फिलहाल यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा। इस रास्ते में यह उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश का सिलसिला तेज करेगा।



हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि जोरदार बारिश 16 जून के बाद ही शुरू होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मॉनसून प्रणाली के 22-23 जून तक दिल्ली पहुंचने की संभावना है, जो दिल्ली की सामान्य शुरुआत की तारीख (27 जून) से पहले है। चूंकि उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से पश्चिमी भाग, दिल्ली से सटा हुआ है, इसलिए मॉनसून के इन तारीखों के आसपास या उससे पहले ही प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है।

अनुमान है कि, जैसे ही यह सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ेगा, यह मानसून की धारा को और फैलाएगा। 19 से 21 जून के बीच मानसून छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश को कवर कर लेगा। इसके बाद, सप्ताह के अंत तक मानसून की धारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम और उत्तर मध्य प्रदेश, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान तक पहुंचने की संभावना है।

### 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में होगी बारिश

लखनऊ। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के विश्लेषण के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में दस्तक देने की संभावना है। यह सामान्य आगमन की तारीखों से कुछ दिन पहले हो सकता है, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून ने इस सप्ताह फिर से तेजी पकड़ी है। यह 18 जून तक मध्य और पूर्वी भारत के शेष हिस्सों और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को कवर कर लेगा। इसके बाद, 19 से 25 जून के बीच यह उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश भी शामिल है।

> मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश और 25 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कर लें।
> **- मनोज कुमार सिंह**, मुख्य सचिव (उप्र.)

## सार-संक्षेप


प्लेन हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। अमृत विचार

### प्लेन हादसे के मृतकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ।** नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित गांधी पार्क पहुंचे कांग्रेसी नेताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी जी, यात्रियों और डॉक्टर्स को श्रद्धांजलि दी। पीसीसी सदस्य व प्रदेश महासचिव संजय पौल ने केन्द्र सरकार से घटना की निष्पक्ष जांच करके दोषियों को दण्ड दिए जाने की मांग की है। इस दौरान वरिष्ठ नेता ओ.पी त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अमीर खान, पूर्व नगर अध्यक्ष बहार कुरैशी, जिला महासचिव प्रियंका दुबे, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सी.बी.सिंह, आशीष चौहान, मेराज वारसी, आसिफ, तालिब कुरैशी, अरबाज़ व गोलू वारसी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल की सुरक्षा होगी पूर्व सैनिकों के हवाले

**कन्नौज।** जिला अस्पताल में दो वर्ष से ठेकेदारी पर लगे गार्डों की छुट्टी कर दी गई है। इनके स्थान पर अब पूर्व सैनिक कल्याण समिति की ओर से पूर्व सैनिकों को सुरक्षा की कमान सौंपी गई है। जिला अस्पताल में दो वर्षों से सुरक्षा व्यवस्था निजी कंपनी के गार्डों के हवाले थी। अब इनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है। अब इनके स्थान पर सैनिक कल्याण समिति की ओर से 10 पूर्व सैनिकों को जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व में लगे गार्डों की ड्यूटी 13 जून तक रही। 14 जून से पूर्व सैनिक जिला अस्पताल में चयनित स्थानों पर रह कर सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे। शुक्रवार को हले से लगे गार्डों को घर जाने के लिये कहा गया। इस पर पहले से लगे करीव 12 गार्ड सीएमएस डॉ. शक्ति बसु से मिले। उनको अपनी व्यथा बताई। सीएमएस ने इन गार्डों की सराहना की। कहा कि वह समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से मुलाकात कर किसी दूसरी फर्म के तहत उनको लगवाने की बात करेंगे। वहीं पूर्व सैनिकों जिनको जिला अस्पताल भेजा गया उन्होंने भी सीएमएस से मुलाकात की। सीएमएस ने कहा कि सभी पूर्व सैनिकों के आ जाने के बाद वह बैठक लेंगे। इसके बाद ड्यूटियों के संबंध में जनकारी देंगे। जिससे उनको किसी तरह की दिक्कत न हो।

### सकरावा के संदीप का था प्रतीक्षालय में मिला शव

**छिबरामऊ।** नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में मिला शव सकरावा क्षेत्र के कुल्लूखेड़ा निवासी संदीप कुमार यादव (32) पुत्र राकेश चंद्र यादव का था। बता दें कि गुरुवार की शाम लगभग 5 बजे नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। पुलिस ने शव को सौ शैय्या अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। शुक्रवार को मृतक की पहचान के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी होते ही मृतक की पत्नी रिंकी, पुत्र कृष्णा, पुत्री दिव्य, अंशिका तथा छोटे भाई मनजीत कुमार रोते बिलखते अस्पताल पहुंच गए।

### घरेलू विवाद से दुखी व्यक्ति ने की आत्महत्या

**छिबरामऊ।** ग्राम भगवंतपुर भड़ियाहीन निवासी एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद से दुखी होकर घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतार कर सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम भगवंतपुर भड़ियाहीन निवासी पंकज पुत्र जयदत्त कन्नौज के ग्राम रतनपुर हयात नगर में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। कुछ लोगों का कहना है कि वह सीडीओ का ड्राइवर था। हालांकि उसके कार्य की पुख्ता जानकारी नहीं हो सकी। मिली जानकारी के अनुसार पंकज 2 दिन पूर्व ही अपने घर भगवंतपुर आया था। दूसरे दिन की शाम को घर में कुछ आपसी विवाद हो गया, जिससे क्षुब्ध होकर शुक्रवार की सुबह कमरे में लगे पंखे पर अंगोछा के फंदे से गला कस लिया। घर वालों ने किसी तरह गेट तोड़कर उसे बाहर निकाला और सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी नेहा, पुत्र माधव, पुत्री गौरी तथा दो भाइयों पंकज किशोर और पवन कुमार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### जुगाड़ : ट्रैक्टर ट्राली को बना दिया स्वीमिंग पूल

**कन्नौज।** इन दिनों लोग भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। ऐसे में एक व्यक्ति ने गर्मी से निपटने के लिए अनोखा जुगाड़ कर डाला। ट्रैक्टर ट्राली में बड़ी सी पॉलीथिन बिछाकर उसमें पानी भर दिया और फिर क्या था बच्चे व बड़े सभी मस्ती करने लगे। मामले का वीडियो वायरल हुआ तो इस अनोखी परिकल्पना को लेकर लोग चर्चा करने लगे। दरअसल दो दिन पहले भीषण गर्मी पड़ रही थी। तभी शेखाना मोहल्ले के रहने वाले निजाम ने काली पॉलीथिन बिछाकर सबमर्सिबल पंप की सहायता से पानी भर दिया। इस तरह से चलता फिरता स्वीमिंग पूल बना दिया जिसमें बच्चों के साथ बड़ों ने भी खूब मजे किए। जब वीडियो वायरल हुआ तो लोग सराहना करते भी दिखाई दिए।


ट्रैक्टर ट्राली में बने स्वीमिंग पूल का आनंद लेते बच्चे ।

### अब डीडी कृषि का भी तबादला

**कन्नौज।** उप निदेशक कृषि प्रमोद सिरोही का भी तबादला मुजफ्फरनगर के लिए हो गया है। उनके स्थान पर मुजफ्फरनगर से संतोष कुमार ने कन्नौज में योगदान आख्या भी दे दी है। दूसरी ओर जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने गुरुवार को चार्ज छोड़ दिया है। उन्होंने नई तैनाती वाले जिले गोण्डा में कार्यभार भी संभाल लिया है। बताया गया है कि नए जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र 16 जून को चार्ज लेंगे। इससे पहले सीवीओ डॉ. सुनील दत्त प्रजापति, पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह, एई लघु सिंचाई शिखा सचान के भी स्थानांतरण हो चुके हैं।

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत में भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम समगुरा बहादुरपुर निवासी सुमित कुमार पुत्र जगतनरायन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका भाई कल्यान सिंह 10 जून की शाम लगभग 08 बजे होटल से खाना लेकर लौट रहा था। तेराजाकेट मलिकपुर रोड पर तेज गति से चलाते हुए ट्रैक्टर के अज्ञात चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# यात्री बनकर पीटीओ ने पकड़ी फर्जी रोडवेज बस

## अधिकारी ने खुद बस में बैठकर पकड़ा खेल, दो बसें की गईं सीज

संवाददाता छिबरामऊ



गाड़ी के सामने खड़े परिवहन विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रोडवेज बसों के रंग में रंगी सड़क पर दौड़ रही डग्गामार बसों की पोल उस समय खुल गई जब परिवहन विभाग की अधिकारी बस में यात्री बनाकर बैठ गईं। इस दौरान फर्जी रोडवेज बस समेत 2 बसों को सीज कर दिया।

परिवहन विभाग की यात्री कर अधिकारी सुनीता सैनी ने बताया कि शुक्रवार को वह एक सरकारी दिख रही बस में यात्री बनाकर बैठ गईं और गाड़ी के कागज मांगे। जांच में पता चला वह बस डग्गामार है। इसे पुलिस और आरटीओ से बचने के लिए यूपी रोडवेज के रंग में रंग कर सड़क पर बेखौफ दौड़ाया जा रहा था। खास बात यह है कि बस के सामने वाले शीशे पर उत्तर प्रदेश और ऊपर राजधानी एक्सप्रेस लिखा गया था। इसके साथ ही रोडवेज की ही तरह आगे रखी प्लेट पर लखनऊ से दिल्ली आनन्द विहार भी लिखा था। रोडवेज समझकर ही उसमें लोग बैठे थे। हकीकत सामने आई तो अधिकारी ने सवारियों को उतारकर दूसरी बस से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया। उन्होंने इसके समेत दो बसों को सीज कर दिया है। पीटीओ ने बताया की इस तरह सड़क पर दौड़ने वाली डग्गामार बसों पर भी कार्रवाई होगी। ऐसे डग्गामार संचालक छिबरामऊ क्षेत्र में ज़्यादातर यूपी परिवहन की तरह दिल्ली, गुड़गांव तक डाग्गामार बसों का संचालन कर रहे हैं। उन सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि रोडवेज बस के रंग आदि में चल रही इस तरह की गाड़ियों को लेकर परिवहन विभाग में शिकायत मिली थी जिस पर पीटीओ की तरफ से कार्रवाई की गई।

## कन्नौज बार के अध्यक्ष पर दो वकीलों ने बोला हमला

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- गिरेबान पकड़ कर जान से मारने का प्रयास, हालत बिगडी
- कोतवाली में दोनों हमलावरों पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** जिला एवं सत्र न्यायालय में पेड काट कर बस्ता लगा लिया गया। इसे कन्नौज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने हटवा दिया। इसको लेकर दो वकीलों ने अध्यक्ष को गाली देते हुए हमला बोल दिया। मामले मे दो वकीलों के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने अधिवक्ता जितेंद्र यादव पुत्र राजेश कुमार निवासी बघेलपुर्वा थाना इंदरगढ़ व विकास गुप्ता एडवोकेट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि शुक्रवार को विकास गुप्ता ने न्यायालय परिसर में खड़े चंपा के हरे पेड़ को काट कर अनाधिकृत रूप से बस्ता डाल लिया। इस पर उन्होंने एतराज करते हुए परिसर में इधर उधर पडी कुर्सियों को हटवा कर साइड में करा दिया। इसी को लेकर सुवह करीव 9:30 बजे अधिवक्ता जितेंद्र यादव आये और उनको गालीगलौज करते हुए गिरेवान पकड कर हमलावर हो गये। जान से मारने की नीयत से उनका गला दबा दिया। इससे उनकी हालत खराब हो गई। महासचिव मुशीर अहमद व एडवोकेट पीयूष मिश्रा, एडवोकेट संजीव शुक्ला समेत अन्य अधिवक्ताओं ने हमलावर को ललकारा और उनको बचाया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। इस मारपीट में उनके गले में पड़ी सोने की चेन कही गायब हो गई। इसे उनको करीव डेढ लाख रुपये का नुकसान हुआ। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## मारपीट की शिकायत करने गये भाजपाई को पुलिस ने पीटा

**कन्नौज।** मारपीट की शिकायत करने कोतवाली पहुंचे भाजपा के पूर्व पदाधिकारी से सिपाहियों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए सिपाही पर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली में युवक से मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है।

सरायमीरा के डाक बंगला रोड निवासी आशू मिश्रा ने कहा कि 12 जून को दोपहर 12 बजे वह एक मामले की शिकायत करने कोतवाली सदर गया था। वह शिकायत कर रहा था तभी वर्दी में व सादा कपड़ों में तीन सिपाहियों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। सिपाही वर्दी पर नेम प्लेट नहीं लगाये था। उसके पास भी कुछ वीडियो की फुटेज हैं जिसमें सिपाही उसके साथ धक्का मुक्की कर गाली गलौज कर रहा है। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। मामले की जांच की जा रही है।

## छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में बुलेट मोटर साइकिल और एक लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर पति सहित ससुरालियों ने विवाहित से गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया।

नगर के मोहल्ला मोहल्ला सुभाष नगर निवासी तनू पुत्री राजीव कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद चौखण्डा गंगारोड निवासी पति आकाश, ससुर जितेन्द्र, सास मीरा देवी, देवर विकास, विमल, ननद कंचन ने दहेज में कमी बताकर उसको प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसके बाद बुलेट मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर 13 जनवरी 2025 को पति व ससुरालियों ने गालीगलौज की। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। धक्के मारकर घर से निकाल दिया और बिना दहेज आने पर जान से मारने की धमकी दी।

## आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की मौत

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** कानपुर देहात से स्थानांतरित होकर जिला कारागार में आए आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा में मौत हो गई।

कानपुर देहात के थाना रूरा ग्राम जिनई निवासी विजय शंकर उर्फ धुन्नी तिवारी (71) पुत्र रामकुमार तिवारी को 09 फरवरी 2024 को जिला कारागार कानपुर देहात से जिला कारागार कन्नौज में लाया गया था। उसके पैर, हाथ और कंधे में छर्रे लगे होने से नर्वस सिस्टम प्रभावित हो चुका था। उसका उपचार जेल चिकित्सालय व राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा में कराया जा रहा था। 12 जून को कमजोरी, चक्कर आने व दस्त की शिकायत पर जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार की सुबह शौचालय से निकलते समय उसकी हालत बिगड़ गई। जेल अस्पताल में उपचार दिया गया। लाभ न मिलने पर एंबुलेंस से तिर्वा मेडिकल कालेज भेजा गया जहां बह करीव 08 बजे उसकी मौत हो गई।

**समीक्षा** पॉलिटेक्निक तिर्वा में आवासीय भवन, छिबरामऊ न्यायालय में मीटिंग हॉल हस्तांतरित

# 50 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण हो रहे पूरे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


जानकारी देते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री। अमृत विचार

- सीएचसी कन्नौज व तिर्वा में भी ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का हस्तांतरण पूरा

**अमृत विचार।** जिले में 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से चल रहे परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बताया गया कि ज्यादातर निर्माण कार्य पूरे हो गए हैं और भवन हस्तांतरण की प्रक्रिया हो रही है।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक तिर्वा में आवासीय भवनों का निर्माण कार्य 1.28 करोड़ रुपये की लागत से पूरा करा लिया गया है। 5 मई को भवन का हस्तांतरण भी कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड निर्माण इकाई-10 कानपुर ने कर दिया है। इसी तरह राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, मेडिकल कॉलेज आवासीय इकाई कन्नौज की ओर से 130.46 करोड़ रुपये से राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में हृदय रोग अस्पताल में 1 कैथ लैब की स्थापना करा रहा है। इसके लिए 23 मई को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिली है। डीएम ने बताया कि 6 जून को राजकीय निर्माण निगम ने टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर होने पर लैब की स्थापना कराई जाएगी। छिबरामऊ के वाह्य न्यायालय में 9.30 करोड़ रुपये की लागत से सीएंडडीएस, यूनिट-43 यूपी जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद मुख्यालय कन्नौज ने 3 नग कोर्ट रूम व 1 नग मीटिंग हॉल का निर्माण कार्य पूरा कराकर न्याय विभाग को 22 मई को भवन हस्तांतरित कर दिया है। इसी प्रकार कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस निर्माण प्रखंड फर्रुखाबाद ने 0.64 करोड़ रुपये से सीएचसी कन्नौज में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ, यूनिट का निर्माण कार्य पूरा कराकर स्वास्थ्य विभाग को 27 मई को हस्तांतरण हुआ। इसी कार्यदायी संस्था ने 0.64 करोड़ रुपये से तिर्वा सीएचसी में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ, यूनिट निर्माण कार्य पूरा कराकर स्वास्थ्य विभाग को 24 मई को हस्तांतरण करा दिया है। यूपी आरएनएसएस निर्माण प्रखंड ने 5.21 करोड़ रुपये की लागत से समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय छिबरामऊ में स्टॉफ आवास के निर्माण को लेकर 11 जून को पूरा कराकर हस्तांतरण की कार्रवाई कराई जा रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सुरेंधा, विकास खण्ड, एरवाकटरा , औरैया**

पत्रांक मैमो/राज्यवित्त/केंद्रीय विता /2024–25 दिनांक: 12 जून 2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड एरवाकटरा की ग्राम पंचायत सुरेंधा अन्तर्गत वर्ष 2024–25 के राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य प्रयोगार्थ निर्माण सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत जीएसटी धारक निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों ईट विक्रेताओं/सप्लायर्स से (ईट, सीमेन्ट, मौरम, बालू, पत्थर, गिट्टी, लोहा, सरिया, इण्टरलॉकिंग ईट, रंग, इलेक्ट्रीकल/ इलेक्ट्रॉनिक आदि) सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 15/06/2025 अपराहन 2 बजे तक सीलबन्द निविदा/टेण्डर आमन्त्रित किये जाते है। जो उसी दिन अपराहन 3 बजे ग्राम पंचायत सुरेंधा द्वारा गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 12 जून 2025 से 15 मार्च 2025 तक किसी भी दिवस में प्रात: 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सुरेंधा में निविदा प्रपत्र निशुल्क प्राप्त किये जा सकेंगें।

**आपूर्ति की जाने वाली सामग्री हेतु विवरण मात्रा**

| क0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1– | ग्राम पंचायत सुरेंधा के ग्राम किशनपुर में दुर्गा मंदिर में जीर्णोद्वार का कार्य | 101289 लाख |
| 2 – | ग्राम पंचायत सुरेंधा में पंचायत घर में मरम्मत व जीर्णोद्वार कार्य | 197620 लाख |

**नियम व शर्ते–**
1. निविदादाता का पंजीकरण आयकर, वाणिज्यकर व जीएसटी विभाग में अवश्य होना चाहिए। बिना जीएसटी पिन नम्बर के निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. दिनांक 15 जून 2025 को यदि किसी कारणवश निविदा के खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह सम्पन्न होगा।
3. निविदा स्वीकार एवं निरस्त करने का पूरा अधिकारी समिति का होगा।
4. बिना कारण बताए निविदा निरस्त की जा सकती है।
5. कार्य की मात्रा एवं लागत मौके की परिस्थितियों के अनुसार घट बढ़ सकती है।
6. कार्य की उपलब्ध होने की दशा में कराए जाएंगे।
7. नियम व शर्तो की पूर्ण जानकारी कार्यालय टेंडर क्रय करते समय प्राप्त कर लें। पूर्ण संतुष्ट होने पर ही टेंडर डालें।

**प्रधान** ग्राम पंचायत सुरेंधा, एरवाकटा, औरैया
**ग्राम पंचायत अधिकारी** ग्राम पंचायत सुरेंधा, एरवाकटा, औरैया

**कार्यालय नगर पंचायत कुरारा–हमीरपुर**

पत्रांक:– 122/न0पं0कु0/अ0नि0सू0/2025–26 दिनांक: 12.06.2025

**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/अर्ह फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15वाँ वित्त आयोग के स्वीकृत कार्यो के तहत निम्नांकित पथ प्रकाश सामग्री की आपूर्ति हेतु नगर पंचायत कुरारा द्वारा कार्य के टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं टेण्डर फार्म निर्धारित नगद मूल्य जमा कर दिनांक 13/06/2025 से दिनांक 21/06/2025 तक 11.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत कुरारा से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा सीलबन्द टेण्डर दिनांक 23/06/2025 तक अपरान्ह 1.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत कुरारा/कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाले जायेंगे जो इसी दिनांक को अपरान्ह 2.00 बजे अध्यक्ष महोदय अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी के समक्ष खोले जायेंगे। टेण्डर खोलने के समय अनुपस्थित ठेकेदार की प्रतीक्षा नहीं की जायेगी। कार्यो की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (2%) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगर पंचायत कुरारा में पथ प्रकाश व्यवस्था के अन्तर्गत तिरंगा लाइट क्रय का कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 600.00 | 15 दिवस |
| 2 | नगर पंचायत कुरारा में पथ प्रकाश के अन्तर्गत चौराहों के सौन्दर्यकरण हेतु लाइटों का क्रय। | 5.00 | 10000.00 | 600.00 | 15 दिवस |

**निर्धारित शर्ते :–**
1. 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा क्रय करने के साथ नकद ऑनलाइन ट्रान्जेक्शन / एफ0डी0आर0/ एन0एस0सी0 के रूप जमा करनी होगी।
2. अनुबन्ध की कार्यवाही निविदा स्वीकृत होने के एक सप्ताह के अन्दर करनी होगी।
3. एक या समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4. निविदा स्वीकृत होने के बाद 8 प्रतिशत जमानत एफ0डी0आर0/एनएस0सी0 के रूप में अधिशाषी अधिकारी के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करनी होगी।
5. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी। आपूर्ति सम्बन्धी जानकारी निविदा प्रस्तुत किये जाने के पूर्व कर लें निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य के सम्बन्ध में कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
6. निविदा के साथ 100/–रू0 व 10 रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र संलग्न करना होगा जिसका प्रारूप नगर पंचायत से प्राप्त किया जा सकता है।
7. योजना से सम्बन्धित दिशा निर्देशों एवं शासनादेशों का अनुपालन टेण्डरदाता को करना होगा।

**अधिशाषी अधिकारी** नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर
**अध्यक्ष** नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद कन्नौज**

पत्रांक– 717/ न0पा0प0छ0 / ई–टेण्डर / निर्माण / 2025–26 दिनांक– 13 जून 2025

**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को राज्यवित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि की अवशेष धनराशि के अधीन ठेकेदारो / फर्मो से निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहर बन्द निविदाऐं दिनांक – 20.06.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। टेण्डर फार्म के साथ संलग्न नियम व शर्तो के अनुसार ही निविदायें मान्य होगी। प्राप्त निविदाऐं उसी दिन अथवा अन्य किसी दिन ठेकेदारो / फर्मो की उपस्थिति / अनुपस्थिति में अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोली जायेगी। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में सन्निहित होगा। बिना कारण बताए आमन्त्रित निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सन्निहित होगा । निविदा की विक्री कार्यालय कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि | 2% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य+GST+ प्रोसेसिंग फीस | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में कैलाश पर्वत के पास मिट्टी भराव का कार्य । | 479333 | 9600 | 630 + 113 + 250 + 100 = 1093 | 15 दिन |
| 2 | नगर पालिका परिषद छिबरामऊ विभिन्न वार्डो में स्ऊील बोर्ड आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य । | 487692 | 9800 | 640 + 115 + 250 + 100 = 1105 | 15 दिन |

अत: उपरोक्त दशा में इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार अपनी–अपनी मोहर वन्द निविदायें नियत दिनांक व समय में कार्यालय के टेण्डर बाक्स में डाली जा सकती है। नियत दिनांक व समय के बाद प्राप्त निविदायें व सशर्त निविदायें मान्य न होंगी । अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क करके जानकारी की जा सकती है।

**( रविराज कौशल )** अवर अभियन्ता (सिविल) न.पा.प. छिबरामऊ जनपद – कन्नौज
**(सुनील कुमार सिंह)** अधिशासी अधिकारी न.पा.प. छिबरामऊ जनपद – कन्नौज

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

शनिवार को धूप छांव के साथ उमस भरी गर्मी का दौर जारी रहेगा। फिलहाल बारिश या आंधी के आसार नहीं हैं।

| 40.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 03 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# चयनकर्ताओं को ही मिलती गड़बड़ी की जांच, दब जाती सच्चाई

## करीब ढाई साल पहले सेवायोजन पोर्टल पर बिना सूचना के मांगे थे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत जो भी चयन किए गए। उनकी शिकायत हुई तो जांच उन्हीं अफसरों को दे दी गई जो चयन कमेटी में बैठते हैं। इस वजह से सच्चाई दबा दी गई। यह कोई पहला मामला नहीं है जब गड़बड़ी गई है। इससे पहले भी कृत्य किए गए हैं।

करीब ढाई साल पहले भी महिला कल्याण विभाग की ओर से चयनित एजेंसी ने सेवायोजन पोर्टल पर बिना किसी सूचना को निकाले चहेतों के आवेदन ले लिए थे। साक्षात्कार तक की तैयारी व तारीख घोषित हो गई थी। इस मामले की शिकायत तत्कालीन सीडीओ आरएन सिंह से हुई थी। उस दौरान उन्होंने इंटरव्यू स्थगित कर दिए थे। साथ ही सेवायोजन पोर्टल पर सूचना प्रकाशित कराई गई तब कहीं जाकर भर्तियां हुई थीं। कहा जा रहा है कि विकास भवन के ही ज्यादातर अधिकारी चयन कमेटी में शामिल किए जाते हैं। जब कोई मामला उछलता है तो आलाधिकारियों की ओर से उन्हीं कमेटी के अधिकारियों को जांच दे दी जाती है इस वजह से कार्रवाई नहीं की जाती है। चाइल्ड लाइन में हुई करीब एक साल पहले भर्ती में रुपये मांगने आदि गड़बड़ी के मामलों को उठाया गया था। तो जांच भी प्रभारी सीडीओ को दे दी गई थी जो खुद उस साक्षात्कार कमेटी में शामिल हुए थे।



तिर्वा-कन्नौज रोड किनारे नसरापुर के पास स्थित चाइल्ड लाइन का कार्यालय।

● तत्कालीन सीडीओ से शिकायत के बाद पोर्टल पर निकाली गई थीं रिक्तियां

# कैसे हो जांच पर भरोसा जब विदेश में बसी युवती को दिखाते उपस्थित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● करीब चार साल से विदेश में रहने वाली कर्मी को एडीएम ने जांच रिपोर्ट में मौके पर दिखाया

● डीएम ने प्रकरण की जांच करने के लिए अपर जिलाधिकारी न्यायिक को दी थी जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** जिले के कुछ अधिकारियों की जांच पर भला कैसे भरोसा किया जाए जब करीब 4 साल से विदेश में बसी युवती को ही स्कूल में उपस्थित दिखा दिया। एडीएम न्यायिक की जांच रिपोर्ट से पता चला है।

दरअसल, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर एडीएम न्यायिक देवेंद्र सिंह पिछले महीने बीआरसी सदर परिसर में स्थित नगर शिक्षा अधिकारी कार्यालय व कंपोजिट विद्यालय सरायमीरा प्रथम की जांच करने पहुंचे थे। एडीएम न्यायिक की जांच रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के साथ ही सेवक पद पर तैनात गानिया फातिमा को भी उपस्थित दर्शा दिया जो करीब 4-5 साल से स्कूल नहीं आ रही है। बताया गया है कि गानिया ने विदेश में निकाह कर लिया है और वहीं रहने लगी है। चर्चा है कि अंतिम समय में वह मेडिकल अवकाश पर गई थी जिसके बाद से लौटकर ड्यूटी पर नहीं आई। महिला कल्याण विभाग में भी जांच कर मामले की लीपापोती कर दी जाती है।



नगर क्षेत्र का कंपोजिट विद्यालय सरायमीरा प्रथम। अमृत विचार

## 15 से सरकारी केंद्रों पर होगी मक्का की खरीद

**तिर्वा।** किसानों को उनकी फसलों का सही दाम मिल सके इसके लिए सरकार ने ग्रीष्मकाल में तैयार होने वाली मक्का की सरकारी खरीद के निर्देश दिए हैं। खरीद 15 जून से शुरू हो जाएगी।

सरकार लगातार किसानो की आय में वृद्धि करने का काम कर रही। बिचौलिये हावी न हो इसके लिए किसानो की धान, गेहूं, ज्वार की खरीद समर्थन मूल्य में करके किसानो के खाते में सीधे पैसा भेज रही है। तीन दिन पूर्व औरैया में एक कार्यक्रम में आए प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने ग्रीष्मकालीन मक्का सरकारी मूल्य पर खरीदने की घोषणा की थी। सीएम के निर्देश पर शासन ने मक्का खरीद के निर्देश दिए गए। मंडी में खुले विपणन शाखा के प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि 15 जून से किसानो की मक्का की फसल की खरीद की जाएगी। किसान बिचौलियो के बजाय सीधे सरकारी केंद्र पर मक्का की फसल लाकर बिक्री करे।

## एक नजर

### फेसबुक पर देश विरोधी नारे, युवक पर रिपोर्ट

**सौरिख, कन्नौज।** विमान हादसे के बाद युवक ने फेसबुक आईडी पर देश विरोधी नारे लगाते हुए पोस्ट डाल दी। शिकायतकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव खड़नी निवासी विनय शाक्य पुत्र सुभाष चंद्र शाक्य ने तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर उसके गांव खड़नी मेन बाजार निवासी हारुन खान पुत्र मोहम्मद निसार ने विमान हादसे में लोगों के मारे जाने पर खुशी का इजहार करते हुए अपने फेसबुक अकाउंट पर हिंदुस्तान विरोधी नारे लगाते हुए एक पोस्ट डाल दी। इससे हम सभी हिंदू भाइयों की भावनाओं को गहरा दुख पहुंचा है पुलिस ने मामला पंजीकृत कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### विवाहिता को पीट कर घर से निकाला

**तिर्वा।** दहेज में दो लाख रुपये न मिलने पर ससुरालियों ने पीट कर महिला को घर से निकाल दिया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कानपुर नगर के ककवन थाना क्षेत्र के ऐमा गांव निवासी रूवी देवी पुत्री भैयालाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से खूब दान दहेज देकर उसकी शादी थाना ठठिया के बंसरा गांव निवासी नीरज पुत्र गौरीशंकर के साथ 7 मई23 को की थी। शादी के कुछ दिनो बाद पति नीरज, जेठ दीपेश, जेठानी पूनम, सास इंद्रादेवी, ननद गीता व ममता अतिरिक्त दहेज में दो लाख की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। जब मांग पूरी नही हुई तो 8 जून को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


मौके पर मौजूद पुलिस व लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

# युवक ने फंदा लगा दी जान सीमा विवाद में उलझी पुलिस

संवाददाता तिर्वा

● पत्नी के साथ आया था साली के घर, काफी देर बाद तिर्वा पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव

**अमृत विचार।** एक युवक ने किसी बात से नाराज होकर फंदा लगाकर जान दे दी। काफी देर तक पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही।

थाना ठठिया के बगवा गांव निवासी विमलेश (30) पुत्र चंद्रपाल अपनी पत्नी के साथ थाना इंदरगढ़ के बद्धापुर्वा गांव में रहने वाली साली के घर आया था। गुरुवार की रात किसी बात से नाराज होकर वह घर से बाहर निकल आया। परिजनों ने काफी खोजबीन की पर उसका पता न चला। शुक्रवार की सुबह उसका शव बद्धापुर्वा व तिर्वा कोतवाली की सरहद के बीच पेड़ पर फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची इंदरगढ़ व तिर्वा पुलिस काफी देर तक सीमा विवाद में उलझी रही। आखिरकार तिर्वा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि सीमा का कोई विवाद नही था। स्थानीय लोग थाना तिर्वा व इंदरगढ़ सीमा बता रहे थे।

# 32 पर टिका न्यूनतम तापमान उमस ने किया लोगों को बेहाल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● अधिकतम तापमान तीन डिग्री लुढ़ककर 40 पर आया पर आर्द्रता ने बढ़ाई मुसीबत

● पूरे दिन पसीने से तरबतर लोग बस अब बारिश होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं

**अमृत विचार।** आषाढ़ का महीना शुरू होने के साथ ही उमस भरी गर्मी ने सितम ढाना शुरू कर दिया है। करीब एक हफ्ते से लोगों को कूलर और एसी भी राहत देने में नाकाम हो रहे हैं। न्यूनतम तापमान पिछले तीन दिनों से 32 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर है लेकिन बादलों की आवाजाही के कारण आर्द्रता बढ़ने से लोगों की मुसीबत भी बढ़ गई है। दिन भर पसीने से तरबतर लोग बस अब बारिश होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

शुक्रवार को सुबह से सूरज की किरणें उमस भरी गर्मी बढ़ाती रहीं। दोपहर होते-होते उमस से लोगों का बुरा हाल हो गया। घर हो या कोई कार्यालय सभी जगह लोक बस पसीना पोछते और बारिश के जल्द होने की बात करते नजर आए। गर्मी का आलम यह रहा कि कूलर-पंखे चलते तो रहे लेकिन राहत देने में फेल होते दिखाई दिए। दफ्तरों में भी लोग एसी के भरोसे काम करते नजर आए। सड़कों व बाजारों की बात करें तो दोपहर के समय अधिकांशतया सन्नाटे की स्थिति रही। इससे दुकानदार ग्राहकों का इंतजार ही करते रहे। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि शुक्रवार को आर्द्रता का प्रतिशत बढ़कर 47 हो जाने से उमस भरी गर्मी का असर ज्यादा रहा। हालांकि बादलों की आवाजाही रही लेकिन फिलहाल बारिश के आसार नहीं बनते नजर आ रहे हैं। अधिकतम तापमान कुछ गिरकर 40 जबकि न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस पर बरकरार रहा। भले ही अधिकतम तापमान 40 रहा लेकिन लोगों ने गर्मी का अहसास 48 डिग्री सेल्सियस वाला किया। पूर्वी हवा 14-17 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही। आगामी दिनों में इसी तरह का मौसम रहने के आसार हैं।

### धूप में से गश खाकर गिरे बाइक सवार की मौत

**छिबरामऊ।** बेवर से दवा लेकर पत्नी के साथ घर लौट रहे बाइक सवार युवक को धूप के कारण ग्राम घिलोई के पास चक्कर आ गया। उसे सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। नगर के मोहल्ला बजरिया हाल पता तहसील गेट निवासी दीपक पुत्र रामविलास कपड़ों में प्रेस का कार्य करता था। शुक्रवार को वह पत्नी को लेकर किसी वैद्य के यहां दवा दिलाने बाइक से बेवर गया था। वहां से लौटते समय धूप के कारण ग्राम घिलोई के पास उसकी हालत बिगड़ गई। पत्नी ने गाड़ी साइड में खड़ी कराई तभी दीपक को चक्कर आ गया और वह वहीं गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एंबुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया। यहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दीपक अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था।वह अपने पीछे पत्नी बाबली, दो पुत्र संगम और आंसू तथा पुत्री साधना और वैष्णवी को छोड़ गया।


दीपक।

## सार-संक्षेप


कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते वकील। अमृत विचार

### विमान हादसे के मृतकों को वकीलों ने दी श्रद्धांजलि

**तिर्वा।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को वकीलों ने श्रद्धांजलि देते हुए शोक प्रकट किया। सरकार से मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की। गुरुवार को दर्दनाक हादसा पेश आया जब अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ देर में ही एक इमारत में टकरा गया। इस हादसे में 241 से भी ज्यादा लोगों की जान चली गई जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्य मंत्री विजय रूपाणी भी शामिल रहे। शुक्रवार को वकीलों ने तहसील में ही शोकसभा का आयोजन किया। इस दौरान कैंडल जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति को ईश्वर से प्रार्थना की। सरकार से मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की। इस मौके पर नीरज त्रिपाठी, संजय शुक्ला, संजीश तिवारी, अजय प्रताप सिंह,बीजेपी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, कमलेश पाल समेत अन्य वकील मौजूद रहे।


नगर पालिका की ओर से पेट्रोल पंप के आगे डाले गये कूड़े से उठता धुआं।

### नगर पालिका की ओर से डाला गया कूड़ा, लगाई आग

**कन्नौज।** जिला अस्पताल के आगे सड़क किनारे डाले जा रहे नगर पालिका के कूड़े ढेर में आग लगा दी गई। पूरे दिन धुआं उठता रहा। जीटी रोड से निकलने वाले यात्री परेशान होते रहे। क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े का नगर पालिका निस्तारण नहीं कर पा रही है। कर्मचारी कूड़ा उठाने के बाद जिला अस्पताल के आगे स्थित पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे डाल देते हैं। इससे वहां पर कूड़े का ढेर लग जाता है। पालिका की ओर से फिर जेसीबी भेज कर इस कूड़े के ढेर को समतल कर दिया जाता है। सड़क के किनारे जगह का आभाव होने से कूड़े के कई ढेर लग गये हैं। इनका निस्तारण नगर पालिका की तरफ से नहीं किया गया। इसमें किसी ने आग लगा दी। इससे कूड़ा बीते दो दिन से जल रहा है। इससे जीटी रोड से निकलने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। अधिक धुआं उठने से लोगों को अपने वाहन आंख बंद कर निकालना पड़ रहा है। इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। इस मामले में नगर पालिका के कर्मचारियों का कहना है कि कूड़े में उनकी ओर से आग नहीं लगाई जाती। किसी तरह से लग जाती है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि पालिका की तरफ से कूड़ा नहीं डाला गया है । क्षेत्र का कूड़ा अजयपाल मोहल्ला स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट पर जा रहा है।

### कन्नौज में नहीं आ सकेंगे शिक्षक, कल तक करें जाने को आवेदन

**कन्नौज।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की ओर से अंतरजनपदीय तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख 12 जून से बढ़कर 15 जून कर दी गई है। खास बात यह है कि जनपद कन्नौज से अध्यापक दूसरे जिलों में स्थानांतरण तो करा सकेंगे लेकिन आ नहीं सकेंगे। जिले के प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों से करीब 30 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अब तक अंतरजनपदीय तबादले के लिए आवेदन किए हैं। 9 से 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन होने थे लेकिन बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेंद्र तिवारी ने आवेदन की तारीख बढ़ाकर 15 जून कर दी। बीएसए कार्यालय के मुताबिक अब तक करीब 30 अध्यापकों ने आवेदन कर फाइलें जमा की हैं। आवेदन करने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को हार्डकॉपी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करनी होगी। बताया जा रहा है कि सूबे में 15 जिले ऐसे हैं जहां शिक्षक अपना तबादला करा सकते हैं। खास बात यह है कि इसमें कन्नौज शामिल नहीं है। इस वजह से शिक्षक-शिक्षिकाएं यहां से जा ही सकेंगे। सचिव का कहना है कि तबादले की आगे की प्रक्रिया को लेकर अलग से निर्देश दिए जाएंगे।

**चिंताजनक** — एनआरएलएम बैंक क्रेडिट लिंकेज में अंक 1 आया है और श्रेणी डी मिली

# सीएम डैशबोर्ड पर वन विभाग, पर्यटन को मिले शून्य अंक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● फैमिली आईडी में रैंक 22, बी श्रेणी और अंक मिले 6

● महिला निराश्रित पेंशन में रैंक स्थिर तो कन्या सुमंगला योजना में गिरकर 26 हुई

**अमृत विचार।** मई की जारी हुई सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) पर रैंक में कई विभागों ने लुटिया डुबो दी है। विकास महकमे से संबंधित वन विभाग व पर्यटन को 10 नंबरों में 0 अंक मिले हैं। विकास व राजस्व विभाग की संयुक्त रैंक 33वीं आई है। विकास विभाग की 45 और राजस्व की रैंक 30 आई है।

जनपद कन्नौज में बिजली विभाग के खराब ट्रांसफॉर्मर की शिकायतों में सबसे फिसड्डी प्रदेश के 5 जिलों में अपना कन्नौज सबसे नीचे है। उपलब्धि 99.89 फीसदी, रैंक 72 व अंक 10 हैं। कुल आवेदन 933 आए जिसमें 893 को अनुमोदन मिला है और 38 लंबित हैं। दैनिक बिजली आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र में रैंक 65 और अंक 5 मिले हैं। शहरी क्षेत्र की रैंक भी 65 बताई गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में रैंक 20 और अंक 10 मिले हैं। सबसे खराब हाल एनआरएलएम बैंक क्रेडिट लिंकेज में है। अंक 1 आया है और श्रेणी डी मिली है। रैंक 45 आई है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में रैंक 42 और श्रेणी बी है। अंक 7 मिले हैं। मनरेगा में रैंक 57 मिली है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग का भवन निर्माण में रैंक 50 आई है। सड़क निर्माण में 52वीं रैंक मिली है जबकि एंबुलेंस 102 में रैंक 68 और एंबुलेंस 108 में रैंक 42 आई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य में टेली रेडियोलॉजी में रैंक 7 मिली और सबसे निचले पायदान के चार जनपदों में 99.86 फीसदी उपलब्धि के साथ कन्नौज का नाम है। फैमिली आईडी में रैंक 22 आई है। बी श्रेणी और अंक 6 मिले हैं। 5वें वित्त, 15वें वित्त में रैंक भी रैंक 45 पार है। राज्य योजना में पर्यटन की डी श्रेणी और अंक 0 मिला है। फिसड्डी पांच जनपदों में कन्नौज का 61.45 फीसदी प्रगति के साथ दूसरा नंबर है। वन विभाग का रैंक 75, श्रेणी डी और अंक 0 आया है। नीचे के पांच जनपदों में कन्नौज का 97.20 फीसदी उपलब्धि है। संरक्षित निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी में 66वीं रैंक आई है। महिला निराश्रित पेंशन में रैंक अप्रैल की तरह मई में भी 28 आई है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में रैंक 21 से गिरकर 26 हो गई है। लोक शिकायत में निर्माण कार्य की रैंक 54 और श्रेणी बी है। अंक 6 ही मिले हैं। सीटी स्कैन सेवाएं, बायोमेडिकल में भी रैंक 40 पार ही हैं।



कन्नौज जिले का नक्शा। अमृत विचार

# मिनी मुख्यमंत्री कहे जाने वाले छोटे सिंह यादव का निधन

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुलायम सिंह यादव की सरकार में मिनी मुख्यमंत्री कहे जाने वाले तीन बार के पूर्व सांसद व विधायक रहे छोटे सिंह यादव का मेदांता अस्पताल में लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई।

फर्रूखाबाद जिले के गांव नगला चंपत में एक किसान परिवार में जन्में छोटे सिंह यादव ने डॉ राममनोहर लोहिया को अपना गुरू बनाते हुए सहकारिता से राजनीति का ककहरा सीखा था। वह पहली बार 1967 में जिला सहकारी बैंक फर्रूखाबाद के अध्यक्ष बने। इस पद पर लगातार 2017 तक काबिज रहे। सहकारिता में गहरी पैठ बनाने वाले छोटे सिंह यादव की मुलायम सिंह यादव से नजदीकियां बढ़ गई वह समाजवादी विचार धारा जुडे. राजनीतिक दलों के बैनर तले तीन बार सांसद चुने गए। 1996 में छिबरामऊ विधानसभा से विधायक चुने गये। उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन लोकसभा व विधानसभा में पहुंच कर अपनी अलग छवि बनाने का काम किया था। राजनीति के क्षेत्र में हनक रखने वाले नाम जरूर छोटे सिंह था लेकिन उन्होंने देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंच कर जिले का नाम रोशन किया था। वह समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य के साथ कई सालों तक पार्टी के कोषाध्यक्ष भी रहे। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश कोआपरेटिब बैंक, पीसीएफ के अध्यक्ष के साथ भारतीय रिजर्व बैंक में भी सदस्य रहे। शुक्रवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में उनके निधन से समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई।


छोटे सिंह यादव।

# रुपये दोगुना कर ठगी करने के तीन आरोपी गोवा से गिरफ्तार

## 42 मोबाइल, 83 एटीएम कार्ड, 27 सिम, 8 लैपटॉप, 24450 रुपये बरामद

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी अमृतपुर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह क्षेत्राधिकारी अमृतपुर अजय वर्मा के नेतृत्व में साइबर अपराध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहगढ़ पुलिस दोगुना रुपया का झांसा देकर ठगने वाले तीन लोगों को गोवा से गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय कुमार सिंह और क्षेत्रधिकारी अमृतपुर अजय वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी में जिगर प्रहलाद भाई ठक्कर पुत्र प्रहलाद भाई उम्र करीब 35 निवासी पालनपुर पोस्ट पालनपुर जिला बनासकठा गुजरात, वीरेन बाबू भाई पटेल पुत्र बाबू भाई पटेल उम्र 45 निवासी, उमंग हितेश भाई पटेल पुत्र हितेश भाई उम्र करीब 25 वर्ष है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 45 मोबाइल, 83 एटीएम कार्ड, 27 सिम, 8 लैपटॉप और 24450 नगद बरामद किए हैं। पीड़ित सुमित ने साइबर क्राइम को तहरीर दी थी कि उसके साथ टेलीग्राम एप के माध्यम से रुपया दोगुना होने का लालच देकर इन्वेस्ट करने के बहाने 952334 रुपए की ठगी कर ली गई है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की तो बताया कि संयुक्त रूप से टेलीग्राम एप पर लोगों को टास्क पूरा करने के एवज में ऑनलाइन फर्जी गेम खिलवाकर वेबसाइट के माध्यम से लोगों को अपने द्वारा दिए गए खातों में पैसा मांगते हैं। कुछ लोगों को थोड़ा लाभ भी दे देते हैं। वह लालच में आकर पैसा जीतने की लालसा में और अधिक ऑनलाइन पैसा लगाते हैं हम लोग जनता को पैसे का लालच देकर उनसे खाता खुलवाकर खाते से जुड़ी बैंक खाते में लगी सिम इंटरनेट बैंकिंग किट डाक से मंगा लेते हैं। किट में प्राप्त सिम में एटीएस की सहायता से हम लोग फर्जी वेबसाइट गेम और टास्क कार्ड धनराशि को घुमाते हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र तिवारी उप निरीक्षक सुबोध यादव रविंद्र प्रताप सिंह कौटिल्य अंकित आर्य आदि रहे।

# 26 उपनिरीक्षकों का किया गैर जनपद तबादला

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर सख्ती दिखाते हुए जिले में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कोतवाली फतेहगढ़ के प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उनका तबादला अपराध शाखा में कर दिया गया है।

उनकी जगह पर अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक रणविजय सिंह को नया प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेहगढ़ नियुक्त किया गया है। साथ ही कानपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक हरीश चंदर ने कानून व्यवस्था को लेकर उपनिरीक्षकों का गैर जनपद तबादला किया है। इन तबादलों में जनपद के कुल 26 उपनिरीक्षक शामिल हैं।इस फेरबदल के तहत मऊदरवाजा थानाध्यक्ष बलराज भाटी, मेरापुर थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, जहानगंज थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पटेल तथा कंपिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ कोरी का स्थानांतरण जनपद इटावा में कर दिया गया है।मेडिकल चौकी इंचार्ज सुनील कुमार सिसोदिया, जसमई चौकी इंचार्ज नरसिंह यादव और राजपूताना चौकी इंचार्ज उदयवीर सिंह यादव का तबादला कानपुर देहात, सरह चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह का स्थानांतरण औरैया तथा सेंटल जेल चौकी इंचार्ज किरण पाल नागर को भी कानपुर देहात भेजा गया है। इसके अलावा फर्रुखाबाद से कन्नौज जनपद के लिए तबादला पाने वाले उपनिरीक्षकों में प्रशांत कुमार, शंकरानंद, दीपक सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, नरेंद्र कुमार, गोपाल जी तिवारी, भभूति प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, राम लखन, शिशुपाल सिंह, हरेंद्र सिंह, राजकुमार, कीर्ति प्रकाश कनौजिया, गजराज सिंह, गोविंद सिंह, श्रीराम निरंजन एवं सुरेंद्रपाल सिंह शामिल हैं।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म के प्रयास में आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद।** कोर्ट ने दलित महिला के साथ गलत काम करने के प्रयास के मामले में देवरूप गंगवार पुत्र स्व दीनदयाल उर्फ पहलवान निवासी ग्राम सैंथरा कायमगंज को आजीवन कारावास व एक लाख पचास हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। गत दो वर्षों पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के एक ग्राम के युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि तीन अगस्त 2023 को दिन गुरुवार समय लगभग साढ़े नौ बजे मेरी पुत्री अपने घर से शौचक्रिया के लिए खेत पर गई थी तभी देवरूप गंगवार ने उसे खींचकर आम के बाग में ले गया और दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा जबकि पुत्री मानसिक रूप से पीड़ित है। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। न्यायाधीश ने देवरूप गंगवार को आजीवन कारावास और एक लाख पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### सपा नेताओं ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम सोना जानकीपुर में समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहित यादव के नेतृत्व में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सामूहिक सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं माल्यार्पण कर बच्चों तथा अभिभावकों का स्वागत किया। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन देना और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा को सम्मानित करना था।

### महिला फांसी पर झूली, हालत गंभीर

**कायमगंज।** जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर में एक महिला अपने गले में फांसी का फंदा डालकर झूल गई। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया जगन्नाथ निवासी मंजू (35) पत्नी रोहित संदिग्ध हालत मे गले में फंदा डालकर फांसी पर झूल गयी। यह देख कर परिजनों में हड़कंप मच गया। और आनन-फानन में परिजनों ने महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



शहर की सड़कों पर भरा पानी।

# तेज हवा के साथ बारिश से राहत के साथ आफत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** चिलचिलाती धूप और गर्मी के बाद दोपहर बाद तेज़ हवा के साथ बारिश और मुरास कन्हैया गांव के आसपास ओला गिरने से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली लेकिन थोड़ी देर की बारिश में ही नगर पालिका की पोल कुल गई। जगह जगह जलभराव से लोगों को परेशानी हुई। कुछ देर बाद पानी और ओला गिरना तो बन्द हो गया लेकिन हवाएं चलती रहीं।

भीषण गर्मी झेलने के बाद शुक्रवार को बारिश हुई इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया। इससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना किया। वहीं बारिश से फसलों को फायदा हुआ है। विगत दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है।

शहर में जगह-जगह जलभराव के कारण सड़कों पर जाम लग गया। वाहन रेंगते नजर आए। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# भाकियू स्वराज ने समस्याओं को लेकर ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने प्रदेश सचिव मुन्ना लाल सक्सेना के नेतृत्व में विभिन्न जन समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक 13 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

ज्ञापन मे कहा है कि जनपद फर्रुखाबाद की तहसील कायमगंज के गांव बहवलपुर मिस्तनी से लेकर गंगा ढाईघाट तक गंगा नदी के दक्षिणी किनारे बाढ़ के पानी को रोकने के लिए बंधा बनवाया जाए। जिससे किसानों की फसलें बाढ़ के पानी से बर्बाद ना हों। किसानों के द्वारा उत्पादित फसलों का लागत मूल्य से दो गुना एमएसपी निर्धारित किया जाए। फसलों की निर्धारित एमएसपी पर 25% तक बोनस दिया जाये। कृषि यंत्रों पर जीएसटी समाप्त की जाए। किसानों को सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली 20 घंटे दी जाए।

नहरों में पानी प्रारंभ से लेकर अंतिम छोर तक छोड़ा जाए। स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर करने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी प्राइवेट अस्पतालों की जांच कराएं। कायमगंज नगर में नकली दवाओं की बिक्री हो रही है। ऐसी दवाएं कायमगंज के डॉक्टर भी लिख रहे हैं जिससे मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है। कमीशन के लालच में व्यापार फल फूल रहा है जांच कराई जाए। पुलिस, लेखपाल शिकायतकर्ता की नहीं सुन रहे हैं झूठी रिपोर्ट लगाकर सरकार को गुमराह कर रहे हैं। शिकायतों का निवारण नहीं किया जा रहा है। भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। कस्बा कायमगंज में विद्युत आने-जाने का कोई समय नहीं है। लाइनमैन जब चाहते हैं तब शट-डाउन ले लेते हैं। जिससे रोस्टर के अनुसार बिजली नहीं मिलती।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**उरई।** कैलिया थाना क्षेत्र के सुनाया गांव के बाहर शुक्रवार की सुबह पेड़ से लटका युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुनाया गांव के बाहर शुक्रवार की सुबह लोग मार्निंग वॉक पर निकले थे। उन्होंने बबूल के पेड़ से एक शव लटकता देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना कैलिया पुलिस ने जानकारी ली और पेड़ से लटक रहे शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान करानी शुरू कर दी। पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद मृतक की पहचान गांव के ही निवासी जितेन्द्र राजपूत 27 वर्ष के रूप में हुई। उधर खबर मिलते ही परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए।

# कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत

संवाददाता कालपी जालौन

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजघाट में शुक्रवार को घर में रखे कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से एक मासूम की मौत हो गई।

नगर के मोहल्ला राजघाट निवासी भरत पांडेय की पांच वर्षीय पुत्री कौशकी घर के आंगन में भाई पार्थ के साथ खेल रही थी। इसी दौरान भाई घर के बाहर चला गया और कौशकी भी कमरे में जाने लगी। तभी उसने कूलर में हाथ लगा दिया। जिससे वह कूलर में उतरे करंट की चपेट में आ गई और बेसुध होकर वहीं गिर गई। जब पिता भरत पांडेय कमरे से बाहर निकले तो उन्होंने पुत्री को कूलर के पास बेहोश पड़ा देखा तो उन्होंने कूलर बंद किया और पुत्री को तुरंत इलाज के लिए सीएचसी ले गए। वहां पर जांच पड़ताल के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि पिता ने पुलिस को बगैर सूचना दिए ही पुत्री का शव घर ले आए और उसका दाह संस्कार कर दिया है।

**खेत से तार व इंगल काटने से 5 पर मुकदमा : कालपी।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोल्हूपुर के एक खेत से तार इंगल काटने का आरोप लगाते हुये खेत स्वामिनी महिला ने 5 नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

भूरी देवी ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराया है कि प्रार्थिनी के खेत में तार इंगल लगे हुए थे। आरोपियों पियूष पुरवार, बंटाईदारों संतोष कुमार, राकेश कुमार, बीरेंद्र व लक्ष्मीनारायण ने प्रार्थिनी के 10 इंगल तथा तार काटकर चोरी कर लिया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सभी पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## हत्यारोपी को उम्र कैद की सजा

**उरई।** न्यायालय में ट्रायल पर चल रहे चार वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता ब्रजराज सिंह ने बताया कि कदौरा थाना क्षेत्र के चतेला गांव का मामला है। यहां का निवासी अमीर हमजा बीती 5 अप्रैल 2021 को गांव के ही अमजद की दुकान पर गया था। जहां से वह सामान लेकर घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में राशिद पुत्र इब्राहिम ने तमंचे से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसे दो दिन बाद गांव के ही ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताया कि आरोपी मृतक पर एक अन्य मामले में समझौते का दबाव बना रहा था। समझौता न करने पर आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया था। करीब चार साल चले इस मामले में शुक्रवार को एससी/एसटी कोर्ट के जज सुरेश कुमार ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

धर पकड़ | जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने एआरटीओ कार्यालय किया निरीक्षण

# एआरटीओ कार्यालय से दो संदिग्ध दबोचे

कार्यालय संवाददाता उरई



निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय के बाहर स्थित कैफे सेंटर का शटर बंद कर कुछ लोग भाग निकले। मौके पर मौजूद नगर मजिस्ट्रेट और एसएचओ ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। वहीं जिलाधिकारी ने पकड़े गये संदिग्धों पर उचित व कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने प्रवर्तन शाखा, कैश काउंटर, वाहन पंजीयन काउंटर, कॉमर्शियल सेक्शन और ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पटलों पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए और बार-बार आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों व दलालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं कार्यालय आकर अपने कार्य करायें और किसी भी दलाल के झांसे में न आएं। यदि कोई व्यक्ति कार्य के नाम पर पैसे की मांग करता है तो उसकी शिकायत कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नंबर 05162-257090 पर दर्ज कराएं। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कार्यालय के बारे में कोई गलत जानकारी मिलती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार आदि रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

संख्या- 311/DA-05/नि0सू0(2025-26) दिनांक- 12/06/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित प्रस्तावित निर्माण कार्यो को कराये जाने सम्बन्धी निविदायें दिनांक 21/06/25 समय दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में निर्धारित शुल्क जमा करके क्रय की जा सकती हैं जो दिनांक 23/06/25 समय 02.00 बजे तक टेण्डर बक्सक्स में डाली जायेंगी। डाली गई निविदायें सक्षम अधिकारी एवं टेण्डरदाताओं के समक्ष उसी दिन सायं 04.00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद में खोली जायेंगी। सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में सुरक्षित होगा जिसमें किसी प्रकार का वाद विवाद मान्य नहीं होगा। निविदा डालने की दिनांक को यदि कोई अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगली तिथि को डाली व खोली जायेगी। अन्य शर्तें आदि नगर पालिका गुरसहायगंज कार्यालय में देखी-पढ़ी जा सकती हैं।

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | अग्रिम जमानत 10 प्रतिशत | निविदा शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मो0 किदवई नगर में चन्द्रमान के मकान से मुकेश के मकान तक सीसी रोड व नाली मरम्मत कार्य। | 1.08 | 10800.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 2 | वार्ड नं0 1 में सत्यप्रकाश के मकान से सीटू के मकान तक सीसी सड़क व नाली मरम्मत कार्य। | 1.19 | 11900.00 | 649.00 | 30 दिवस |
| 3 | वार्ड नं0 01 में निर्मल चतुर्वेदी के मकान से शंकर राजपूत के मकान तक सीसी सड़क व नाली मरम्मत कार्य। | 1.30 | 13000.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 4 | वार्ड नं0 01 में प्रेमचन्द्र के मकान से मुकेश दोहरे के मकान तक सीसी सडक व नाली मरम्मत कार्य। | 2.20 | 22000.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 5 | वार्ड नं0 02 में राजेश दुबे के मकान से रामानन्द गुप्ता के मकान तक सीसी सड़क व नाली मरम्मत कार्य। | 4.51 | 45100.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 6 | वार्ड नं0 18 में नीरज कुशवाह के मकान से फिरोज के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत कार्य। | 2.81 | 28100.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 7 | मो0 किदवई नगर में बड़े नाले पर आर0सी0सी0 पटिया, आर0सी0सी0 कालम तथा आर0सी0सी0 बीम ढलाई का कार्य। | 3.61 | 36100.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 8 | मो0 रामगंज में कुलदीप गुप्ता के मकान से विवेक के प्लाट तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत कार्य। | 2.91 | 29100.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 9 | मो0 रामगंज में कल्लू गुप्ता के मकान से सुबोध के मकान तक व राजकुमार से पी0डी0 विश्वकर्मा के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत कार्य। | 4.06 | 40600.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 10 | मो0 सुभाष नगर में विजय कुमार के मकान से कल्लू के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत कार्य। | 1.36 | 13600.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 11 | मो0 अफसरी टंकी परिसर में टीनशेड डालने का कार्य। | 3.87 | 38700.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 12 | नलकूप नं0 07 पर जनरेटर का फाउण्डेशन का निर्माण कार्य। | 1.54 | 15400.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 13 | नलकूप नं0 08 पर जनरेटर का फाउण्डेशन का निर्माण कार्य। | 1.54 | 15400.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 14 | नलकूप नं0 09 पर जनरेटर का फाउण्डेशन का निर्माण कार्य। | 1.54 | 15400.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 15 | नलकूप नं0 10 पर जनरेटर का फाउण्डेशन का निर्माण कार्य। | 1.54 | 15400.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 16 | नलकूप नं0 11 पर जनरेटर का फाउण्डेशन का निर्माण कार्य। | 1.54 | 15400.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 17 | नलकूप नं0 12 पर जनरेटर का फाउण्डेशन का निर्माण कार्य। | 1.54 | 15400.00 | 679.00 | 30 दिवस |

**शर्तें/प्रतिबन्ध-**

1. कार्य की गुणवत्ता सही न होने पर जमानत धनराशि को जब्त करते हुये कार्यवाही की जायेगी।
2. निविदा क्रय किये जाने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार को जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. निविदा शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100026611 में जमा करना होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में देय होगा। इसके अतिरिक्त निविदा शुल्क पालिका में नकद भी जमा कर सकते हैं।
4. निविदा के साथ 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी के रूप में देय आर0टी0 जी0एस0 के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100026611 में जमा करना अनिवार्य होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में बन्धक होगा। इसके अतिरिक्त अर्नेस्ट मनी कार्यालय में नकद भी जमा कर सकते हैं।
5. जो भी ठेकेदार निविदाएं क्रय करेगा उसकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त स्वतः घोषणा पत्र 210.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करा कर पालिका द्वारा उपलब्ध घोषणा पत्र भरकर देना अनिवार्य होगा।
6. आयकर, व्यापारकर में पंजीकरण का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
7. अर्नेस्ट मनी के बिना निविदा मान्य नहीं होगी।
8. निर्माण कार्य हेतु निविदाता को कार्य योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ उसके शासनादेश संख्या-1139/नौ-9-21-45ज/21 दिनांक 30 जून 2021 में वर्णित SOP के अनुसार कार्य सही होने की स्थिति में जमानत धनराशि कार्य पूर्ण होने के 01 वर्ष बाद वापस की जायेगी।
9. यदि यह बात संज्ञान से आयेगी कि ठेकेदार माफिया, असामाजिक संगठनों तथा संगठित अपराध से सम्बन्धित है, तो कारण बाताओ नोटिस के पश्चात् ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। जिसका उत्तर दायित्व ठेकेदार का होगा।
10. उपरोक्त से सम्बन्धित विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय कन्नौज होगा।

(अनिल कुमार)
अधिशाषी अधिकारी

(मुन्नी देवी)
अध्यक्ष

# 12 माह से कम न हो एग्रीमेंट

## मकान मालिक व किरायेदारों के मध्य एग्रीमेंट कराया जाना आवश्यक : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियम विधेयक-2021 के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने बताया गया कि भवन सम्बन्धी 60 वाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय में विचाराधीन है, जिसका निस्तारण अपर जिलाधिकारी द्वारा शीघ्र किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि मकान मालिकव किरायेदारों के मध्य एग्रीमेण्ट कराया जाना आवश्यक है तथा उक्त एग्रीमेण्ट 12 माह की अवधि से कम न किया जाए। मकान मालिक व किरायेदारों के मध्य हुए एग्रीमेण्ट की एक प्रति अपर जिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय में जमा करना भी आवश्यक है। मकान मालिकों व किरायेदारों के मध्य विवाद होने की स्थिति में अपर जिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय में अपना वाद योजित कर अनुतोष प्राप्त कर सकते हैं।



मातहतों को दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल।

● किरायेदारी विनियम विधेयक-2021 के सम्बन्ध में हुई समीक्षा बैठक

एग्रीमेण्ट न होने की दशा में मकान मालिक व किरायेदार उक्त अधिनियम का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे। बैठक में संदीप कुमार श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अनुराग दुबे , शैलेन्द्र सिंह राठौर, अरविन्द कुमार शर्मा अपर जिलाधिकारी, श्याम सुन्दर , राजेश कुमार सरोज, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों ने डीएम का आभार जताया

**इटावा।** चौबिया क्षेत्र के किसानों ने शुक्रवार को जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल से उनके कार्यालय में मुलाकात की और नदी की सफाई शुरू कराने पर आभार जताया। चौबियाक्षेत्र के गांव मूंज के अलावा अन्य किसानों ने जिला अधिकारी के द्वारा लगाई चौपाल के दौरान कहा था कि अहनैया व पुरहा नदी की सफाई न होने से बरसात के दिनों में पानी भर जाता है जिससे फसलें बर्बाद हो जाती हैं। किसानों की समस्याओं को देखते हुए डीएम ने अधिशासी अभियंता को सफाई कराने के निर्देश दिए थे। डीएम के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने नदियों की सफाई शुरू करा दी। इस पर किसानों ने बलराम सिंह के नेतृत्व में जिला अधिकारी से भेंट कर उन्हें धन्यवाद दिया। किसानों ने कहा कि उनके आदेश से नदी की सफाई होने से उनकी फसलें बच जाएंगी।

## फंदे पर झूला युवक फंदा खुलने से बच गई जान, भर्ती

**भरथना ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलहौसी में शुक्रवार की सुबह एक युवक ने चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली लेकिन वह खुशकिस्मत वाला रहा कि फांसीका फंदा समय रहते खुल गया जिससे उसकी जान बच गई। युवक को परिजनों के द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया है कि उक्त गांव निवासी नवीन चंद कठेरिया के पुत्र रजनीश कठेरिया ने किसी बात से नाराज होकर कमरे के सभी दरवाजे बंद कर चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। लेकिन रजनीश ने जिस चादर से फांसी का फंदा लगाया था, वह फंदा खुल गया जिससे फांसी पर झूल रहा रजनीश अचेत अवस्था में जमीन पर गिर गया। परिवार के लोग दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो रजनीश अचेत अवस्था में पड़ा मिला । परिजनों के द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# डीआईजी ने प्रशिक्षण केंद्र व नियुक्ति पत्र वितरण की व्यवस्थाओं को परखा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, ने एसएसपी तथा अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ सुदिति ग्लोबल एकादमी में पहुंचकर आगन्तुक आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम व्यवस्था एवं रिजर्व पुलिस लाइन में आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु जेटीसी/आरटीसी की तैयारी के सम्बन्ध में चल रही व्यवस्थाओं को परखा और वहां पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया।

पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर हरीश चन्दर के इटावा पहुंचने पर एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों उनका स्वागत किया । उसके बाद उन्हें सलामी दी गयी। डीआइजी ने एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव तथा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सुदिति ग्लोबल एकादमी में पहुंचकर आगन्तुक आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।



निरीक्षण करते डीआईजी हरीश चन्दर। अमृत विचार

● सुदिति ग्लोबल एकेडमी में होगा कार्यक्रम का आयोजन

उन्होंने आरक्षी ना.पु. सीधी भर्ती 2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु जेटीसी/ आरटीसी की तैयारी के सम्बन्ध में पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरक, मेस, जिम, शौचालय, पीटी ,गोदाम, क्लास रूम, आरओ वाटर इत्यादि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही आरटीसी परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण कि लिये भी निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले प्रशिक्षार्थियों को किसी भी प्रकार समस्या नहीं होनी चाहिये। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया।

# संदिग्ध कोरोना महिला मरीज मिलने से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के आइसोलेशन वार्ड में एक 59 वर्षीय महिला मरीज को गंभीर स्थिति में भर्ती किया गया है। महिला की पूर्व जांच रिपोर्ट कानपुर के एक निजी अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी। यहां उसे कोविड संदिग्ध मानते हुए इलाज शुरू किया गया है। विश्वविद्यालय में दोबारा उसका सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

यह महिला मरीज लंबे समय से टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित हैं। परिजनों के अनुसार, उन्हें सात दिन पहले पेट में दर्द हुआ, इसके बाद लगातार बुखार और कमजोरी बनी रही। बीते दो दिनों से सांस लेने में परेशानी बढ़ने पर उन्हें सैफई रेफर किया गया। विश्वविद्यालय में कराए गए छाती के एक्स-रे में दोनों फेफड़ों में गंभीर निमोनिया (बाइलेटरल इंटरस्टीशियल निमोनिया) की पुष्टि हुई है। चिकित्सकों के मुताबिक, मरीज को अनियंत्रित डायबिटीज, डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी निमोनिया और एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम की समस्या है। फिलहाल वह आइसोलेशन वार्ड में भर्ती हैं और दवाओं के जरिए इलाज जारी है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी सिंह ने बताया, "मरीज की हालत गंभीर है और उसे कोविड संदिग्ध मानकर इलाज किया जा रहा है। रिपोर्ट आने तक सभी सतर्कताएं बरती जा रही है।

● फेफड़ों में फैला गहरा संक्रमण, हालत गंभीर

# तापमान 42 डिग्री, फीलिंग 48

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** इस सप्ताह की शुरुआत 44 डिग्री तापमान से हुई थी जो अब 42 डिग्री पर है लेकिन समस्या यह है कि 42 डिग्री के तापमान में 48 डिग्री जैसे तापमान की फीलिंग हो रही है। इसके कारण लोग बेचैन हैं और गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। दोपहर के समय तो बाहर निकलना मुश्किल है। यही कारण है कि सड़कों पर दोपहर को लोग दिखाई नहीं देते।

पिछले दिनों की तरह शुक्रवार को भी गर्मी सुबह से ही अपने तीखे तेवर दिखा रही थी, जिसके चलते लोग काफी परेशानी महसूस कर रहे थे। धीरे-धीरे तापमान बढ़ता गया हालांकि धूप ज्यादा तेज नहीं थी, हल्के बादल थे लेकिन गर्मी में कोई कमी नहीं थी। दोपहर 2 बजे तापमान बढ़कर 42 डिग्री पर पहुंच गया लेकिन उस समय ऐसा लग रहा था कि जैसे तापमान 48 डिग्री हो। ऐसे में लोग बेचैन रहे और गर्मी से बचने के प्रयास करते रहे। कार्यालयों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। पहले लोग गर्मी से बचने के प्रयास करते हैं फिर कामकाज करते हैं। इससे लोगों की कार्य क्षमता पर भी असर पड़ रहा है।



भीषण गर्मी के कारण चेहरे ढककर निकलती महिलाएं ।

आमतौर पर रात के समय इतनी गर्मी नहीं रहती है लेकिन पिछले दिनों से जिस तरह से मौसम चल रहा है उसमें रात के समय भी गर्मी में कोई कमी नहीं आती। जानकारों का कहना है कि अभी जल्दी ही इस मौसम में परिवर्तन की उम्मीद भी नहीं है। यह माना जा रहा है कि गर्मी के कारण कार्य क्षमता पर भी सीधा-सीधा असर पड़ रहा है। कचहरी और विकास भवन में अपनी समस्याएं लेकर आने वाले फरियादियो की संख्या भी कम हो गई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक हुआ घायल ,भर्ती

**इकदिल।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर मानिकपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पर डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है।

शहर में थाना सिविल लाइन आरटीओ ऑफिस अड्डा पीपल निवासी संजीव कुमार का 24 वर्षीय बेटा अभिषेक गुरुवार देर शाम को बाइक से घर जा रहा था तभी मानिकपुर मोड़ के पास कोई अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। राहगीरों ने घायल अवस्था में पड़े युवक को देखा तो एम्बुलेंस को फोन किया। घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## सार-संक्षेप

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, मामा घायल

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र निवासी सराय जलाल संजू उर्फ सुनील 40 गुरुवार को अपने मामा अवधेश निवासी उदी मोड़, बढ़पुरा) के साथ बिठौली थाना क्षेत्र के गौरन का पुरा स्थित ससुराल गया था रात में दोनों बाइक से घर लौट रहे थे कि पिपरोली गढ़िया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। सहसो थाना पुलिस ने दोनों को तत्काल सीएचसी राजपुरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने संजू उर्फ सुनील को मृत घोषित कर दिया, जबकि मामा अवधेश का इलाज जारी है। परिजनों के मुताबिक, संजू इलेक्ट्रिशियन का काम करता था और छह महीने पहले उसकी पत्नी ममता की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। संजू की मौत की खबर मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटे और एक बेटी को छोड़ गया है।

### गुरु हरगोविंद साहिब के प्रकाश पर्व पर अखंड पाठ

**इटावा।** सिखों के छठवें गुरु हरगोविंद साहिब के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब में अखंडपाठ व शबद कीर्तन, लस्सी, मिस्सी रोटियों प्याज मक्खन और लस्सी प्रसाद के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हरजीत सिंह कालड़ा ने कहा कि पहले सिख धर्म भक्ति व सेवा पर आधारित था लेकिन गुरु हरगोविंद साहिब ने नाम जपना, लंगर चलाना, सेवा करना के साथ इसमें सैनिक शिक्षा को जोड़ना अनिवार्य किया और कहा कि धर्म की रक्षा के लिए सैनिक शिक्षा अर्थात शक्ति की महती आवश्यकता होती है, तभी व्यवस्था बनाना संभव है। उन्होंने कहा गुरुद्वारा की विशेषता है कि यहां आकर जिसने जो अरदास की उसकी सारी मनोकामना पूर्ण हुई। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान तरन पाल सिंह कालरा ने गुरु हरगोविंद साहिब के प्रकाश पर्व पर सभी को बधाई दी और सभी संगत के सहयोग के लिए आभार जताया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरदीप सिंह व किशन सिंह व स्त्री सत्संग की अगुआई में सुखमनी साहिब के पाठ की लड़ी का समापन किया। गुरुद्वारे में बच्चों ने सामूहिक सबद गाकर सभी का दिल जीता। इस मौके पर मनदीप सिंह कालड़ा,चरणजीत सिंह,राजा साहनी खजांची व रिंकू मोगा राजू गुलाटी ने भी प्रकाश पर्व पर सभी संगत की सेवा और व्यवस्था संचालन का कार्य किया।

### शौचक्रिया को घर से निकला किशोर हुआ लापता

**ताखा।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेलाहार नगरिया यादवान के मजरा नगला सती में गुरुवार की सुबह शौचक्रिया को घर से निकला किशोर लव कुमार 13 वर्ष पुत्र राज कुमार उर्फ सुनील यादव लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चल सका। सुनील यादव पुत्र महेश चंद यादव ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका इकलौता बेटा लव कुमार रोज की तरह शौचक्रिया को निकला था। कुछ ग्रामीणों ने बेटे को गांव के समीप बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे स्थित एक पुलिया पर बैठे दातून करते देखा था। काफी देर तक बेटे के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने सभी जगह तलाश की लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने अपहरण होजाने की आशंका व्यक्त की है।

## नाले में मिला अज्ञात युवक का शव

**इकदिल ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सावित्री कोल्ड स्टोरेज के सामने स्थित नाले में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला।

शुक्रवार की सुबह लोग जब उधर से गुजरे तो उन्होंने एक युवक को नाले मे पड़ा देखा। शव पड़े होने की जानकारी पर आसपासके लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। । शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकालकर पंचनामा भरने के बाद मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय ने बताया कि देखने से ऐसा लग रहा है कि बॉडी एक दो दिन पुरानी है, मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष रहै। मृतक के पास से एक की पैड मोबाइल मिला है लेकिन वह बंद हालत में है। ऐसा लग रहा है कि पास में शराब की दुकान है तो शराब के नशे में नाले में गिरने से मौत हुई है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

# चकरोड और श्मशान की भूमि खाली कराई

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे श्रावस्ती मॉडल के तहत नगला लछी, कौआ व कुरखा गांवों में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को तीनों गांवों में पहुंचकर शमशान, नाली और चकमार्ग की लगभग बीस बीघा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

इस अभियान के दौरान राजस्व निरीक्षक रघुराज सिंह, रामगोपाल, लेखपाल अरुण यादव, राजेश यादव, कुलदीप व शिवम ने ग्रामीणों को श्रावस्ती मॉडल की जानकारी दी और सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा न करने की सख्त हिदायत दी। बताया गया कि उक्त जमीनें राजस्व अभिलेखों में शमशान, नाली व चकमार्ग के रूप में दर्ज थीं, लेकिन कई वर्षों से कुछ लोगों द्वारा इन पर खेती की जा रही थी या निजी उपयोग में ले ली गई थीं। इससे ग्रामीणों को शमशान पहुंचने, रास्ते के उपयोग और जल निकासी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर मुनादी कराकर कब्जा हटवाया और जेसीबी मशीन से जमीन को मूल स्वरूप में बहाल किया। तहसीलदार जावेद अंसारी ने चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा जसवंतनगर क्षेत्र के गांव धनुआ व महलई में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने अभियान चलाया। तहसीलदार दिलीप कुमार और धनुआ में नायब तहसीलदार नेहा सचान के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध निर्माणों को हटवाया और कब्जा किए गए हिस्से को खाली कराई।खाली कराई गई भूमि को पुनः राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की।

एसडीएम कुमार सत्यम जीत ने कहा कि सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी

## जहाज हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के हॉल में अहमदाबाद में हुई वायुयान दुर्घटना में मारे गए सभी यात्रियों व डॉक्टर्स व क्रू मेंबर्स व वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वेश पाठक के असामयिक निधन पर शोक सभा हुई ।

मनोज दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि डीबीए हाल में एक शोकसभा हुई जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वेश पाठक के असामयिक निधन पर तथा अहमदाबाद में हवाई जहाज के क्रैश होने पर उसमें मारे गए यात्रियों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। सभा का संचालन महामंत्री देवेंद्र सिंह पाल ने किया तथा अध्यक्षता अनिल कुमार गौर द्वारा की गई। शोक सभा में राजेश त्रिपाठी, संतोष चौहान, प्रवल प्रताप सिंह, अवनीश यादव, रूपेन्द्र चौहान, हरबिलास, विद्याराम भारती, विमल तिवारी, संदीप अग्रवाल शिवम सेंगर अतुल श्रीवास्तव साक्षी शर्मा, हंसमुखी, नितिन तिवारी, निशांत पोरवाल, देवेंद्र मिश्रा आदि मोजूद रहे।

# गैंगस्टर में वांछित 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** जसवंत नगर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कटेखेडा के पास से गैंगस्टर में वांछित 25 हजार रुपया के इनामी बदमाश की गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे तभी उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि गैंगस्टर के मामले में वांछित 25 हजार रुपया का इनामी बदमाश किसी काम से इटावा आया हुआ है। वह कटेखेडा के पास मौजूद है। वह भागने की फिराक में है। इस सूचना पर उन्होंने अपनी टीम के साथ पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम कौसर पुत्र तरब खां निवासी ठिरिया निजामत खां थाना कैंट बरेली बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया



इनामी बदमाश के साथ पुलिस ।

कि उसके खिलाफ जसवंत नगर थाने में गोवंश अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम में तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में पुलिस ने उसक खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। गैंगस्टर के मामले में वह फरार चल रहा है, जिस कारण से पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपया का इनाम घोषित किया था। उस पर फतेहगढ़ के अलावा इटावा में जिले में आधा दर्जन मामले दर्ज है। पुलिस ने बताया कि वह शातिर अपराधी है जो कि पुलिस के लिये चुनौती बना हुआ था। अब उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

दिये निर्देश | राज्य महिला आयोग की सदस्य ने पीड़ित महिलाओं की सुनीं समस्याएं

# सभी कार्यालयों में शिकायत पेटी अवश्य लगायें

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान एवं सदस्य पूनम द्विवेदी ने सिंचाई गेस्ट हाउस में जनसुनवाई की ।

बैठक में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन को लेकर उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम चौपाल लगाकर योजना का प्रचार-प्रसार करें। वृद्धावस्था पेंशन का सर्वे कराकर जरूरतमंद महिलाओं को योजना का लाभ अवश्य दें। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में शिकायत पेटी अवश्य लगाई जाए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि शादी अनुदान योजना को लेकर लाभार्थियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में मरीजों को सारी सुविधाएं दी जाएं एवं उनको बाहर से दवा न लिखी जाए। उन्होंने बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में प्रत्येक शौचालय में वेंडिंग मशीन अवश्य लगाई जाए एवं सभी शौचालयों में महिला कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने जिला दिव्यांगजन अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी जरूरतमंद को दिव्यांग उपकरण दिए जाएं। उन्होंने कहा कि वन स्टाप सेंटर पर बाउंड्रीवॉल अवश्य बननी चाहिए।

जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एक शिकायत का निस्तारण किया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तरण किया जाए। सुनवाई के दौरान सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।



महिला की समस्याएं सुनतीं महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान।

### पत्रकारों से की बातचीत

**इटावा।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बहन-बेटियों के मान सम्मान को बनाये रखने के लिए उनकी सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर का संचालन कर रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी महिला एवं बालिका के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो वह बे-झिझक इन टोल फ्री नम्बर का उपयोग कर शिकायत कर सकती हैं। यदि उनको समय से न्याय नहीं मिलता है तो वे राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, सीओ जसवन्तनगर आयूषी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार शशि, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खड़े डंपर में बाइक भिड़ी दंपती घायल

**बकेवर।** शुक्रवार की सुबह आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर बकेवर बाईपास पर सड़क किनारे खराब खड़े डंपर में बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार दिल्ली से राठ हमीरपुर जा रहे थे। दीपक कुमार पुत्र लाला राम अपनी पत्नी ज्योति के साथ बाइक से दिल्ली से राठ हमीरपुर अपने घर जा रहे थे। सुबह करीब चार बजे जैसे ही उनकी बाइक आगरा कानपुर नेशनल हाइवे पर बकेवर बाईपास पर पहुंची। बकेवर बाईपास पर केला प्लांट से पहले ही सड़क पर खराब होने से खड़े डंपरमें पीछे से जा भिड़ी जिससे बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल गये।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं राम गोपाल पुत्र रघुराज, निवासी- ग्राम रामगढ़ा, मजरा-कठवारा, थाना व तहसील-बख्शी का तालाब, जिला-लखनऊ। मेरा पुत्र राजकुमार पुत्र राम गोपाल बहुत ही नशेड़ी प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा आये दिन मुझसे व परिवार के सदस्यों से मारपीट- लड़ाई, झगड़ा किया करता है, उक्त कृत्य में मेरी पुत्रवधू वैष्णवी पत्नी राजकुमार भी पुत्र का साथ देती है। अतः मैं अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र राजकुमार व पुत्रवधू वैष्णवी को उनके कृत्यों से तंग आकर बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र द्वारा अगर कोई भी असामाजिक कृत्य किया जाता है व किसी भी प्रकार का अपराध करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी इनकी होगी। मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **दिनेश कुमार पुत्र रघुनन्दन, निवासी-फूलबाग कालोनी, कुर्सी रोड, गुडम्बा, लखनऊ** का हूँ, मेरी पुत्री सृष्टि कश्यप है, जिसकी जन्म तिथि 15/11/2010 है। मेरी पुत्री की टी.सी. में उसका नाम त्रुटिवश सृष्टि (Sristi) अंकित हो गया है, क्योंकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भी उसका नाम सृष्टि (Sristi) ही अंकित था, जब कि उसका पूरा एवं वास्तविक नाम सृष्टि कश्यप (Shristi Kashyap) है। यह कि सृष्टि व सृष्टि कश्यप दोनों एक ही महिला अर्थात मेरी पुत्री के ही नाम है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दिलीप कुमार का चाल-चलन ठीक नहीं है। उसे हम अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। **अवधेश पुत्र आदित्य प्रसाद व संगीता पत्नी अवधेश निवासी चौदहा मेटुकहा थाना कटरा बाजार तहसील करनैलगंज जिला गोंडा**

**सूचना**

यह कि मेरे पुत्र अरविंद कुमार व उसकी पत्नी संगीता का चाल चलन व्यवहार सही न होने कारण सभी प्रकार के पारिवारिक संबध विच्छेद कर दिए है। उन लोगो द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी व मेरे अन्य परिजन की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **मातादीन पुत्र गंगादीन निवासी हरिहरपुर डेरा थाना तिर्वा जन. कन्नौज**

**सूचना**

यह कि मेरे पुत्र अमित ऊर्फ बउआ का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए। अब उसके द्वारा किए गए किसी कार्य से मेरी व मेरे परिजनो की नही होगी। वह अपने सभी कार्य का स्वंय जिम्मेदार होगा। - **सुरेंद्र कुमार पुत्र गंगाचरन निवासी सिमुआंपुर थाना ठठिया जन. कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्यामसुन्दर साहू पुत्र शिवसहाय निवासी म0न0 4/10/22 साहबगंज थाना कोतवाली नगर तहसील सदर, जिला अयोध्या** मेरा तीसरे नम्बर का पुत्र रितेश साहू व उसकी पत्नी प्रीती साहू का आचार विचार व व्यवहार मेरे व अन्य परिजनों के प्रति काफी कूरतापूर्ण रहा है वह मुझे तथा अन्य परिजनों को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहते है मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। अतः अपने उक्त पुत्र रितेश साहू व उसकी पत्नी प्रीति साहू के कूरता पूर्ण आचार व्यवहार से व्यथित होकर दोनों लोगों को अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। अगर वह लोग मेरी चल व अचल सम्पत्ति से किसी भी प्रकार का लेन देन अथवा कोई लिखा पढ़ी करते है तो शून्य समझा जायेगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शपथी के पुत्र रितेश साहू व बहू प्रीती साहू की होगी मेरा कोई लेना देना नहीं होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैं सरोज द्विवेदी पत्नी रविंद्र कुमार द्विवेदी, निवासी- 68 मो.रामघाट पो. शहर व जिला अयोध्या मै. अवध होटल ग्राम माझा बरहटा परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या में साझेदार थी। व्यक्तिगत कारणों से अवध होटल से स्वेच्छा से दिनांक 10 जून 2025 से अलग हो गई हूं एवं श्रीमती सोनपती देवी पत्नी ज्ञानचंद द्विवेदी निवासी-68 मो. रामघाट पो. शहर व जिला अयोध्या उपरोक्त फर्म की एक अन्य साझीदार थी जिनका निधन दिनांक 8 मई 2021 हो गया है। हम उपरोक्त दो साझीदारों का कोई अंश उक्त अवध होटल से बकाया नहीं है।

# हाईवे पर बने अवैध कट, कागजों में दिखाए बंद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सरकारें करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बायां कर रही है। औरैया और इटावा शहर के मध्य नेशनल हाईवे पर दर्जनों अवैध कट खुले हुए हैं। अवैध कट खुले होने के चलते लोगों की जान जोखिम में है। सड़क हादसों को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार बहुत प्रयास कर रही है। जिसके लिए जनपद में प्रत्येक माह सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होती है।

बैठक के जरिए विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों से चर्चा कर आगे की रणनीति बनाई जाती है। किस प्रकार सड़क हादसों को कम किया जाए और ब्लैक स्पॉट को चिह्नित किया जाए। नेशनल हाईवे पर खुले अवैध कटों को बंद किया जाए। लेकिन सरकार के निर्देशों के ठीक विपरीत प्रतिमाह होने वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कागजों तक सीमित रह गई है।

औरैया और इटावा के बीच हाईवे पर अवैध कट खुले हुए है। लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा दावा किया जा रहा है कि अवैध कट बंद हो चुके है। लेकिन यह कट अभी भी खुले हुए हैं। इन अवैध कटों से अक्सर बाइक और साइकिल सवार निकल आते है। जिसके चलते नेशनल हाईवे पर चलने वाले वाहन असंतुलित हो जाते हैं। जब इस विषय पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से सवाल किया गया तो जवाब मिला जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




जान खतरे में डालकर हाईवे पार करता साइकिल सवार वृद्ध, हाईवे पर बना अवैध कट। अमृत विचार

> हाईवे पर बने अवैध कटों को बंद करा दिया गया है। सड़क सुरक्षा सीमिति की बैठक में हादसों पर रोक लगाये जाने पर चर्चा होती है। अगर कहीं पर अवैध कट खुले हैं, तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बाद उन्हें बंद कराया जाएगा।
>
> – अशोक कुमार, सीओ

### साइकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित हुई थी कार

अजीतमल क्षेत्र के अंतर्गत फुटेकुआ चौराहे पर अचानक अवैध कट से एक साइकिल सवार आ जाने से एक मई को मैनपुरी से कानपुर जा रहे बारातियों की कार साइकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित हो गई। और डिवाइडर से जा टकराई। जिससे कार सवार तीन लोग घायल हो गए थे। लेकिन इस हादसे के बाद भी प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया।

### यहां हादसे के बाद जागे

अजीतमल क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अमावता रोड पर भी अवैध रूप से कट खुला हुआ था। इस अवैध कट पर आए दिन हादसे होते थे। लेकिन प्रशासन इन हादसों को दर किनार कर देता था। 26 फरवरी की सुबह भरेह थाना क्षेत्र के इमिलिया निवासी आलोक उर्फ गोलू की सड़क पार करते समय हादसे में जान चली गई। जिसके बाद अधिकारियों ने अवैध कट को बंद करा दिया।

# सूने घर के ताले तोड़कर दो लाख नकद समेत 15 लाख की चोरी

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अनंतराम कस्बे में एक सूने घर में लाखों रुपये की चोरी हो गई। चोर दो लाख रुपये नकद और लाखों रुपये के आभूषण ले गए। घटना के समय घर के सभी लोग गांव गए हुए थे। चोरी की लिखित सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी है। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

क्षेत्र के गांव सुरायदा निवासी राधा रमण पुत्र सूबेदार का अनंतराम कस्बे में भी मकान बना हुआ है। राधा रमण ने बताया कि वह अपने अनंतराम वाले मकान पर ताला लगाकर रात नौ बजे पुत्र रवि कांत अपनी पत्नी कल्पना के साथ गांव सुरायदा चला गया था। जब वह गांव से वापस अपने अनंतराम वाले मकान पर लौटा तो देखा मकान में लगे ताले गायब थे। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था, अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखी दो तोले की सोने की चैन, दो तोले का सोने का हार, दो तोले का मंगलसूत्र, चार तोले की सोने की चूड़ी, तीन तोले की सोने की तीन अंगूठी सहित अन्य जेबर और लगभग दो लाख रुपये नकद गायब था। बड़ी मात्रा में सामान गायब देख परिवार के लोग दंग रह गए। घटना की लिखित तहरीर अजीतमल कोतवाली में दी है। वहीं, कोतवाली प्रभारी ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



घर का बिखरा सामान दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

# बाइक से गिरकर महिला की मौत

## सड़क पर कुत्ता आने से कानपुर-बिधूना मार्ग पर पिपरौली शिव गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता, बिधूना/बेला/औरैया

**अमृत विचार।** थाना बेला क्षेत्र में कानपुर बिधूना मार्ग पर पिपरौली शिव गांव के समीप नहर पुल के पास सड़क हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका किरन देवी होमगार्ड अमर सिंह की पत्नी थीं। वह गाजीपुर ऐरवाकटरा की रहने वाली थीं। किरन देवी का मायका कानपुर देहात क्षेत्र के गांव कमसिमा कैंहजरी में है।

जानकारी के अनुसार किरन देवी पारिवारिक भाई की मृत्यु हो जाने के कारण गुरुवार अपने छोटे बेटे दीपांशु के साथ बाइक से भाई की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए मायके कैंहजरी गयी थीं। अंत्येष्टि में शामिल होने के बाद वह शुक्रवार की सुबह बेटे दीपांशु के साथ बाइक से वापस अपनी ससुराल गाजीपुर लौट रहीं थीं। जैसे ही उनकी बाइक सुबह 7 बजे कानपुर-बिधूना मार्ग पर पिपरौली शिव गांव से कुछ आगे नहर पुल के समीप पहुंची थी कि तभी अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। जिससे बाइक टकराकर अनियंत्रित हो गयी और किरन देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयीं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने किरन देवी को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना पहुंचाया।

जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की जानकारी होते ही होमगार्ड पति अमर सिंह, बच्चे एवं परिजन अस्पताल पहुंच गये। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। मृतका के चार पुत्रियां व दो पुत्र हैं। जिसमें तीन पुत्रियों व बड़े पुत्र देवेश की शादी हो चुकी है। जबकि छोटा पुत्र दीपांशु व छोटी पुत्री अंजलि अविवाहित है।




रोते-बिलखते परिजन, घायल को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते परिजन। अमृत विचार

### कार-बाइक की टक्कर में एक घायल

**फफूंद, औरैया।** नगर स्थित मुरादगंज तिराहा से आगे जैतपुर और करही रोड पर कार और बाइक सीधी भिड़ंत हो गई। इससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने घायल के परिजनों को सूचना दी, घटना स्थल पर पहुंचे परिजन एम्बुलेंस से अस्पताल ले गए। जबकि कार सवार कार लेकर घटना स्थल से फरार हो गया। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे ओमजी पुत्र राजू प्रजापति निवासी मोहल्ला लोधियान करही रोड स्थित अपने खेतों से बाइक से घर आ रहा था। मुरादगंज तिराहे से मुड़कर कार आ रही थी तभी बाइक और कार की आमने – सामने टक्कर हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। तभी, दूसरी दिशा से बाइक सवार युवक आ गया और टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद कार सवार कार सहित भाग गया। राहगीरों ने घायल को उठाकर रोड के किनारे लिटा दिया। सूचना पर तुरन्त परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए। एम्बुलेंस को सूचना दी गई, एम्बुलेंस के आने पर घायल को सीएचसी दिबियापुर इलाज के लिए परिजन ले गए।

# स्कैन करने के बाद नहीं डाले रुपये, दुकानदार को पीटा

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुरुगंज में एक मिठाई विक्रेता के साथ एक युवक द्वारा पेमेंट डालते समय साइबर फ्राड किया गया। दोबारा धोखाधड़ी करने दुकान पर पहुंचे युवक को दुकानदार ने पहचान लिया और पिछले रुपये मांगे, गांव चलकर रुपये देने की बात कहने पर आरोपी के साथ दुकानदार बाइक पर चला गया, जहां दुकानदार के साथ मारपीट की गई।

रुरुगंज निवासी शिवम गुप्ता अपने घर के सामने मिठाई की दुकान किए हुए हैं। बताया 7 जून को एक युवक आया और सौ रुपये की जलेबी खरीदी। क्यूआर कोड से भुगतान करने की बात कही। क्यूआर स्कैन किया दुकानदार को लगा कि पेमेंट हो गया है। बाद में युवक ने 200 रुपये कैश मांगे और कहा कि वह ऑनलाइन भेज रहा है। युवक ने फर्जी मैसेज दिखाया, दुकानदार ने बाद में चेक किया तो खाते में कोई पैसा नहीं आया। दुकानदार द्वारा युवक की पहचान के लिए सीसी कैमरों में से उसकी फोटो निकाली गई। गुरुवार शाम 6 बजे वहीं युवक दो साथियों के दोबारा आया और आनलाइन ट्रांसफर करने की बात कह कर पांच सौ रुपये मांगे। तभी दुकानदार धर्मेंद्र गुप्ता ने उसे पहचान लिया और पिछले पैसों की मांग की, तो उसने कहा कि मैं नजदीक के गांव में रहता हूं, मेरे घर चलो वहीं पैसे दे देंगे। वह शिवम को अपनी बाइक पर बैठा कर लें गया और रास्ते में रूरूखुर्द के पास आरोपित और उसके साथियों ने शिवम के साथ मारपीट की। शिवम ने बताया कि पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन वह समय पर नहीं पहुंची। हालांकि, आरोपित दुकानदार के सामने की दुकान में लगे सीसी कैमरे में घटना कैद हो गई। शिवम ने पंकज यादव पुत्र उदयवीर यादव निवासी भूठा रुरुखुर्द के खिलाफ ऑनलाइन रुपये की धोखाधड़ी और मारपीट करने की तहरीर दी जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिधूना थानाध्यक्ष मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर यात्री घायल, सैफई रेफर

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली–हावड़ा रेल मार्ग पर अछल्दा रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से यात्री गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया। दिल्ली–हावड़ा रूट पर पूरब की ओर खंबा नम्बर 1114/24–25 के मध्य शुक्रवार को सुबह 5 बजे के करीब ट्रेन के गेट पर बैठे यात्री को झपकी आने से ट्रेन से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य ट्रेन के लोको पायलट ने लाइन के किनारे पड़े देखा तो स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ के हेड कांस्टेबल मनीष तिवारी व कांस्टेबल रामप्रीत को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर एंबुलेश 108 की सहायता से लाइन के किनारे पड़े घायल यात्री को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर अमरदीप चौधरी ने प्रथम उपचार करने के बाद यात्री को पीजीआई सैफई रेफर कर दिया। आरपीएफ ने घायल यात्री की जेब की तलाशी ली और उसी के मोबाइल से फोन मिलाया गया। दोस्त ने बात करते हुए बताया कि घायल यात्री राधे (28) पुत्र राम अवध निवासी बालपुर थाना जीयनपुर जिला आजमगढ़ जो अपने गांव से नौकरी के लिए आजमगढ़ से दिल्ली जा रहा था यात्री की जेब से जनरल टिकट मिला है। आरपीएफ ने परिजनों को सूचना कर दी गई है।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने की रक्तदान शिविर की तैयारी

**दिबियापुर, औरैया।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक जिला अस्पताल औरैया में रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में होने वाले रक्तदान शिविर की तैयारी की गई। शुक्रवार को जनपद की ब्लडबैंक के कर्मचारियों विनय मौर्य व रवि कुमार के द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. कप्तान सिंह के दिबियापुर आवास पर रक्तदाताओं का रक्त परीक्षण कर उन्हें रक्तदान के महत्व व लाभ के बारे में बताया गया। रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए प्रिंस यादव, अजय पाल, समेत 20 से अधिक लोगों की काउंसलिंग की गई। डॉ. कप्तान ने अपील की कि मानवता की भलाई हेतु शनिवार को समय 9 :30 बजे 50 सैया जिला अस्पताल औरैया पहुंचकर रक्दान जैसे पुनीत कार्य में भाग लें।

### कमरे में पड़ा मिला महिला का शव

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सक्तेश्वर में गुरुवार की रात्रि करीब 11 बजे किराये पर रह रही महिला का सड़ा हुआ शव कमरे के अंदर पड़ा हुआ मिला। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा मकान मालिक से जानकारी हासिल की। मकान मालिक द्वारा बताया गया कि मोना पत्नी संतोष कुमार सहायल थाना क्षेत्र की रहने वाली है और वह बीमार रहती थी तथा उनके पति का कुछ समय पूर्व निधन हो चुका था। बताया कि गुरुवार की देर रात कमरे के अंदर से बदबू आई तो मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

# पति-पत्नी में विवाद, सुलझाने आए मायके पक्ष पर हमला

संवाददाता, रुरुगंज, औरैया

- विवाहिता ने ससुर व देवर सहित आठ लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** पदमपुर में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद को सुलझाने पहुंचे पत्नी के मायके पक्ष के लोगों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल लोगों का उपचार चल रहा है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कुदरकोट के ग्राम पंचायत गढ़वाना के मजरा पदमपुर निवासी अवनीश कुमार की पत्नी सोनम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनके व पति के बीच मतभेदों को सुलझाने के लिए बीते 7 जून को इटावा के थाना ऊसराहार के गांव गपधिया समथर निवासी मायके पक्ष के भाई रवि बाबू, प्रहलाद, सोनू व चाचा अरविंद कुमार गांव आए थे, दोनों पक्षों में बातचीत चल रही थी, इसी बीच गाली-गलौज शुरू हो गई, जब गाली देने से मना किया तो देवर नीलेश व ससुर जगदीश सहित कई लोगों ने लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें सभी लोगों को गंभीर चोटें आईं, जिनका उपचार चल रहा है। महिला सोनम की तहरीर पर पुलिस ने ससुर जगदीश, देवर नीलेश, नागेश, कमलेश, राजेश, अमरदीप, कन्हैया, दीपू सहित आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि पुत्रवधु द्वारा ससुर सहित अन्य ससुरालीजनों पर मुकदमा लिखाया गया है।

# अछल्दा को हराकर फफूंद जीता

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर समाजसेवी ने किया उद्घाटन
- फफूंद के महावीर धाम मैदान में शुक्रवार से शुरू हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट

**अमृत विचार।** कस्बे के महावीर धाम मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी अध्यापक शिवम चौबे ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच महावीर धाम के मैदान में फफूंद टीम बनाम पसया क्रिकेट टीम अछल्दा के बीच खेला गया। इस दौरान समाजसेवी ने कहा कि खेल का आयोजन होने से न सिर्फ आपसी भाईचारा बढ़ता है, बल्कि मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है। खेल हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहा है और खिलाड़ियों के बीच वही जोश और अपनापन महसूस करता हूं। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती देता है, बल्कि अच्छे इंसान बनने की नींव भी रखता है। उन्होंने आयोजन समिति का भी हौसला बढ़ाते हुए ऐसे आयोजन भविष्य में करते रहने की बात कही। पहले मैच में पसया अछल्दा की टीम आठ ओवर में 37 रन बनाकर सिमट गई। फफूंद की टीम ने चार ओवर में बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। विजयी हुई टीम को मुख्य अतिथि समाजसेवी ने शील्ड देकर सम्मानित किया।



फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन करते समाजसेवी। अमृत विचार

### विमान दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**दिबियापुर।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज दिबियापुर में शुक्रवार को अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए विद्यालय परिवार में शोक सभा हुई। इसमें प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता के अलावा समस्त स्टाफ ने दो मिनट का मौन रख कर विमान हादसे में जान गवाने वाले यात्रियों को श्रद्धांजलि दी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


**विज्ञप्ति**

थाना सीसामऊ कमिश्ररेट कानपुर नगर में लावारिस, मुकदमाती व 207 एमवी एक्ट के अन्तर्गत निरूद्ध वाहनो की नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया प्रचलित है जिसमे 33 वाहनो का ई–चालान एप्प व आर0टी0ओ0 कार्यालय कानपुर नगर से चेसिस नं0/रजि0नं0 के विषय मे जानकारी करने का काफी प्रयास किया गया परन्तु वाहन स्वामी के विषय मे कोई जानकारी नहीं हो सकी। जिसके फलस्वरूप सूची में अंकित वाहनो के चेसिस नं0/ इंजन नं0/ रजि0नं0 समाचार पत्रो मे प्रकाशित कराया जाना आवश्यक है, जिससे वाहन स्वामी अपने वाहनो के विषय में सूचित होकर अपने वाहन को मा0 न्यायालय द्वारा रिलीज करा सकें। वाहनो का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | विवरण/ एफ0आई0आर0 सं0 | चेचिस सं0 | इंजन सं0 | रजिस्ट्रेशन नं0 | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 286/92 | | | UHI 2235 | स्कूटर (क्षतिविक्षित) |
| 2 | NIL/94 | | E06CE196895 | DL 55 A 5301 | स्कूटर |
| 3 | 29/2010 | | | UP 78 AM 4500 | सेन्ट्रो कार |
| 4 | 26/2001 | | | UGR 4416 | स्कूटर (क्षतिविक्षित) |
| 5 | 103/98 | | | UGR 8188 | स्कूटर |
| 6 | 46/17 | MBLHA10A5CH7123 | HA10ELCHJ13893 | बिना नम्बर | स्पेलन्डर |
| 7 | 207 MV.ACT | | | GHI 2229 | स्कूटर बजाज सुपर |
| 8 | 207 MV.ACT | | | UHH4579 | स्कूटर |
| 9 | 207 MV.ACT | | | HRQ 0072 | स्कूटर |
| 10 | 207 MV.ACT | | | UAI 3712 | स्कूटर प्रिया |
| 11 | 207 MV.ACT | | | UTE 5849 | स्कूटर |
| 12 | 207 MV.ACT | | | UAN 2645 | स्कूटर |
| 13 | 207 MV.ACT | | | UAI 2678 | स्कूटर |
| 14 | 207 MV.ACT | | | UP 98 C 3881 | स्कूटर |
| 15 | 207 MV.ACT | | | UA G 6086 | स्कूटर |
| 16 | 207 MV.ACT | | | UMF 6133 | स्कूटर |
| 17 | 207 MV.ACT | | | UP 78 F 1225 | स्कूटर |
| 18 | 207 MV.ACT | | | MH01FA1165 | मो0सा0 |
| 19 | 207 MV.ACT | | JPUBR412063 | बिना नम्बर | मो0सा0 |
| 20 | 207 MV.ACT | | | UP 78 AW 0703 | मो0सा0 |
| 21 | 207 MV.ACT | | | UP 78 V 9863 | सुजकी |
| 22 | 207 MV.ACT | 007052C | O227079 | बिना नम्बर | M/C |
| 23 | 207 MV.ACT | | | UP 78 Y 3107 | होन्डा मो0सा0 |
| 24 | 207 MV.ACT | | | UP 78 RX 2053 | मो0सा0 |
| 25 | 207 MV.ACT | | JPUBR 412063 | बिना नम्बर | मो0सा0 एक्स ई डी |
| 26 | 207 MV.ACT | | | UP 35 4813 | मो0सा0 कावासाकी |
| 27 | 207 MV.ACT | | | UP 78 Z 9787 | मो0सा0 स्पलैंडर |
| 28 | 207 MV.ACT | | | UP 65 AF 8909 | मो0सा0 यमहा |
| 29 | लावारिस | | | UP 78 A 1412 | स्कूटर |
| 30 | लावारिस | MD625AF 1341B12478 | 0F1B41164458 | UP 78 AS 5768 | TVS विक्टर |
| 31 | लावारिस | C7KJ 995013 | E 54KJO82905 | बिना नम्बर | मो0सा0 काला रंग |
| 32 | लावारिस | | | DL 85 AU 5422 | मोटर साइकिल |
| 33 | लावारिस | | | UP 78 X 7513 | टीवीएस |

दिनांक: मई 17, 2025

UP-234948 दिनांक 12.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

थाना प्रभारी
थाना सीसामऊ
कमिश्नरेट, कानपुर नगर


**दिए निर्देश** मानस सभागार में की एडीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा

# जिले की पिछड़ती रैंकिंग पर एडीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में एडीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका राजस्व कार्यों व विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा प्राप्त योजनाओं का लक्ष्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि कार्य योजना के अनुरूप कार्य न किए जाने पर कार्यों की प्रगति में समय के अनुरूप वृद्धि नहीं होती है, जिससे पोर्टल पर फीडिंग भी कम हो पाती है और शासन स्तर पर होने वाली समीक्षा में जनपद की रैंकिंग पिछड़ती है। यह बहुत ही आपत्तिजनक है, इसके लिए विभागीय अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई कर शासन को अवगत कराया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने वाणिज्य कर, आबकारी विभाग, वाट माप विभाग, खनन विभाग मण्डी, स्टांप सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली के लिए सतत प्रवर्तन कार्य किया जाए, जिससे वसूली सुनिश्चित हो सके। उन्होंने डूडा अधिकारी को निर्देश दिए कि आवासों के निर्माण कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाएं। जिससे निर्माण कार्य समय से पूर्ण हो सके। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ प्रवर्तन कार्य लगातार किया जाए जिससे वसूली का लक्ष्य पूर्ण हो सके, साथ ही खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अवैध खनन पर रोक लगाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खनन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।




बैठक के दौरान निर्देश देते एडीएम महेंद्र पाल सिंह। अमृत विचार

# फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, अजीतमल

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव रतनीपुर में बंबा के पास एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी चंद्र प्रकाश के पुत्र हरि गोविंद के रूप में हुई है। मृतक की पिछले माह एक मई को शादी हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव रतनीपुर निवासी हरि गोविंद दोहरे पुत्र चंद्र प्रकाश दोहरे की शादी बीते एक मई को फफूंद थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर की रहने वाली शिवानी पुत्री महेश के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति - पत्नी में अनबन चल रही थी। आए दिन दोनों में किसी बात को लेकर विवाद होता था। गुरुवार की शाम हरि गोविंद लापता हो गया। सुबह उसका शव गांव के बाहर बंबे के पास शीशम के पेड़ पर लटका मिला। शव लटका देख घर में कोहराम मच गया। मृतक शराब पीने का आदी था। जिसके चलते उसके पत्नी न आने की बात कहकर मायके चली गई थी। मृतक के दो भाइयों की पहले ही बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रहे रद्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहमदाबाद में हुई अत्यंत हृदयविदारक विमान दुर्घटना के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए। मुख्यमंत्री की अंबेडकरनगर में शिवबाबा स्थान पर किसानों के बीच जनसभा तय थी। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 431 लोगों को 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक देकर डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे खाते में भेजी जानी थी।

### मानसून में भी खुला रहेगा दुधवा का मोहम्मदी रेंज

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज को मानसून सीजन में भी पर्यटकों के लिए पहली बार खोला जा रहा है। उप्र. इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की इस नई पहल का उद्देश्य पर्यटकों को वर्षा ऋतु में जंगल की अनदेखी और खूबसूरती से रूबरू कराना है। इससे मानसून सीजन में भी स्थानीय समुदायों व व्यवसायों को आय का नया जरिया मिलेगा। यह जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति शुक्रवार को जयवीर सिंह ने दी।

### बिजली कटौती के खिलाफ आप करेगी प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में पूरे प्रदेश में घंटों बिजली कटौती हो रही है। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ 18 जून को आप प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। सांसद शुक्रवार को गोमती नगर पार्टी कार्यालय में संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार जनता झेल रही है।

# निराश्रित परिवारों को घर बैठे मिलेगा योजना का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी की पहल से बदली व्यवस्था, आवेदन से लेकर भुगतान तक ऑनलाइन
- पात्रों को 75 दिन के भीतर मिलेगा लाभ, योगी सरकार ने तय की सख्त समय सीमा

**अमृत विचार :** प्रदेश के गरीब एवं असहाय परिवारों को राहत पहुंचाने वाली राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से आर्थिक सहायता के लिए महीनों चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवेदन से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया इंटरनेट आधारित कर दी गई है और हर कदम पर जवाबदेही तय की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे अधिक पारदर्शी, तेज और जनता के अनुकूल बना दिया गया है। सरकार परिवार के ऐसे कमाऊ मुखिया जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम हो और उसकी मृत्यु हो गई हो ऐसी दशा में उनके आश्रित को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से लाभान्वित कर रही है। जिसमें आय सीमा शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये निश्चित की गई है। सरकार ऐसे परिवार को 30,000 रुपये एकमुश्त भुगतान करती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योगी सरकार ने 1,08,883 निराश्रित परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया है, जिसमें सरकार ने 326.64 करोड़ रुपये खर्च किया है।

नई व्यवस्था के तहत पात्र आवेदकों को अब आवेदन की तारीख से 75 दिनों के भीतर सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। यदि किसी कारणवश यह समय सीमा पार होती है, तो अब मामले को लंबी प्रक्रिया में उलझाने की बजाय जिला स्तर पर ही समिति से अनुमोदन लेकर तुरंत भुगतान किया जाएगा। यानी अब जरूरतमंदों को देरी के लिए प्रदेश स्तर की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। यह बदलाव उन परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जो समय पर सहायता की प्रतीक्षा में थे।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी को जिम्मेदारी

योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आवेदक को पहले सहायता नहीं मिली हो। सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची तैयार कर 7 दिनों के भीतर स्वीकृति समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद सूची को डिजिटल सिग्नेचर के साथ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए आधार लिंक बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित होगी।

### त्वरित सहायता और शिकायत निवारण की व्यवस्था

बजट की कमी होने पर भी जिलाधिकारी ट्रेजरी नियमों के तहत धनराशि निकालकर भुगतान सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे लाभार्थियों को लाभ मिलने में देरी न हो। योजना से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर कमांड सेंटर में हेल्पलाइन नंबर 14568 शुरू किया गया है, जहां लाभार्थी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# साइबर अपराधियों के 10 ठिकानों पर छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ समेत देशभर के कई शहरों में सीबीआई ने चलाया आपरेशन

**अमृत विचार :** सीबीआई ने साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान आपरेशन चक्र-वी के तहत चार राज्यों के 10 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई की टीम ने यह कार्रवाई दिल्ली, हरियाणा के हिसार, यूपी के लखनऊ, महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और नासिक में की।

सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मुंबई के कल्याण निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में साइबर अपराधी नेटवर्क को प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड और बैंक खाते उपलब्ध कराने की पुष्टि हुई है। तलाशी में भारी मात्रा में साइबर अपराध से जुड़े साक्ष्य बरामद किये गये हैं। पकड़ा गया आरोपी सुनियोजित धोखाधड़ी से संबंधित है। एक फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अनजान व्यक्तियों से ठगी की गई। आरोपी ने नामी कंपनियों के शेयर को रियायती दरों पर देने का वादा करके निवेशकों को धोखा देता था।

# अब नोएडा-गुड़गांव संग कदमताल करने को तैयार बुंदेलखंड क्षेत्र

## दिख रहे विकास के संकेत, हर क्षेत्र में तरक्की की उम्मीद

अजय दयाल, लखनऊ

- सूखा, गरीबी, अशिक्षा, और पानी की कमी से भी उबरेगा क्षेत्र
- बुंदेलखंड राज्य की दशकों से मांग कर रहे आंदोलनकारी भी मान रहे बदल रहीं परिस्थितियां

**अमृत विचार :** कभी विकास की नजर से पिछड़ा समझा जाने वाला बुंदेलखंड अब नोयडा, गुड़गांव संग कदमताल करने को तैयार है। लगभग पांच दशक से भी ज्यादा समय से उपेक्षित बुंदेलखंड में पहली बार विकास के संकेत दिख रहे हैं। मानो यहां अब हर क्षेत्र में तरक्की होगी। इसी के साथ यह क्षेत्र सूखा, गरीबी, अशिक्षा, और पानी की कमी से भी उबरेगा। दरअसल, बुंदेलखंड राज्य की दशकों से मांग कर रहे आंदोलनकारी भी मान रहे हैं कि परिस्थितियां बदल रही हैं।

राज्य सरकार का ताजा फोकस बुंदेलखंड पर ही है। जगजाहिर है कि मौजूदा वक्त में नोएडा-ग्रेटर नोएडा वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हब के रूप में उभर रहे हैं। इसी तर्ज पर लैंड बैंक को डेवलप कर बुंदेलखंड के झांसी क्षेत्र को भविष्य के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इस कड़ी में बुंदेलखंड में नोएडा जैसी एक नई सिटी बनाने की योजना है, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की महायोजना को तैयार किया जा रहा है। इसे 35 हजार 300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। 17 हजार 840 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। इतना ही नहीं, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी का कहना है कि झांसी को बुंदेलखंड और आगरा, लखनऊ एक्प्रेसवे से जोड़ने की तैयारी है, जिससे बुंदेलखंड में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

राज्य सरकार ने ताजा बजट में भी बुंदेलखंड-रीवा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। इससे बुंदेलखंड में इंडस्ट्री से लेकर एयरपोर्ट तक पर ध्यान रखा गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस कॉरीडोर के लिए 461 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। नये एक्सप्रेसवे के निर्माण से बुंदेलखंड के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। इसका विस्तार रीवा तक होने से लोगों के लिए चित्रकूट से प्रयागराज के बीच की जो यात्रा अभी तक थोड़ी मुश्किल थी, वह आसान हो जायेगी। अभी तक लगभग 600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में 7 घंटे लगते थे। अब यह दूरी 5.5 घंटे की हो जाएगी।

लंबे वक्त से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग उठा रहे बुंदेली समाज महोबा के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने 'अमृत विचार' को बताया कि देश के बेहद पिछड़े इलाकों में शुमार बुंदेलखंड की सूरत और सीरत दोनों में बहुत बदलाव आया है। पहले बुंदेलखंड की सड़कें इस खूबसूरत पर्यटन तीर्थ को बदसूरत बना देती थीं, लेकिन अब सभी प्रमुख सड़कें अच्छी हो गई हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बन जाने से आवागमन काफी बेहतर हो गया है। चित्रकूट, बांदा, खजुराहो, महोबा, ओरछा से लेकर ज्यादातर रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो चुका है। झांसी-मानिकपुर रेलवे लाइन में दोहरीकरण का काम तेजी से चल रहा है। खजुराहो के अलावा चित्रकूट व झांसी में एयरपोर्ट चालू हो गये हैं। जहां तक जल संकट की बात है तो केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से किसानों को उम्मीद बंधी है।

पूर्व डीजीपी उप्र. सुलखान सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड में पानी से भी ज्यादा जरूरत रोजगार की है।



"छोटी छोटी चीजों के लिए हम लोगों को लखनऊ और दिल्ली की तरफ तकना पड़ता है। लंबे समय से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग इसीलिए करते आ रहे हैं ताकि बुंदेलखंड की जमीनी हकीकत को ध्यान में रखकर योजनाएं बनें। तभी बुंदेलखंड विकास की मुख्य धारा में आ पायेगा, तभी पलायन भी रुकेगा।

– तारा पाटकर, संयोजक बुंदेली समाज महोबा



"हमें 1956 में खत्म हुआ बुंदेलखंड वापस चाहिए। बुंदेलखंड आजादी के पहले अलग राज्य था। आजादी के बाद 1956 तक बुंदेलखंड का अलग मुख्यमंत्री रहा। वो बुंदेलखंड जो सूरमाओं के लिए जाना जाता था, हमें वो वापस चाहिए।

– राजा बुंदेला, उपाध्यक्ष बुंदेलखंड विकास बोर्ड

# बाढ़ प्रबंधन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की समीक्षा की

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बाढ़ प्रबंधन व 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के आयोजन की तैयारियों और मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उप्र. और 25 जून तक पश्चिमी उप्र. में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

**44 जिले संवेदनशील, 13.40 करोड़ आवंटित :** राहत आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि राज्य के 44 जिले, 118 तहसील, 2500 ग्राम और 5600 मजरे बाढ़ के प्रति संवेदनशील हैं। पहली बार 20 वर्षों के रिमोट सेंसिंग फ्लड इनन्डेशन मैप्स को केडेस्ट्रल मैप्स पर सुपरइम्पोज कर बाढ़ की माइक्रोमैपिंग की गई। पीएसी की 17 फ्लड कंपनियों की 48 टीमें, एसडीआरएफ की 15 टीमें और एनडीआरएफ की 11 टीमें 74 अति संवेदनशील तहसीलों में प्री-डिप्लॉय किया गया है। 18 अति संवेदनशील जिलों को 50-50 लाख, 12 संवेदनशील जिलों को 25-25 लाख और 14 सामान्य संवेदनशील जिलों को 10-10 लाख रुपये की धनराशि सौंपी गई, कुल 13.40 करोड़ रुपये एडवांस में आवंटित की गई हैं।



बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

**योग दिवस पर होगी प्रतियोगिता, मिलेंगे 21 हजार तक नकद :** प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि योग दिवस पर जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जा रहा है। इसमें निबंध, स्लोगन, योग चित्रकला व योगासन प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आयुष विभाग द्वारा www.iyd2025.com पोर्टल तैयार किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय पुरस्कार 5100, चतुर्थ पुरस्कार 2100 व पंचम पुरस्कार 1100 रुपये का प्रदान किया जायेगा।

### आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलेंगी सरकारी राशन की दुकानें

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में राशन की दुकानों का हुलिया बदलने वाला है। सरकारी राशन की दुकानें अब सिर्फ अनाज वितरण का केंद्र नहीं रहेंगी। सरकार इन्हें आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलने की तैयारी में है। मंशा गांव-कस्बों में एक ही जगह पर कई सेवाएं देने की है। ताजा योजना में इन दुकानों पर अब छोटे गैस सिलेंडर, ई-स्टांप, बिजली और मोबाइल बिल भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा, माइक्रो एटीएम और इंटरनेट वाई-फाई जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई होंगी। दरअसल, पुरानी और जर्जर हो चुकी राशन दुकानों को अब नए भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा।

### वन विभाग में बनेगा केंद्रीकृत कमांड सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन एवं वन्य जीव विभाग प्रदेश के जंगलों, टाईगर रिजर्व, सफारी और नेशनल पार्कों में रीयल-टाइम निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत कमांड सेंटर की स्थापना करने जा रहा है। ये केंद्रीकृत कमांड सेंटर, डिजिटल नियंत्रण प्रणाली के जरिये वन एवं वन्यजीव प्रबंधन से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों की निगरानी करेगा और उनका डेटा एकत्रित करेगा। कमांड सेंटर में एकत्रित डेटा के एनालिसिस से वन अपराधों, आग की घटनाओं, और वन्यजीवों की आवाजाही की तत्काल जानकारी उपलब्ध होगी। जो कि इन अप्रत्याशित घटनाओं एवं अपराधिक गतिविधियों के संबंध में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होगा।

# ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में गिरावट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महज दो महीनों में 2022-23 की तुलना में 87 फीसदी तक घटी पावर ट्रांसफार्मर क्षति

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉर्पोरेशन की ओर से की गई सख्ती, निरंतर मॉनीटरिंग और जवाबदेही तय करने की नीति से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्षों के मुकाबले 2025-26 के सिर्फ अप्रैल और मई महीने में ही 3233 ट्रांसफार्मर कम क्षतिग्रस्त हुए हैं, जो कि बिजली वितरण प्रणाली में मजबूती और मरम्मत-रखरखाव में सुधार का संकेत है।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के मुताबिक वर्ष 2022-23 में अप्रैल-मई में 90 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 2023-24 में यह संख्या घटकर 61 हो गई। 2024-25 में 42 ट्रांसफार्मर फुंके और 2025-26 में सिर्फ 12 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। यह ट्रेंड यह बताता है कि मात्र तीन वर्षों में पावर ट्रांसफार्मरों की क्षति में 87 फीसदी से अधिक की कमी आई है।

**विद्युत आपूर्ति में कोई समझौता नहीं :** डॉ. गोयल ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। किसी भी स्तर की लापरवाही से आपूर्ति बाधित होती है, तो संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**ट्रांसफार्मरों के डैमेज रोकने को ठोस उपाय लागू :** डॉ. आशीष कुमार गोयल ने ट्रांसफार्मरों के डैमेज को रोकने हेतु कई ठोस उपाय लागू किए। इसके तहत, पावर ट्रांसफार्मरों पर बेल प्रोटेक्शन सिस्टम, वितरण ट्रांसफार्मरों पर टेललेस यूनिट और फ्यूज यूनिट लगाए गए। लगातार मॉनीटरिंग, मैकेनिकल फॉल्ट ट्रैकिंग और रखरखाव की समीक्षा की गई। जहां ट्रांसफार्मर फुंके, वहां जिम्मेदार अभियंताओं पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। प्रदेश भर में कई अधिशासी अभियंता, एसडीओ और अवर अभियंता कार्रवाई की जद में आए।

# राम मंदिर निर्माण के साथ पर्यटन में आया जबरदस्त उछाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डब्ल्यूटीटीसी की रिपोर्ट में राष्ट्रीय पर्यटन आंकड़ों ने 2019 के सभी मानकों को पीछे छोड़ा
- 2030 तक के पूर्वानुमान में भी सर्वाधिक संभावनाओं वाले हैं यूपी के धार्मिक पर्यटन स्थल

**अमृत विचार :** वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) की रिपोर्ट में राम मंदिर के पक्ष में फैसला के बाद शुरू हुए भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण के साथ देशभर के पर्यटन सेवाओं में जबरदस्त उछाल आया है। राष्ट्रीय पर्यटन आंकड़े बताते हैं कि 2019 में अगले पांच साल के लिए किए गए पूर्वानुमान के सभी मानक काफी पीछे रह गए। अब वर्ष 2030 के पूर्वानुमान में भी यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र में ज्यादा संभावनाएं जताई गई है, इसमें यूपी के धार्मिक पर्यटन सबसे आगे हैं।

वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के सहयोग से हर पांच साल पर दुनिया भर के 184 देशों की अर्थव्यवस्थाओं और 28 भौगोलिक-आर्थिक क्षेत्रों के लिए यात्रा और पर्यटन के आर्थिक और रोजगार प्रभाव पर रिपोर्ट तैयार करता है। वर्ष 2030 तक के पूर्वानुमान खासा संभावनाओं वाले हैं। श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या, राधाकृष्ण की जन्मभूमि और कर्मस्थली ब्रजभूमि, तीर्थराज प्रयाग, शिव की काशी, दुनिया को शांति और अहिंसा के संदेश से प्रकाशित करने वाले भगवान बुद्ध से जुड़े सभी प्रमुख स्थल कुशीनगर, सारनाथ, कपिलवस्तु की वजह से पर्यटन में यूपी की संभावनाएं ज्यादा हैं।

डब्ल्यूटीटीसी के अनुसार, देश के लिए पर्यटन के लिहाज से साल 2025 रिकॉर्ड ब्रेकिंग हो सकता है। इसकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था में इस सेक्टर का योगदान 22 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। रोजगार पाने वालों की संख्या 48 मिलियन से अधिक हो सकती है। संस्था की ओर से भारत देश के लिए साल 2030 के पूर्वानुमान के अनुसार पर्यटन से अर्थव्यवस्था को मिलने वाला योगदान 42 लाख करोड़ और रोजगार बढ़कर 64 मिलियन हो जाएगा।

### वर्ष 2025 के आंकड़े बना रहे नया लैंड मार्क

साल 2023 और 2024 के आंकड़े भी यही बताते हैं। आंकड़ों को मुताबिक 2023 में अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या 5.76 करोड़ थी जो 2024 में बढ़कर 16.44 करोड़ तक पहुंच गई। इसी दौरान काशी में यह वृद्धि 10.18 करोड़ से 11 करोड़, मथुरा में 7.79 करोड़ से 9 करोड़ हुई। प्रयागराज में 5.06 करोड़ की तुलना में 5.12 करोड़ पर्यटक आए। 2025 में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ, उलट प्रवाह के क्रम में यहां से अयोध्या, काशी, ब्रज क्षेत्र के तीर्थों और शक्तिपीठों पर जाने वाले श्रद्धालुओं की वजह से आंकड़े एक नया लैंड मार्क बनाएंगे।

## वर्ग पहेली- 1

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान; सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।




### वर्ग पहेली -460 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | था |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-15.46 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज जो लोग आपके विरुद्ध थे वे आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ कठोर निर्णय ले सकते हैं। व्यापार में बड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**वृष** – आज विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रहेगी। समय के अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं।

**मिथुन** – आज किसी भी तरह की उधारी न करें। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें। रक्तचाप और किडनी के रोगियों को परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी।

**कर्क** – आज आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है।

**सिंह** – आज आपको अधिक परिश्रम करने के उपरान्त ही अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स को लेकर लापरवाही न करें। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाये रखें।

**कन्या** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई नौकरी के लिए इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब में अधिकारी आपसे असन्तुष्ट रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**तुला** – आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण कर लें। नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े हुए कारोबार में धन लाभ होगा। विद्यार्थी आज पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नये स्रोत विकसित होंगे। बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं।


**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर समस्या होगी। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए।

**मकर** – आज आप धन की बचत करना चाहेंगे। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों से अकारण कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें। सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी।

**मीन** – आज कानूनी मामलों की अड़चन दूर होगी। लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ रचनात्मक प्रयोग कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढा 15 जून 12.22 तक तत्पश्चात श्रवण।

## सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | 3 | 9 | | 7 |
| | 7 | | 5 | 2 | | | | |
| 3 | | | 7 | | | 1 | | 6 |
| | | | | 6 | | | | 5 |
| | 2 | | 9 | | 5 | | 8 | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | | 4 |
| | | | | 5 | 2 | | 3 | |
| 8 | | 9 | 6 | 3 | | | 7 | |

### सुडोकू - 7 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 8 |

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# हमले के बाद

ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा हुए तनाव के बीच इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल स्थलों पर हमला किया। हमलों से पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी देशों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र में खतरनाक ढंग से तनाव बढ़ने पर विश्व भर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। हमले में मारे गए लोगों में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य नेता, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संचालक शामिल हैं। जो तेहरान के शासकीय तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। यह इराक के साथ 1980 के दशक के युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि इजरायल को कड़ी सजा दी जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर वह परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता तो उसका देश और विरासत नष्ट हो जाएगी। लगता है कि अमेरिका को पहले से ही हमले की आशंका थी। अमेरिका ने बुधवार को इराक की राजधानी से कुछ अमेरिकी राजनयिकों को वापस बुला लिया था तथा पश्चिम एशिया से अमेरिकी सैनिकों के परिवारों के लिए स्वैच्छिक निकासी की पेशकश की थी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान पर परमाणु अप्रसार संधि का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जिसमें कहा गया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम मौजूद है, जो परमाणु हथियार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही कूटनीतिक उथल-पुथल के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। साथ ही रूस ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया, ताकि तनाव और न बढ़े एवं यह क्षेत्र पूर्ण युद्ध क्षेत्र में न बदल जाए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के इर्द-गिर्द कोई भी समझौता सैन्य बल से नहीं हो सकता और इसे केवल शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से ही हासिल किया जा सकता है। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुए क्षेत्र में शांति स्थापित करना एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। कई संगठन और लोग इस क्षेत्र में शांति के लिए काम कर रहे हैं, जो जरूरी है।

# सौर-प्रकाशवृत्त के प्रभाव से बदलता है पृथ्वी का मौसम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है।

जानकर चकित होना पड़ता है कि मात्र छः वर्ष की अवधि में सौर अध्ययन के लिए एक एडवांस्ड टेलिस्कोप की स्थापना हेतु अमरीका के 17 प्रमुख संस्थान एकजुट हो गए जिनमें वायु सेना अनुसंधान प्रयोगशाला, बेलन प्लाज्मा समूह, अनुप्रयुक्त भौतिकी की प्रयोगशालाएं, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी का नॉर्थ्रिज स्थित कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान, भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग एवं बारह अन्य महत्वपूर्ण संस्थान हैं। सन 1898 से अमरीका के आधिपत्य में आए हवाई देश को अमरीका ने सन 1959 में अपने क्षेत्र का 50वां राज्य घोषित किया था। प्रशांत महासागर में स्थित हवाई समूह के माउई नामक टापू पर एक शांत ज्वालामुखी के मुहाने के निकट एक टेकड़ी पर स्थापित किए गए इस टेलीस्कोप ने 23 फरवरी, 2022 को अपना पहला वैज्ञानिक अवलोकन शुरू किया, जो इसके एक साल तक चलने वाले परिचालन कमीशनिंग चरण की शुरुआत का संकेत था। इन तीन सालों के भीतर किये गए अध्ययन से सूर्य के बारे में बहुत सी नई और जानकारी जुटाई गई है जो पहले से स्थापित और कार्यरत अन्य टेलिस्कोप्स की बनिस्पत अधिक सुसपष्ट और उन्नत है।

धरती पर होने वाली मानवीय गतिविधि बनी रहे इसके लिए अपने सूर्य की हलचल और इसके व्यवहार का निरंतर अवलोकन जरूरी है। अध्ययन के लिए एक आधुनिकतम, नया मुख्य टूल माउई टेलिस्कोप की इमारत और गुम्बद के भीतर स्थापित किया गया है जिसके मिरर का व्यास 4.24 मीटर और मोटाई 75 मिलीमीटर है। इसके संचालन की तकनीक और इंजीनियरिंग कमाल की है। इस नवीनतम सोलर ऑब्जर्वेटरी की स्थापना पर भारतीय रुपये में मूल्य के अनुसार 29 अरब, 51 करोड़ 19 लाख का खर्चा हुआ है। भू-स्थल आधारित एस्ट्रोनॉमी में अभी तक का यह सर्वाधिक उन्नत टेलिस्कोप है। इस सोलर दूरबीन का नाम डेनियल केन इनौये सोलर टेलिस्कोप रखा गया है। डेनियल एक अमेरिकी वकील, सैनिक और राजनेता थे, जिन्होंने सन 1963 से 2012 में अपनी मृत्यु तक हवाई से संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर के रूप में कार्य किया। इस टेलिस्कोप से किए गए अवलोकन से सूर्य के बारे में चित्र और ग्राफ़िक्स सहित नवीनतम जानकारी युक्त एक पर्चा -द स्ट्रियेटेड सोलर फोटोस्फीयर ऑब्ज़र्व्ड एट 0".03 रेजोल्यूशन, का प्रकाशन द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स के 20 मई सन 2025 के अंक में हुआ है। अवलोकन आधारित इस शोध पर्चे में सूर्य के प्रकाशवृत्त के नजदीक के चित्र बहुत स्पष्ट और साफ़ हैं जिनसे प्लाज्मा की चुम्बकीय गतिविधि के हाई-रेजोल्यूशन क्लोज़अप दृश्य पहली बार देखे गए। खगोल भौतिकविद इन चित्रों के मिलने से काफी खुश नज़र आ रहे हैं। इन चित्रों को अमरीका, स्पेन, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड के खगोलविदों की टीम ने प्राप्त किया है। चित्रों की स्पष्टता और क्लोज़-अप टेलिस्कोप के विशाल मिरर के कारण संभव हुई जिन्हें इसके प्रकाश परावर्ती सिरे पर रखे हुए स्पेक्टोग्राफ यंत्र से डिजिटल माध्यम से प्राप्त किया गया। सूर्य के प्रकाशवृत्त की दिखाई देने वाली रचना की वृत्ताकारी प्रकृति को इस तरीके से स्पष्ट, चित्रमय भाषा में पहली बार देखा गया है। इससे मालूम हुआ है कि फोटोस्फीयर अनेक वृत्ताकार वलयों से बना है जिसमें एक वृत्त करीब 20 से 50 किलोमीटर की चौड़ाई का है। अवलोकन से जुटाए गए डाटा के अध्ययन से अतिरिक्त जानकारी मिलेगी जिससे यह मालूम हो सकेगा कि अनेक वृत्तों से निर्मित वाले फोटोस्फीयर में से हरेक वृत्त में सूर्य के चुम्बकीय तूफ़ान की रचना और शक्ति संपन्नता किस आधार से होती होगी अर्थात, प्रत्येक वृत्त में मैग्नेटिक फ्लक्स की ताकत को मापा जा सकेगा। इन चुम्बकीय तूफानों की लहर जब पृथ्वी की तरफ बढ़ती है तो इसकी काफी मात्रा हमारे वायुमंडल द्वारा सोख ली जाती है जिसे इसकी ताकत का ह्रास होता है। फिर भी जो थोड़ी से या बची हुयी मात्रा वायुमंडल को भेद कर धरती तक पहुंच पाती है उससे पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में कृत्रिम उपग्रहों और अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष उड़ानें, वायुयानों से होने वाला हवाई परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक संचार, विद्युत सप्लाई लाइनें और प्राणी जीवन पर काफी मात्रा में एवं गहरा प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना होती है। अनेक बार इससे भौतिक नुकसान भी होता है। यह फ्लक्स अत्यधिक शक्तिशाली और तीव्र गति का है तो प्राणियों में जीवन की रचना करने वाली कोशिकीय प्रोटीन्स और डीएनए तक टूट-फूट सकता है। फसलों की सेहत पर दुष्प्रभाव भी हो सकता है। माउई पर डैनियल केन इनौये सोलर टेलीस्कोप से किए गए इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि सूर्य पर छोटे पैमाने की चुंबकीय घटनाएं उसके समग्र व्यवहार को कैसे प्रभावित करती हैं, जिससे हमें अंततः सौर ज्वालाओं और अंतरिक्ष मौसम को पहले से बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

> सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है। जो डिजिटल चित्रों में रिज़ॉल्यूशन एक छवि में सूचना की मात्रा को व्यक्त करता है और पिक्सेल प्रति इंच या डॉट प्रति इंच में मापा जाता है, उच्च-गुणवत्ता वाले प्रिंट और दृश्य प्रस्तुतियों के उत्पादन के लिए हाई रेजोल्यूशन आवश्यक है। जाहिर है प्रत्येक टेलिस्कोप के साथ एक डिजिटल कैमरा भी जोड़ा जाता है जिससे मिरर से देखे गए एक ऑब्जेक्ट या सूर्य से मिली दृश्य सूचना को डिजिटल पद्धति में बदल कर फिर से एक छवि बनायी जाती है जिसे हम देख पाते हैं और रिकॉर्ड में रख सकते हैं। जी-बैंड में दूरबीन के विज़िबल ब्रॉडबैंड इमेजर का उपयोग करके विस्तृत चित्र डेनियल टेलिस्कोप से लिए गए जोकि सौर चुंबकीय गतिविधि का अध्ययन करने के लिए श्रृंखला विशेष में प्रभावी दृश्य-प्रकाश है। फोटोस्फीयर के छल्लों में धारियां भी नज़र आईं हैं जिन्हें छल्ले के भीतर के आवेशित गैस कणों की पृष्ठभूमि में देखा गया है। सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

सूर्य के प्रकाशवृत्त में देखी गयी चमकीली और गहरी धारियों की वैकल्पिक बारंबारता चुंबकीय क्षेत्रों की उपज है जोकि सूर्य के प्रकाश मंडल में पतली, पर्दा जैसी चादरें बनाते हैं। ये चुंबकीय पर्दे हवा में उड़ते हुए कपड़े की तरह लहराते और बदलते हैं और इसीसे मजबूत चुंबकीय क्षेत्रों के माध्यम में ये प्रकाशित होते हैं, चमकते हैं या कमजोर चुंबकीय प्रभाव वाले क्षेत्रों में काली पट्टी के रूप में दिखाई देते हैं। काली और सफ़ेद ये पट्टियां सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र और उसके प्लाज्मा के बीच की अंतरक्रियात्मक गतिविधि हैं जिससे सूर्य की दृश्यमान सतह में बदलाव होता है इसे विल्सन डिप्रेशन के रूप में जाना जाता है। इन पट्टियों की चमक में होने वाले सूक्ष्म बदलाव चुंबकीय क्षेत्र की ताकत में अंतर को दर्शाते हैं। पहली बार स्पष्ट रूप में इन बदलावों को केवल इनौये सोलर टेलीस्कोप की असाधारण शक्ति के कारण पकड़ा जा सका है। इससे पुष्टि हुई है कि देखी गई धारियां चुंबकीय उतार-चढ़ाव के संकेत मात्र ही नहीं हैं, बल्कि सूर्य की सतह के उतार-चढ़ाव को ये कैसे प्रभावित करते हैं इस बारे में भी हमारी समझ को गहरा करते हैं। छोटे पैमाने के ये चुंबकीय बदलाव सोलर-फ्लेयर्स, सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट और कोरोनल मास इजेक्शन के दौरान इनसे उगले गए प्लाज्मा जैसी बड़ी सौर घटनाओं को कैसे प्रभावित कर सकते हैं इस बारे में अध्ययन और शोध के लिए रास्ता खुल गया है ताकि अंतरिक्ष और धरती के मौसम पर होने वाले प्रभावों को हम पहले से बेहतर होकर समझ सकें। कहने का अर्थ यह की सौर प्रकाशवृत्त की चुंबकीय गतिविधि पृथ्वी के मौसम को प्रभावित करती है।

## प्रसंगवश

# तकनीकी खराबी या नीतिगत विफलता

12 जून 2025 की दोपहर भारतीय विमानन इतिहास की एक और काली तारीख बन गई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171, जो अहमदाबाद से लंदन गेटविक के लिए रवाना हुई थी, टेकऑफ़ के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि क्रैश साइट पर सेना, एनडीआरएफ, और स्थानीय प्रशासन को एक साथ तैनात करना पड़ा। इस त्रासदी ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया कि आधुनिक तकनीक और एयरलाइन सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद, क्या हम वास्तव में सुरक्षित हैं?



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे- जिनमें 230 यात्री (217 वयस्क, 11 बच्चे और 2 शिशु) और 12 क्रू सदस्य शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से कोई भी जीवित नहीं बचा, सिवाय एक व्यक्ति के जिसे सीट 11ए से चमत्कारिक रूप से बचाया गया। मृतकों में 169 भारतीय नागरिक थे, जबकि बाकी में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। जहां यह हादसा हुआ, वहां बीजे मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर हॉस्टल स्थित है।

जिस इमारत से विमान टकराया, वहां उस समय दर्जनों छात्र दोपहर का भोजन कर रहे थे। कम से कम 5 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए। इन छात्रों की आयु 22 से 28 वर्ष के बीच थी - वे अपने जीवन की शुरुआत में थे, अपने सपनों के बिल्कुल करीब। पीड़ित परिवारों के लिए यह सिर्फ एक भौतिक नुकसान नहीं था, बल्कि जीवन का वह हिस्सा छिन गया था जिसमें सपने, उम्मीदें, और भावनाएं बसती हैं। इस हादसे ने उन छात्रों के माता-पिता, दोस्तों और साथियों को ऐसा खालीपन दिया है जिसे भरना शायद नामुमकिन है। यह त्रासदी केवल एक विमान हादसा नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की आकांक्षाओं पर लगा ग्रहण बन गई।

जब कोई विमान इस प्रकार दुर्घटनाग्रस्त होता है, तो हर किसी का ध्यान सबसे पहले तकनीकी कारणों की ओर जाता है। अहमदाबाद हादसे में भी यही हुआ। मौसम संबंधी डेटा के अनुसार उस समय आसमान साफ था, और दृश्यता सामान्य से बेहतर थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि दुर्घटना का मुख्य कारण तकनीकी या यांत्रिक त्रुटि हो सकता है। विशेष बात यह है कि यह दुनिया का पहला ड्रीमलाइनर विमान है जो इस प्रकार के क्रैश का शिकार हुआ। टेकऑफ़ के कुछ ही सेकंड के भीतर पायलट ने "मायडे" कॉल दी, जो यह दर्शाता है कि उन्हें किसी बड़ी तकनीकी खराबी का आभास हो गया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से प्राप्त रडार ट्रैकिंग बताती है कि विमान ने अचानक ऊंचाई खोई और तेज़ी से नीचे गिरा। यह या तो इंजन फेल्योर, या फिर कंट्रोल सिस्टम में गंभीर गड़बड़ी का संकेत देता है। जैसे ही हादसे की खबर सामने आई, मीडिया चैनलों पर लाइव कवरेज शुरू हो गया।

इस हादसे ने एक बार फिर विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे पहली ज़रूरत है–डीजीसीए को पूर्ण स्वायत्तता देने की, ताकि वह राजनीतिक या कॉरपोरेट दबाव से मुक्त होकर सुरक्षा मानकों की निगरानी कर सके। एयरलाइन कंपनियों को हर तीन महीने में अपनी तकनीकी जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। पुराने विमानों को चरणबद्ध रूप से हटाना और पायलटों की ट्रेनिंग को नियमित करना भी अनिवार्य हो गया है। सिमुलेटर आधारित प्रशिक्षण, आपातकालीन परिस्थिति में निर्णय लेने की क्षमता और उड़ान के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं हर एयरलाइन में होनी चाहिए। ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जानकारी जनता से नहीं छुपाई जानी चाहिए। अमेरिका और यूरोप में इनकी जांच की समय सीमा तय होती है, भारत में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। यात्रियों को फ्लाइट इंश्योरेंस और सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी देने के लिए एयरपोर्ट पर जागरूकता केन्द्र खोले जाने चाहिए। यह हादसा सिर्फ एक त्रासदी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। हम चाहें तो इसे बदलाव की शुरुआत बना सकते हैं - जिससे भविष्य में कोई और एआई 171 अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले राख न बन जाए।

# फिर दोस्ती की राह पर हैं भारत और मालदीव



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

> मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते।

एक वक्त था जब भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव था, संदेह था और दूरी बढ़ रही थी। लेकिन अब, वही रिश्ते फिर से गरमाहट और सहयोग की दिशा में लौटते दिख रहे हैं। साल 2023 के अंत में जब मोहम्मद मुइज़्ज़ू मालदीव के राष्ट्रपति बने, तो नई दिल्ली के गलियारों में खलबली मच गई। वजह थी उनका चुनाव प्रचार-जिसमें 'इंडिया आउट' कैंपेन चला। भारतीय सैनिक वहां समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में लगे थे। लेकिन मुइज़्ज़ू की राष्ट्रवादी बयानबाज़ी ने उनकी मौजूदगी को मालदीव की संप्रभुता पर खतरे के तौर पर दिखाया और भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने की बात की गई। इसके बाद माले-दिल्ली के रिश्ते तनातनी की राह पर चल पड़े।

मुइज़्ज़ू ने राष्ट्रपति बनने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा भारत की जगह तुर्की की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौता नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक चीनी शोध पोत को मालदीव के जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी, जिससे भारत की चिंता और बढ़ गई। इन घटनाओं के बीच मालदीव के कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीति पर टिप्पणी कर दी, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में खटास और बढ़ गई।

सही है मालदीव ने पिछले कुछ वर्षों में चीन की ओर झुकाव दिखाया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि भूगोल नहीं बदला जा सकता। भारत और मालदीव के बीच हिंद महासागर की साझी सीमाएं हैं, साझा हित हैं और ऐतिहासिक संबंध भी। इसलिए भले ही चीन का असर बढ़े, मालदीव भारत को दरकिनार नहीं कर सकता। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत की नीति, सागर यानी सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रीजन, के तहत छोटे द्वीपीय देशों को साथ लेकर चलने की है।

ऐसे में रिश्तों में सुधार के लिए भारत ने सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने की बजाय बैकचैनल डिप्लोमेसी का रास्ता अपनाया। चुपचाप बातचीत हुई और दोनों देश एक ऐसे समझौते पर पहुंचे जिसमें भारतीय सैनिकों को तकनीकी विशेषज्ञ भारतीय नागरिकों से बदल दिया गया। इससे मुइज़्ज़ू की जनता को भी जवाब मिला और भारत को भी राहत। मुइज़्ज़ू जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। फिर अक्टूबर में उन्होंने भारत की आधिकारिक यात्रा की। भारत ने 2024-25 के बजट में मालदीव के लिए 400 करोड़ रुपये की विकास सहायता की घोषणा की-जो पिछले साल के बराबर थी।

मार्च 2024 में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी है। उन्होंने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जो भारत-मालदीव रिश्तों को नुकसान पहुंचाए। मुइज़्ज़ू ने भारत से आर्थिक मदद की उम्मीद जताई। भारत ने भी सकारात्मक संकेत दिए। उसने मालदीव को दिए गए कर्ज की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया। यह आर्थिक सहयोग ऐसे समय पर आया जब मालदीव आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते। इस कारण भारतीय पर्यटक ऑफ-सीजन में भी मालदीव के पर्यटन उद्योग को जिंदा रखते हैं। मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉर्पोरेशन और भारत में मालदीव के उच्चायुक्त बालासुब्रमण्यम के बीच हालिया बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे भारतीय पर्यटकों की संख्या को और बढ़ाया जाए। इससे दोनों देशों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो सकते हैं। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने हाल ही में भारत दौरे के दौरान मुइज़्ज़ू की ओर से मोदी को यह निमंत्रण फिर से दोहराया। अगर मोदी जाते हैं, तो यह उनकी मुइज़्ज़ू शासनकाल में पहली मालदीव यात्रा होगी। यह कदम संबंधों को और मज़बूती देगा।

भारत और मालदीव के संबंध अब धीरे-धीरे संदेह की रात से निकलकर विश्वास की सुबह की ओर बढ़ रहे हैं। ये रिश्ता भूगोल, अर्थशास्त्र और आपसी सहयोग की ज़रूरतों पर आधारित है। यह दिखाता है कि कूटनीति में कोई दरवाजा कभी पूरी तरह बंद नहीं होता। मुइज़्ज़ू के कार्यकाल में रिश्तों ने कई रंग देखे-तनाव, दूरी, फिर मेल और अब सहयोग। अब जो दिख रहा है, वो है एक नई शुरुआत का संकेत। भारत और मालदीव, दोनों अपने हितों को समझते हैं और अब एक साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

## सोशल फोरम

# अपना गुरु खुद बनो

दुनिया तो इधर आकर ग्लोबल हुई न! साहित्य बहुत पहले से ग्लोबल था। उनको खेल की तरह पूरे विश्व कविता का ध्यान रखना होगा। कड़ी मेहनत का अर्थ क्या? पहली बात तो यह कि पूर्ण समर्पण-जीवन होम। खूब पढ़ना क्या होता है, यह मैं आजतक न समझ पाया। निरंतर पढ़ना जरूर समझा। अनेक पढ़ने वाले अहंकारियों को देखा है- ठस। कवि ज्ञानेन्द्रपति ने एक बार साथ टहलते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही थी, बहुत लोग इस तरह पढ़ते हुए अपने अहम की सेल्फ पर एक किताब का बोझ और लाद लेते हैं। उतना ही घी खाओ कि पच जाय।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

साहित्य या कला में बिना बावलापन के आप बहुत बेहतर नहीं कर सकते। इसलिए न खत्म होने वाली आसक्ति तो जरूरी है ही। रेणु, त्रिलोचन और नागार्जुन की साहित्य को लेकर ऐसी आसक्ति कि परिवार को भाग्य भरोसे छोड़ दिया। वह समय अब बीत गया। लेकिन अब हम उनकी सराहना करें कि आलोचना? मेरी बात मानिये, उनकी रचना पढ़िए।

असल बात यह है कि सृजन की कोई निश्चित डगर नहीं होती। लिखने के पहले कुछ भी तय नहीं होता। अनिश्चय की यात्रा है,चलना है तो चलो वरना कोई और काम ढूंढ लो।

जीवन, समाज, समय और प्रकृति को अधिकाधिक समझे बिना कोई बड़ा रचनाकार नहीं बन सका है। मैंने अनेक रचनाकारों की आत्मकथाएं और जीवनियां पढ़ी हैं। रेणु से रामविलास जी तक को बहुत बड़े-बड़े रचनाकार को करीब से देखा है। कोई भी बनी-बनाई राह पर न चला। सबने अपनी अलग राह बनाई। मोपांसा और मंटो एक-दूसरे के करीब दिखते हैं लेकिन दोनों ने अपनी-अपनी डगर पर चलकर ऊंचाई हासिल की।

हजारीप्रसाद द्विवेदी की इस बात से मैं एकदम सहमत हूं कि किसी को गुरु न बनाओ। अपना गुरु खुद बनो, यह रचनाकार बनने की पहली शर्त है। समुद्र में कूद ही गए हो तो बस तैरना है, जब तक तैर सको।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारत में न्याय का धैर्यपर्व



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी
ओएनजीसी, देहरादून

> बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए।

भारत में न्याय का सबसे बड़ा प्रतीक 'तारीख' है। इस देश के आम आदमी ने अदालत से अब तक जितना न्याय पाया है, उससे कहीं अधिक 'अगली तारीख' पाई है। आप अदालत जाइए, कोई भी फ़ाइल उठाइए फ़ाइल में न्याय कहीं न कहीं दबा मिलेगा, पर तारीख ऊपर-ऊपर ही पड़ी रहेगी, जैसे किसी रोगी की जांच रिपोर्ट में बीमारी नीचे छिपी हो और डॉक्टर सिर्फ फॉर्मेट देखकर मुस्करा दे। तारीखें मिलती रहती हैं और विचाराधीन बंदी उन तारीखों की गिनती करते-करते अपनी उम्र के कई वसंत, कई सावन जेल की कोठरी में बिता देते हैं - जैसे वह कोई कैदी नहीं, बल्कि 'सरकारी दीवार घड़ी' हो, जो सिर्फ समय बताने के लिए लगी हो।

1987 में विधि आयोग ने कहा था कि हर दस लाख पर पचास जज तो होने ही चाहिए। न्याय की गाड़ी खींचनी है, भाई! लेकिन आज़ादी के अमृतकाल में हम इतने आत्मनिर्भर हो चुके हैं कि पंद्रह जजों से ही काम चला रहे हैं। 'तारीख पर तारीख' की जो ऐतिहासिक परंपरा है, उसका क्या होगा? और फिर न्यायालय परिसर में वर्षों से चल रही चाय की वो दुकानें जहां देश की सबसे धीमी न्यायिक प्रक्रिया की सबसे तेज़ चर्चाएं होती हैं उनका धंधा किस सहारे चलेगा?

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2023 तक देश में पांच करोड़ से अधिक मुक़दमे अदालतों में लंबित हैं जिनमें से कुछ तो इतने पुराने हो चुके हैं कि अब न्याय नहीं, 'पुनर्जन्म की प्रतीक्षा' कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 'भारत में कारागार संबंधी आंकड़े 2022' रिपोर्ट बताती है कि देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में से लगभग 77 प्रतिशत विचाराधीन हैं यानी वे नागरिक, जिन पर अभी अपराध सिद्ध नहीं हुआ, पर दंड पहले ही प्रारंभ हो चुका है। न्यायालय की मुहर भले न लगी हो, पर सलाखों ने उन्हें अपराधी मान लिया है। यह भारतीय न्याय प्रक्रिया का वह 'प्रारंभिक दंड पाठ्यक्रम' है, जिसे बिना अदालती प्रमाण के ही लागू कर दिया जाता है। पर न्याय के मंदिर में जब समय की बलि दी जाती है, तो सबसे पहले इन्हीं बंदियों का जीवन उसमें झोंका जाता है। वे दोष सिद्ध नहीं हैं, लेकिन दंड भोग रहे हैं। वे अभियुक्त हैं पर व्यवस्था उन्हें अपराधी मान चुकी होती है। और इस सजा की कोई अधिकतम अवधि नहीं है क्योंकि उसके ऊपर 'तारीखों' का आसमान टंगा होता है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत की जेलों में अब 131 प्रतिशत ओअनूप शुक्ल वरक्राउडिंग है। कभी-कभी तो लगता है कि सरकार के लिए जेलें 'डिस्प्ले यूनिट' हैं-जहां बंदियों की संख्या देखकर बाहर की जनता को तसल्ली हो जाती है कि 'अपराधियों पर लगाम कस दी गई है'। अब वह अपराध सिद्ध हुआ या नहीं, यह उतना ज़रूरी नहीं, मुख्य बात यह है कि किसी को पकड़ लिया गया है। बाक़ी तो 'क़ानून अपना काम कर रहा है' वाला राग चलता रहेगा। ताज्जुब तो तब होता है जब कोई निर्दोष व्यक्ति पांच-पांच, दस-दस वर्षों तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में सड़ता रहता है और फिर एक दिन अदालत कहती है:"दोष सिद्ध नहीं हुआ।" बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए। पर उस "स्वतः" शब्द की शर्तें इतनी जटिल हैं कि गरीब आदमी के लिए वह न्याय की शर्त नहीं, दंतकथा का पात्र बन जाती है। क़ानून कहता है बेल मिलनी चाहिए, लेकिन व्यवहार पूछता है "जमानती कौन है?" अब एक दिहाड़ी मजदूर, जो खुद जेल में है, जिसके परिजन किसी ईंट-भट्ठे या चाय के खोखे पर जुटे हैं, वह जमानती कहां से लाए? मलिमथ समिति ने भी वर्षों पहले कहा था कि बेल की प्रक्रिया सरल हो। और सच कहें, तो कागज़ों में सरलता आ भी गई है। फार्म दो पेज से घटकर एक हो गया है। पर न्याय व्यवस्था में वह फार्म अब भी वहीं किसी क्लर्क की टेबल के नीचे, और कैदी के भाग्य के ऊपरअटका है। आप चाहें तो बेल मांग सकते हैं पर उसके लिए चाहिए "साक्षरता, दस्तावेज़, जमानती, और थोड़ा-सा भाग्य"। और यदि आप इन सबमें असफल हैं तो न्याय व्यवस्था आपकी प्रतीक्षा नहीं करती, वह बस आपको 'अगली तारीख' थमा देती है।'

26 नवंबर 2024, संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर, गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो विचाराधीन बंदी जमानत के पात्र हैं, उन्हें रिहा किया जाए। जनवरी 2025 में गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी और संकेत दे दिया कि अब चुप्पी भी दायित्वहीनता नहीं, अपराध मानी जाएगी। आज न्याय प्रक्रिया में जिस प्रकार गरीब विचाराधीन बंदी का जीवन गल रहा है। जब तक गरीब आदमी जेल में न्याय की प्रतीक्षा करते-करते अपने जीवन के वर्ष नष्ट करता रहेगा, तब तक हमारी न्यायिक उपलब्धियां चाहे कितनी भी डिजिटल हो जाएं, न्याय की आत्मा तो ताम्रपत्रों में जड़ी पड़ी रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### जनपद न्यायालय में 16 जून को रक्तदान शिविर

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विश्व रक्तदान दिवस (14 जून) के क्रम में 16 जून को पूर्वाह्न 10.30 बजे जनपद न्यायालय सभागार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने सम्मानित नागरिकों, अधिवक्ताओं व न्यायालय अधिकारी, कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि अधिकाधिक रक्तदान कर आयोजन को सफल बनाएं।

### प्रधान सहायक की प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नति

**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी के रिक्त पड़े पद एक के लिए संपन्न हुई विभागीय पदोन्नति चयन समिति की बैठक बीते 10 जून को हुई थी। चयन समिति के अनुमोदन के बाद मंडलायुक्त अजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट में तैनात प्रधान सहायक शफी मोहम्मद को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर ज्येष्ठता एवं उपयुक्तता के आधार पर पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल 7 में कार्य भार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नत किया है। उपरोक्त पदोन्नत प्रशासनिक अधिकारी एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रहेंगे। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

### यमुना पुल पर वाहन रोकने को पुलिस की ड्यूटी लगी

**कुरारा।** क्षेत्र के कुसमरा मोड़ से हमीरपुर यमुना नदी पुल की तरफ जाने वाले वाहनों की रोकथाम के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, जो वाहनों को पुल की तरफ जाने से रोकेंगे। हमीरपुर यमुना पुल की मरम्मत के लिए भारी और हल्के वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है, मगर वाहन चालक मान नहीं रहे हैं। ऐसे वाहनों पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए क्षेत्र के कुसमरा मोड़ के पास पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर, एक कांस्टेबल, एक होमगार्ड, एक पीआरडी जवान की तैनाती की गई है, जो सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक एक पाली में ड्यूटी करेंगे, जबकि दूसरी पाली रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक चलेगी। इस दौरान किसी भी वाहन को पुल की तरफ निकलने नहीं दिया जाएगा।

### मदद नहीं करने पर ट्रक चालक, मालिक पर रिपोर्ट

**सुमेरपुर।** मौदहा कस्बे के कांशीराम कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने ट्रक चालक व मालिक के खिलाफ पुत्र के उपचार में सहयोग न करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। मौदहा के कांशीराम कॉलोनी निवासी भवानीदीन ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके पुत्र शिवम सोनी को पड़ोसी ट्रक चालक मदन धुरिया खलासी का कार्य कराने के लिए 3 जून को अपने साथ लिवा ले गया था। रात 2 बजे भौनिया के समीप खदान से वापस आते समय ट्रक चालक की लापरवाही से ट्रक पलट गया। इस घटना में उसके पुत्र का पैर टूट गया था। अब चालक एवं ट्रक मालिक उसके पुत्र के उपचार में मदद नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने ट्रक चालक एवं मलिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### जेवर और नकदी लेकर मित्र के साथ चली गई महिला

**बिवांर।** परिजनों के सो जाने पर महिला लाखों रुपयों के सोने चांदी के जेवरात व हजारों की नगदी लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। महिला के पति ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी मोनू पुत्र चेता शिवहरे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि ट्रक चालक है। डेढ़ साल पहले जनपद झांसी की कालिनी देवी के साथ शादी हुई थी। गुरुवार की रात उसकी पत्नी व मां छत पर सो रही थी। तभी रात करीब 2:00 बजे करीब उसकी पत्नी करीब 5 लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात व 20 हजार नगदी लेकर झांसी निवासी प्रेमी युवक को फोन से बुलाकर उसके साथ चली गई। सुबह घटना की जानकारी लगी। पीड़ित पति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसआई रवीन्द्र कुमार ने बताया कि पति की तहरीर पर महिला के गायब हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### युग चेतना महाविद्यालय में रोजगार मेला 17 जून को

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार 17 जून मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से युग चेतना महाविद्यालय नजरपुर सुमेरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कंपनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना rojgaarsangam.up.gov.in ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करते हुए इस अवसर का लाभ उठा सकते है। किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते है।

# हीटवेव का कहर शुरू, 2 लोगों की गई जान

● शिवरामपुर डेरा में लकड़ी काटने गया था किसान

● महोबा के ट्रक चालक ने अस्पताल में तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में हीटवेव का कहर शुरू हो गया है। जनपद के सुमेरपुर, राठ और जलालाबाद थाना क्षेत्रों में लू के प्रकोप से दो किसानों और एक ट्रक चालक की जान चली गई। जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है।

सुमेरपुर संवाददाता के मुताबिक क्षेत्र के पत्योरा ग्राम पंचायत के मजरा शिवरामपुर डेरा के किसान की लू लगने से मौत हो गई। वह कच्चे घर को दुरुस्त करने के लिए दोपहर में लकड़ी काटने गया था। वापस आने पर पानी पीकर लेट गया। उसके बाद वह उठ नहीं सका। शिवरामपुर निवासी प्रेम ने बताया कि उसका भाई नेकपाल (60) कच्चे मकान को बरसात में छाने (दुरुस्त) के लिए दोपहर में खेतों में लकड़ी काटने के लिए गया था। लकड़ी काटने के बाद जब वह घर वापस आया तो प्यास बुझाने के लिए पानी पीकर लेट गया और थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। जब उसकी विधवा बहू गुड़िया ने उन्हें खाना खाने के लिए बुलाया तो वह चारपाई से नहीं उठे। पास जाकर देखा तो उनकी सांसें बंद थीं।

उसने परिजनों को बताया तो हिला-डुलाकर देखा, लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उसके पांच पुत्र व चार पुत्रियां हैं। उसके साथ विधवा बहू और एक अविवाहित पुत्र रहता था। ग्राम प्रधान पति अरविंद निषाद ने बताया कि भीषण धूप में वह दोपहर में लकड़ी काटने गया था। अनुमान है कि हीटवेव का शिकार हो गया।

### ट्रक चालक की बिगड़ी हालत और थम गई सांस

**राठ।** हीटस्ट्रोक से ट्रक चालक की सीएचसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। महोबा जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के रिछा गांव निवासी चंद्रभान पाल ट्रक चालक था। घर वालों ने बताया कि बुधवार रात चंद्रभान ट्रक लेकर निकला था। शुक्रवार सुबह भीषण गर्मी में चंद्रभान की हालत बिगड़ गई। ट्रक के खलासी राहुल ने बताया कि उसने चालक को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सीएचसी के डॉ. कनिष्क माहुर ने बताया कि चंद्रभान को हाईग्रेड फीवर था। पुत्र आकाश ने बताया कि पिता खेती किसानी के साथ ट्रक चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### मच्छर भगाने को जलाई क्वाइल, वृद्धा जिंदा जली

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के रीवन निवासी रामानंद की पत्नी शकुंतला (60) गर्मी में मच्छर भगाने के लिए चारपाई के पास क्वाइल जलाकर लेटी थी। आधी रात क्वाइल से चारपाई में आग लग गई, जिससे शकुंतला गंभीर रूप से झुलस गई। उसे परिजनों ने सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वृद्धा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### राठ में बाईपास के पास हादसा, दोस्त के साथ आया था ससुराल

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के नहर बाईपास पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ ससुराल से वापस अपने घर लौट रहा था। दोनों युवक छतरपुर जनपद के रहने वाले थे। हादसे की सूचना पाकर दोनों युवकों के परिवार वाले रोते-बिलखते पहुंचे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

पड़ोसी मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद के नौगांव निवासी संतोष (35) पुत्र छोटेलाल अपने मित्र राकेश (32) पुत्र कृपाल के साथ अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव आया था। गुरुवार की रात करीब 11 बजे ससुराल से वापस दोनों अपने घर नौगांव जा रहे थे। कस्बे के सैना रोड नहर बाईपास पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

इस हादसे में संतोष और राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने वाला वाहन तेज रफ्तार भाग निकला। नौगांव के रहने वाले ईश्वर अनुरागी ने बताया कि उसका बड़ा भाई संतोष दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। वह परिवार सहित दिल्ली में ही रहता था। तीन माह पहले ही संतोष गांव आया था। बच्चों के स्कूल खुले होने के कारण भाभी दिल्ली में ही थी। स्कूल बंद होने पर भाभी बच्चों को लेकर अपने मायके औंता गांव आ गई थी। गुरुवार को सन्तोष अपने मित्र राकेश को लेकर भाभी से मिलने ससुराल आया था। वह पहले कुलपहाड़ में रिश्तेदार राजेन्द्र के घर गए और राजेंद्र की बाइक लेकर ससुराल के लिए निकले।



संतोष।



राकेश।

### हादसे के पहले फोन पर रिश्तेदार से हुई थी बात

- रात करीब नौ बजे वह ससुराल से कुलपहाड़ के लिए निकले। 10 बजे भाई ने रिश्तेदार को फोन करके बताया था कि वे लोग आ रहे हैं। सुबह जानकारी हुई कि भाई का एक्सीडेंट हो गया है। संतोष की तीन बेटियां अंशू (9), माही (7) और परी (5) हैं। बेटियों के साथ पत्नी भारती का रो-रोकर बेहाल रहीं।

### अविवाहित जवान बेटे की मौत से मां का बुरा हाल

- हादसे का शिकार हुए राकेश अहिरवार के भाई किशनलाल उर्फ पप्पू ने बताया कि वह घर से दोस्त के साथ जाने की बात कहकर निकला था। वह अभी अविवाहित था। जवान बेटे की मौत से मां चत्तीबाई अहिरवार का रो रोकर बुरा है। राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# घर में लहूलुहान मिला वृद्ध का शव, हत्या की आशंका

● जमीन के मुकदमे की तारीख में दिल्ली से आया था बुजुर्ग

● चोटों के निशान देखकर बेटे ने हत्या की आशंका जताई

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मुस्करा कस्बे में एक वृद्ध का शव घर के अंदर लहूलुहान हालत में मिला, जिससे सनसनी फैल गई। चोटों के निशान मिलने से बेटे ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

मुस्करा कस्बा निवासी 70 वर्षीय बाबू दिल्ली में परिवार के साथ रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार चार दिन पहले बाबू जमीन के मुकदमे के सिलसिले में तारीख पर दिल्ली से मुस्करा आया हुआ था। गुरुवार को घर के अंदर लहूलुहान हालत में उसका शव मिलने से परिजनों में सनसनी फैल गई। बाबू के पुत्र संकेश ने बताया कि शव पर चोटों के निशान मिले हैं। उसने पिता की हत्या की आशंका जताई है।

मुस्करा थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि वृद्ध की मौत कैसे हुई है। उन्होंने बताया कि हत्या की आशंका पर प्रारंभिक जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। वृद्ध की मौत पर पत्नी फूला देवी, तीन पुत्र संकेश, देव, राजू और एक पुत्री रजनी रोती-बिलखती रहीं।

### संदिग्ध हालात में खेत पर पड़ा मिला अधेड़ का शव

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के ममना गांव में संदिग्ध अवस्था में एक अधेड़ का शव खेत में पड़ा हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जलालपुर थाने के ममना गांव निवासी अन्नी कुशवाहा (55) पुत्र हल्के कुशवाहा गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे अपने घर से खेतों में आम तोड़ने के लिए गया हुआ था। जिसके बाद शाम करीब 6 बजे चरवाहों ने अन्नी कुशवाहा को खेतों में मृत अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो उनके परिजनों को सूचना दी। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अन्नी कुशवाहा अविवाहित था। डेढ़ बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी के अलावा ठेके पर आम का पेड़ भी लिए था। मृतक अन्नी कुशवाहा के भतीजे श्याम ने आशंका जाहिर करते हुए बताया कि सम्भवतः सर्प दंश से अन्नी कुशवाहा की मौत हुई है।


# पाइप लाइन तो बिछा दी मगर टोंटियां नहीं लगाई

संवाददाता, पौथिया

**अमृत विचार।** नमामि गंगे योजना के तहत ठेकेदार ने पाइप लाइन बिछवा दी है, लेकिन टोंटियां नहीं लगाई गई। वहीं ऊंचाई वाले इलाकों में पानी नहीं पहुंच रहा है।

पौथिया गांव में करीब 25 वर्ष पूर्व ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत जल निगम द्वारा टंकी का निर्माण कराया गया था। जिसमें पौथिया, शिकरी, उजनेड़ी, ललपुरा गांव शामिल किए गए थे। पूर्व प्रधान आनंद अशोक सचान ने बताया कि वर्तमान समय में पौथिया गांव के अलावा किसी गांवों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाई। पौथिया में भी ऊंचाई वाले इलाकों में पानी नहीं पहुंच पाता है।

उधर, नमामि गंगे योजना के तहत डाली गई पाइप लाइन तो पड़ गई है लेकिन अभी तक टोंटियां नहीं लगाई और कई मुहल्ले में पाइप लाइन भी नहीं डाली गई। नरेश पुरा मोहल्ले के शिवदास सचान, सीताराम, धर्म सिंह, छोटे प्रजापति, भूरा, राधेश्याम, रामजी, मन्ना आदि लोगों ने बताया कि पूर्व में बनीं टंकी से पानी की सप्लाई नहीं मिलती। सिर्फ एक दो बाल्टी पानी मिल पाता है और पानी का बिल लगातार जमा कर रहे हैं। नमामि गंगे द्वारा डाली गई पाइप लाइन से ठेकेदार के उदासीनता के कारण पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है।



बिना टोंटी के लगा स्टैंड पोस्ट नल।

● 25 वर्ष पुरानी ग्राम समूह पेयजल योजना से पौथिया के लोगों को नहीं मिल रहा पानी



भाजपा नेता के सुसाइड मामले को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ब्राह्मण महासभा के लोग। अमृत विचार

# एसओ को निलंबित करने की मांग

● भाजपा मंडल महामंत्री की आत्महत्या ने पकड़ा तूल

● ब्राह्मण महासभा ने निष्पक्ष जांच कराने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** ब्राह्मण महासभा ने दबंगों और थानाध्यक्ष के उत्पीड़न से भाजपा मंडल महामंत्री के सुसाइड मामले में अंबेडकर पार्क से लेकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। उन्होंने मामले की जांच कराने व जलालपुर थानाध्यक्ष को निलंबित करने की मांग को लेकर डीएम और एसपी को ज्ञापन सौंपा है।

अखिल भारतीय ब्रह्मण महासभा (रा.) के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा गया कि जलालपुर क्षेत्र के बीलपुर गांव निवासी शिवचरन द्विवेदी का 35 वर्षीय पुत्र शिवेंद्र द्विवेदी भाजपा का सरीला मंडल महामंत्री था। शिवचरन का कहना है कि गांव के ही छत्रपाल कोरी, सुनील कुमार, पंकज द्विवेदी व संतोष कुमार द्वारा लगातार तीन वर्षों से उनके पुत्र शिवेंद्र द्विवेदी का उत्पीड़न कर रहे थे। बताया कि उनके दरवाजे पर सबमर्सिबल पंप लगा है, जिसके पाइप आदि बीते शनिवार की रात में चोरी हो गए थे व टंकी भी तोड़ दी गई थी। रात को गांव के ही छत्रपाल अनुरागी, पंकज, सुशील व दो अज्ञात लोग देर रात तक दरवाजे पर बैठे रहे हैं। उन्हीं के द्वारा यह हरकत की गई। जिसकी शिकायत को लेकर जलालपुर थाना पहुंचा जहां उचित कार्यवाही न होने से आहत होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने व जलालपुर थानाध्यक्ष को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। इस दौरान गगन मिश्रा, श्याम सुंदर अवस्थी, अश्विनी पाण्डेय, कौशल किशोर द्विवेदी, सुभाष चन्द्र पाण्डेय, शोभित तिवारी आदि रहे।

**लापरवाही** पोस्टमार्टम हाउस के पास लगा हैंडपंप सिर्फ एक बानगी, शिकायत के बाद भी जल संस्थान को कोई परवाह नहीं

# जिला मुख्यालय पर ही हैंडपंपों के मरम्मत की सुधि नहीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुख्यालय में दर्जनों सरकारी हैंडपंप खराब हैं। शिकायत के बाद भी उनके मरम्मत की सुधि विभाग की ओर से नहीं ली जा रही है, जिससे सरकार के स्वच्छ पेयजल का सपना चकनाचूर हो रहा है। जल संस्थान की मनमानी से भीषण गर्मी में पेयजल संकट त्रस्त जनता में आक्रोश व्याप्त है।

मुख्यालय के पोस्टमार्टम हाउस के पास में एक दशक पूर्व हैंडपंप लगाया गया था। कुछ समय तक यह हैंडपंप बेहतर तरीके से चल रहा था। लोगों को पेयजल की सुविधा मिल रही थी, लेकिन पिछले कई वर्षों से हैंडपंप खराब हो गया था। तब से लेकर आज तक हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई गई। हैंडपंप की मरम्मत को लेकर कई बार स्थानीय लोगों ने तहसील दिवस से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन जल संस्थान विभाग ने कोई सक्रियता नहीं दिखाई, जिससे पोस्टमार्टम हाउस में दूरदराज से आने वाले लोगों को शुद्ध पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

यहां प्रतिदिन मृतकों के परिजन और दर्जनों रिश्तेदार पहुंचते हैं। आसपास पानी की सुविधा न होने से उनको बोतलें खरीद कर पानी पीना पड़ता है। वहीं मुख्यालय के पठकाना मुहाल में भी दशकों पूर्व नज्जो के घर के बाहर सरकारी हैंडपंप लगाया गया था। जो कुछ महिनों से खराब हो जाने से स्थानीय लोगों को दूसरे लोगों के घरों के बाहर लगे नल से पानी भर कर पीना पड़ रहा है। दर्जनों मर्तबा शिकायत के बाद भी जल संस्थान इसकी मरम्मत को लेकर कोई उचित समाधान नहीं किया है। भीषण गर्मी में जल संकट से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



पोस्टमार्टम हाउस के पास खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



डीएम को ज्ञापन देने जाते रहिरका के ग्रामीण। अमृत विचार

### चकबंदी में धांधली का आरोप, जिलाधिकारी से शिकायत

**हमीरपुर।** रहिरका गांव के काश्तकारों ने गांव की चकबंदी प्रक्रिया में अनियमितता करने का आरोप लगाते हुए कई बार शिकायत के बाद भी कार्यवाही न होने से आहत होकर धरना प्रदर्शन की अनुमति को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सरीला तहसील के मौजा रहिरका निवासी अरविंद कुमार, रवींद्र, वीर प्रताप, रघुवीर, अनिल कुमार, जय प्रकाश, रामदास, चन्द्रशेखर, मनोज कुमार सहित अन्य काश्तकारों ने ज्ञापन में बताया कि उनके गांव में चकबंदी चल रही है। जिसमें भारी अनियमितता की गई है। जिसके विरोध में उन्होंने कई बार जिला प्रशासन और शासन को पत्र देकर अवगत कराया गया किन्तु आज तक कोई कार्यवाही ना होने से काश्तकारों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने आगामी दिनों में धरना प्रदर्शन करने की अनुमति को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन सौंपा है। वहीं जिलाधिकारी ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए आगामी मंगलवार को स्वयं पहुंचकर चकबंदी प्रक्रिया की जांच करने का आश्वासन दिया है।



मिश्रीपुर गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### मिश्रीपुर और खरौंज में लगाई गईं ग्राम चौपाल

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के मिश्रीपुर व खरौंज ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। विकासखंड क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव में एमआई के जेई राजेंद्र बाबू की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सत्यनारायण ने हैंडपंप मरम्मत की मांग की। जिस पर विभाग द्वारा मौके पर ही मरम्मत कराई गई। रघुनन्दन ने शौचालय की मांग की, जिस पर पात्र पाए जाने पर ऑनलाइन फार्म भरवाया गया। उधर ग्राम पंचायत खरौंज में ग्राम प्रधान छेदालाल की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण सुरेश ने आवास की मांग की। जबकि सिद्धागोपाल ने हैंडपंप मरम्मत की मांग की। दोनों शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। ग्राम चौपाल में सचिव, एएनएम, कोटेदार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।



स्टेडियम में खिलाड़ियों को योगाभ्यास कराते डॉ.बृजेश कश्यप। अमृत विचार

### योगाभ्यास कराकर सेहत के लिए फायदे बताए गए

**हमीरपुर।** जेल में कैदियों को योग मास्टर ट्रेनर डॉ.बृजेश कश्यप के नेतृत्व में योग सिखाया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योग दिवस की जानकारी दी। शिविर में दैनिक योगाभ्यास में उषापान, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटि चक्रासन, मर्जरी आसन, त्रिकोणासन, उष्ट्रासन, शीतली प्राणायाम सीत्कारी प्राणायाम के साथ ही योग के प्रोटोकॉल का अभ्यास सिखाया गया। कहा जीवन छोटा है इसे गहराई से स्वास्थ्यता के साथ जीना चाहिए। समय बदलेगा जरूर, सीडीपीओ शशिप्रभा के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। डा.कश्यप ने अंत में उपवास चिकित्सा के बारे में सबको जानकारी दी। राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शहरी खिलाड़ियों को योग से मांसपेशियों के खिंचाव, दर्द तनाव को दूर करने वाले योग भुजंगासन, हनुमान आसान, वृश्चिक आसान, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान के अभ्यास सिखाए। साथ ही खेल को हार या जीत की भावना से नहीं बल्कि खेल भावना से खेलने की बात सिखाई। डॉ.कश्यप ने बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए योग का कठिन प्रदर्शन भी किया जो बहुत ही आकर्षित करता रहा। योग प्रशिक्षिका शिवानी सचान ने सुमेरपुर खंड विकास अधिकारी भवन में सभी आंगनबाड़ी को योग दिवस की जानकारी दी।

### पति व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की तहरीर दी

**बिवांर।** दहेज की मांग को लेकर पति ससुर ने महिला के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते हुए घर से बाहर निकाल दिया है। महिला ने पति व ससुर के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने महिला को ससुराल के थाना में तहरीर दिए जाने की सलाह दी है। थानाक्षेत्र के मौखरी खिरवा गांव निवासी कालिंदी देवी पुत्री चंद्रराज की शादी 12 साल पहले जनपद फतेहपुर थाना बिंदकी के नंदापुर गांव के नरेश पुत्र बिहारी लाल के साथ हुई थी। ससुराल में पति व ससुर हैं। बताया कि दोनों शराबी है। शुरुआत के चार महीने उसको सही तरीके से रखा। इसके बाद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति व ससुर दोनों मिलकर मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। फोन से मायके जानकारी देने पर मां जाकर ससुराल से अपने घर ले आई। 8 साल महिला के मायके में रहने पर ससुर गलती मानते हुए अपने घर ले गया। बीते दिनों फिर से पति व ससुर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करते हुए उसको घर से बाहर निकाल दिया। जिस पर वह मायके चली आई। महिला ने पति व ससुर के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। एसआई रवीन्द्र कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है। मामला दूसरे जनपद के थाना का है। उसको बिंदकी थाना में तहरीर दिए जाने की सलाह दी गई है। फिर भी जांच कर पति ससुर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### वैन चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**सुमेरपुर।** पुलिस ने विगत दिनों नरायनपुर कुंडौरा के मध्य हुए एक्सीडेंट के प्रकरण में मृतक ईको वैन के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की है। जालौन जनपद के कालपी थानाक्षेत्र के इमलिया खुर्द बांध निवासी मस्तराम उर्फ विकास पाल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि मेरा पुत्र शोभित पाल अपने चाचा शैलेंद्र पाल, संत शरण, अनुराग पाल एवं रिश्तेदार संदीप पाल, शीलू पाल के साथ शादी में शामिल होने हमीरपुर के देवगांव गए थे। शादी में शामिल होने को उपरांत वापस लौटकर नरायनपुर के समीप शिवाय होटल के पास वाहन का इंतजार कर रहे थे तभी महोबा की तरफ से आ रही ईको वैन ने मेरे पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। इससे मेरे पुत्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और ईको वैन अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में चालक सौरभ पाल की भी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक चालक सौरभ पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### पति-पत्नी ने मिलकर युवक को पीटा, शांतिभंग में चालान

**सुमेरपुर।** इंगोहटा की एक महिला ने पति-पत्नी के खिलाफ पति के साथ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। इंगोहटा निवासी रेखा का आरोप है उसका पति पंकज दूध लेकर डेयरी जा रहा था तभी गांव निवासी सद्दाम ने अपनी पत्नी के साथ रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करके मारपीट की है। पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज करके सद्दाम को शांति भंग में जेल भेजा है।

# हायतौबा: भीषण गर्मी में बत्ती की कटौती कोढ़ में खाज बनी

## ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटे में 10 से 15 बार कटती बिजली, गर्मी में लोगों का बुरा हाल

संवाददाता, जैतपुर

- गांवों में लोगों का दिन का चैन और रात की नींद हराम
- एक तो गर्मी ऊपर से मच्छरों का प्रकोप सोने नहीं देता

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल है। वहीं दूसरी तरफ बिजली कटौती लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। गर्मी से जहां हायतौबा मची है वहीं बिजली कटौती आग में घी डालने का काम कर रही है। कई कई घंटे बिजली न आने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है, स्थिति यह है कि लोग बिजली जाने पर जाग कर रातें गुजार रहे है। छोटे छोटे बच्चों का गर्मी से बुरा हाल है।

ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक हफ्ते से बिजली कटौती ने लोगों की नींद उड़ा दी है। कटौती के अलावा बिजली की आंख मिचौली ने ग्रामीणों को परेशान करके रख दिया है। 24 घंटे में 10 से 15 बार बिजली गुल होने के साथ बार-बार ट्रिपिंग होती है। भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली और बिजली की कटौती ने आम आदमी को झकझोर करके रख दिया है।

जिले में तेजी से बढ़ रहे तापमान के चलते गर्मी पूरे शबाब पर पहुंच गई है, जिससे लोगों को न दिन में राहत न रात में चैन मिल रहा है। ऊपर से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। भीषण गर्मी में बिजली भरपूर न मिलना और बार-बार ट्रिपिंग होने से लोगों का हाल बेहाल है। आसमान से बरस रही आग के बीच बिजली कटौती लोगों को रुला रही है। हालत यह है कि अब लोग रातों को बिना पंखे कूलर के सो नहीं पा रहे हैं। ऐसे में बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश पनप रहा है। लोगों का कहना है कि अगर बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो पावर हाउस का घेराव किया जाएगा।



ट्रांसफॉर्मर ठीक करते बिजली कर्मचारी। अमृत विचार

# सात जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में कबरई थानाध्यक्ष सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया ने टीम गठित कर एसआई अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में रिवई गांव में छापेमारी कर जुआ खेल रहे सात जुआरियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों में चुनवाद कुशवाहा, रामसेवक साहू, बलवीर अनुरागी, जगरूप यादव, सुरेश कुशवाहा, सुधीर यादव निवासी रिवई थाना कबरई, गजराज यादव निवासी ग्राम रागौलिया बुजुर्ग थाना कुलपहाड़ शामिल हैं। तलाशी के दौरान 6020 रुपये, फड़ से 9450 रुपये और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाने में 13 जी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान से आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में हड़कंप मचा है।

# पत्नी साथ नहीं आई तो खाया जहर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कुछ दिन पहले कहासुनी होने पर पत्नी चली गई थी मायके
- ससुराल से घर वापस आकर खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार।** ससुराल लेने गए पति के साथ पत्नी ने आने से साफ मना कर दिया। काफी मान मनव्वल के बाद भी पत्नी तैयार नहीं हुई। इससे आहत होकर शुक्रवार को वह अपने घर लौटा और जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे श्रीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसका इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा है।

श्रीनगर थाना क्षेत्र के बिलरही गांव निवासी संतोष प्रकाश की कुछ दिन पहले अपनी पत्नी से कहासुनी हो गई थी, जिससे वह अपने मायके चली गई थी। दो दिन पहले पति अपनी पत्नी आरती को लेने मध्य प्रदेश के बारी गांव ससुराल गया था। शुक्रवार सुबह वह पत्नी को साथ लाना चाहता था, लेकिन पत्नी ने ससुराल आने पर आनाकानी की। पति के काफी समझाने के बाद भी वह तैयार नहीं हुई। आखिर वह अकेला ही अपने गांव लौट आया। उसने परिवार वालों से कोई बात नहीं की और गुमशुम सा रहा।

गांव लौटने के बाद उसने घर में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक के जहर खाने की खबर मिलते ही करीबी लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। जहर खाकर अस्पताल आए संतोष प्रकाश के बारे में डाक्टर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच गई और मामले की जांच-पड़ताल की। उधर, पति के जहर खाने की खबर मिलने पर पत्नी को आने की सूचना है।



जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती युवक का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार

# शहर में 70 किलो पॉलीथीन जब्त

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पॉलीथीन के खिलाफ अभियान में 50 दुकानों में हुई छापेमारी
- दर्जन भर दुकानदारों से साढ़े छह हजार रुपये जुर्माना वसूल

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की ओर से प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ अभियान चलाकर शहर में चार दर्जन से अधिक दुकानों में छापेमारी की गई, जिसमें 70 किलो पॉलीथीन जब्त कर करीब एक दर्जन लोगों से साढ़े छह हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार के निर्देशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सौरभ सिंह की अगुवाई में ऊदल चौक, आल्हा चौक, फल मण्डी आदि स्थानों की दुकानों में छापा मारा गया। दुकानदारों के पास से प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर उनसे जुर्माना वसूलते हुए सामग्री जब्त की गई। छोटे-छोटे स्ट्रीट वेंडरों से प्रतिबन्धित प्लास्टिक जब्त करते हुए पुनः प्रयोग न करने की सख्त चेतावनी दी गई। पालिका की इस कार्रवाई से नगर के दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि पालिका की ओर से प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाने के साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से आम लोगों एवं दुकानदारों को प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग बन्द करने के लिए जागरूक भी किया जाता है, इसके बावजूद लोग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं ला रहे हैं।



दुकान से पॉलीथीन जब्त करते नगर पालिका के कर्मचारी। अमृत विचार

# हादसे में घायल चालक की मौत

**महोबा।** एक सप्ताह पूर्व दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत में घायल ट्रक चालक की शुक्रवार को उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। चालक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचानामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खन्ना निवासी करन यादव (26) पुत्र रामपाल यादव ट्रक चलाता था। पांच जून को कबरई से गिट्टी लाद कर बांदा की तरफ जा रहा था, सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिससे चालक करन बुरी तरह घायल हो गया था। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान गुरुवार की रात को उसकी हालत बिगड़ गई और शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

# विमान हादसे पर जताया शोक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- चरखारी के निबंधन कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित
- हादसे का शिकार लोगों की आत्मा की शांति को प्रार्थना

**अमृत विचार।** अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के समीप हुए भीषण विमान हादसे में एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और यात्रियों की मृत्यु से शोक की लहर है। चरखारी उपनिबंधक कार्यालय में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए, शोकसभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया।

निबन्धन कार्यालय में आयोजित शोक सभा में उप निबंधक आशीष सिंह ने कहा कि यह हादसा पूरे देश के लिए दुखदाई है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति और परिजनों को धैर्य की कामना की। सभी उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

बार संघ अध्यक्ष कालीचरण दीक्षित, कहा कि हादसा न केवल अहमदाबाद बल्कि पूरे देश के लिए एक गहरी त्रासदी है जिसने सभी को शोक और दुख में डुबो दिया है। इस मौके पर बार संघ के महामंत्री उज्ज्वल पाल, वरिष्ठ अधिवक्ता केशव राजपूत, केदारनाथ तिवारी, रामहेत सिंह, दिनेश चन्द्र सक्सेना, स्वतन्त्र सक्सेना, संविदा कर्मी मुहम्मद परवेज सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।





शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर शांति की प्रार्थना की गई। अमृत विचार

# दो ग्राम चौपालों में निपटीं शिकायतें

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के हेलापुर व कुम्हऊपुर में ग्राम चौपाल में आवास, पेंशन आदि की शिकायतें आई, जिनका संबंधित अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण किया। हेलापुर में सचिव मनीष कौशिक की मौजूदगी में चौपाल का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि आवास से संबंधित दो शिकायत आई थीं। जिसमें एक व्यक्ति की शिकायत गलत पाई गई। उसे पहले से ही आवास का लाभ मिल चुका था। वहीं दूसरी शिकायत पर आवास सर्वे में सम्मिलित कर योजना का लाभ दिया जाएगा। इसी तरह कुम्हऊपुर में सचिव रामबाबू गुप्ता के मौजूदगी में आयोजन हुआ। जिसमें आवास, पेंशन,साफ सफाई की शिकायतें आई। बताया कि इनका मौके पर निस्तारण करा दिया गया है।

# बढ़ते तापमान और लू से बचाव जरूरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिला प्रशासन की ओर से सावधानी बरतने की सलाह

**अमृत विचार।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान, गर्म हवा और लू से बचाव के लिए अपर जिलाधिकारी ने एडवाइजरी जारी कर तेज धूप और लू चलने की चेतावनी जारी की है और इससे बचाव के तरीके भी बताए हैं। पशुओं को भी तेज धूप और लू से बचाने की सलाह दी गई है।

एडवाइजरी में बताया है कि लू के प्रकोप एवं गर्म हवा से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियां बरतने के लिए कड़ी धूप में बाहर न निकलें। खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पिएं। प्यास न लगे तो भी पानी पिएं। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें।

बताया कि आवश्यक काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें, बिना गमछा और तौलिया बांधे बाहर न निकलें। अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें, शरीर को बर्फ या ठंडा पानी से लागातार पोंछे। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें।

# पट्टे की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पीड़ित ने डीएम से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार
- बोले, कार्रवाई नहीं की गई तो दबंग भूमि पर कर लेंगे कब्जा

**अमृत विचार।** जिले के थाना गांव में तालाब के पट्टे की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने पर पीड़ित किसान मुकुंदी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

किसान मुकुंदी ने बताया कि गांव के प्राचीन तालाब की जमीन उन्हें पट्टे पर मिली है। यह जमीन खतौनी में दर्ज है। उनका परिवार वर्षों से इस तालाब में सिंघाड़े की खेती करता आ रहा है। इतना ही नही सिंघाड़े की खेती से ही उसके परिवार का भरण पोषण होता है। शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ दबंग लोग तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। वे सिंघाड़े की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही तालाब में पाली गई मछलियों का अवैध शिकार भी कर रहे हैं।

किसान मुकुंदी ने बताया कि मछली के शिकार का विरोध करने पर दबंग लोग उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं और वे लोग झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच करने की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। किसान का कहना है कि अगर जिला प्रशासन की ओर से समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो दबंग कुछ भी कर सकते हैं। उन्हें कार्रवाई का आश्वासन मिला है।



जिलाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे पीड़ित। अमृत विचार

# रैंकिंग में हमीरपुर को चौथा स्थान

**हमीरपुर।** शासन द्वारा जारी की गई विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान मिला है। मई माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 92.20 अंक प्राप्त हुए हैं।

सीएम डैशबोर्ड में विकास कार्यों से संबंधित विभागवार रैंकिंग में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी, मनरेगा भवन निर्माण, सड़क निर्माण, 102 एंबुलेंस व 108 एंबुलेंस, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली के साथ सभी कार्यों में जिले को शत प्रतिशत अंकों के साथ ए ग्रेड में चौथा रैंक मिला है। डीएम घनश्याम मीना ने कहा कि सभी विभागों का योगदान रहा।

# दिव्यांग का लटका मिला शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अरतरा में गुरुवार की रात एक दिव्यांग का शव फांसी पर लटका मिला है। परिजनों ने उसकी हत्या कर फांसी में लटकाने का आरोप इसके ससुरालीजनों पर लगाया है।

अरतरा निवासी दिनेश सोनकर (35) का शव गुरुवार शाम उनके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला है। मृतक के परिजनों ने बताया है कि मृतक दिनेश की ससुराल घाटमपुर है। उसका अपनी पत्नी कपूरी से विवाद चल रहा था। जिसके चलते पत्नी कपूरी ने अपनी मां माया एवं भाई मोनू को मायके से बुलाया था। गुरुवार की शाम को दिनेश और उसकी पत्नी के बीच फिर विवाद हुआ था। दिनेश के भाई निर्मल का आरोप है कि विवाद के बाद पत्नी, सास और साले ने मिलकर दिनेश की पिटाई की थी। वहीं मृतक के चाचा रामसेवक ने बताया है कि दिनेश की शादी 2020 में हुई थी। उनके दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी है। दिनेश पैर से विकलांग था। उसका शव जिस ऊंचाई पर मिला है वहां तक दिनेश नहीं चढ़ सकता था। घटना के दिन उसके ससुरालीजनों ने उसे और उसकी मां की मारपीट की थी। इस मारपीट की शिकायत करने के लिए दिनेश की मां कोतवाली गई थी। लौट कर आने के बाद दिनेश का शव फांसी के फंदे में लटका मिला। सीओ विनीत पहल का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



दिनेश सोनकर।

निरीक्षण | डीएम ने चंद्रावल नदी खुदाई का लिया जायजा, चरखारी के तालाबों और थियेटर के निर्माण कार्य देखे

# चंद्रावल नदी के पास टीले समतल कर बनेंगे रास्ते

कार्यालय संवाददाता महोबा

- चंद्रावल नदी के आसपास पौधरोपण करने के निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत चांदो, बगरौन एवं नथुपुरा में चंद्रावल नदी खुदाई कार्य का मौके पर जाकर जायजा लिया। इसके बाद चरखारी के गुमान बिहारी मंदिर तालाब, जय सागर तालाब तथा मेला परिसर में चल रहे थिएटर के जीर्णोद्धार कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान कराये गये कार्य का भौतिक सत्यापन करते हुए चंद्रावल नदी के आसपास वृक्षारोपण कराकर रास्ता बनाए जाने के संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने चंद्रावल नदी खुदाई कार्य पूर्ण करने के बाद कार्य की ड्रोन कैमरे से वीडियोग्राफी कराने के साथ नदी के आस पास वृक्षारोपण करने, टीलों को समतल करने एवं पाइप डालकर रास्ता बनाने के निर्देश दिए, जिससे नदी में पानी आने में अवरोध न हो और ग्रामीणों को आवागमन में भी कोई दिक्कत न हो। डीएम ने किए जा रहे कार्यों के बावत श्रमिकों से भी वार्ता की।

जिलाधिकारी ने चरखारी स्थित गुमान बिहारी मन्दिर के दर्शन किये एवं तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी चरखारी को तालाब को संरक्षित करने तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका चरखारी को तालाब की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने नगर पालिका परिषद चरखारी क्षेत्रान्तर्गत मेला परिसर में चल रहे थियेटर हॉल के जीर्णोद्धार कार्य को भी देखा। निरीक्षण दौरान थियेटर के पुराने स्वरूप को कायम रखते हुये कार्य को गुणवत्तापूर्ण ससमय पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। इसके बाद जय सागर तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य को भी समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, चरखारी एसडीएम डॉ. प्रदीप कुमार, चरखारी तहसीलदार, चरखारी नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी सन्त कुमार, सहायक विकास अधिकारी ओंकारनाथ, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार, सचिव अनमोल वर्मा, ग्राम प्रधान सन्तोष कुमार एवं तकनीकी सहायक मुहम्मद अनीस उपस्थित रहे।



शुक्रवार को अधिकारियों के साथ चंद्रावल नदी का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज। अमृत विचार

# जमीन के विवाद में मां-बेटे पर लाठी-डंडों से हमला, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- महोबकंठ थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव की घटना
- दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर चार लोगों ने मां बेटे पर लाठी डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उनका इमरजेंसी वार्ड में उपचार चल रहा है। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाना महोबकंठ में दे दी है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

टिकरिया निवासी कल्लू दूध बेचने का काम करता है। शुक्रवार सुबह वह दूध बेचने जा रहा था, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर मरणासन्न कर दिया। आसपास के लोगों ने मरणासन्न पड़े ग्रामीण के घर पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची घायल की मां पर भी दबंगों ने लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलावस्था में पड़े मां बेटे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर दोनों का उपचार चल रहा है। बेटे की हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित परिवार का कहना है कि पूर्व में उन्होंने हमलावरों से ही जमीन खरीदी थी। जिसका पैसा भी ले लिया है अब जमीन पर खेती भी नही करने दे रहे है। इसी को लेकर आज हमला किया गया है। पीड़ित परिवार ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



हमले के बाद जमीन पर घायल पड़े मां-बेटे। अमृत विचार

# मजरों में 30 जून तक शुरू हो जाए जलापूर्ति : डीएम

- जल जीवन मिशन के कामों की समीक्षा में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



जल जीवन मिशन के तहत कार्यदायी संस्था के कामों की समीक्षा करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि पेयजल योजना के तहत बाकी बचे गांव-मजरों में 30 जून तक शतप्रतिशत नियमित जलापूर्ति कराई जाए। डीएम ने शुक्रवार को जल जीवन मिशन के तहत जलजीवन मिशन के कामों की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की बात बताई जा रही है, वहां पर अभियंताओं, ग्राम प्रधान एवं सचिव की संयुक्त टीम के साथ जांच कराएं और रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। एक्सईएन जल निगम ने बताया कि सिलौटा मुस्तकिल पेयजल योजना के तहत 143 मजरों में से 103 में शत प्रतिशत नियमित जलापूर्ति चालू है। रैपुरा ग्राम पेयजल योजना के अंतर्गत 321 मजरों के सापेक्ष 179 में जलापूर्ति चालू हो गई है।

चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत कुल 1201 मजरों में से 321 मजरों में जलापूर्ति हो रही है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पेयजल की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जल निगम कार्यालय में भी कंट्रोल रूम बनाएं, जिसमें सहायक अभियंता स्तर के दो अधिकारी रहें। जूनियर इंजीनियर एवं टीपीआई के इंजीनियर नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को दें। कार्यदायी संस्था एलएनटी एवं जीवीपीआर को निर्देश दिए कि मैनपॉवर व मशीनरी लगाकर मजरेवार सभी कामों को पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति चालू कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, सहायक अभियंता महावीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### एक्सईएन गैरहाजिर नोटिस दी गई

बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड अनुपस्थित पाए गए। डीएम ने इनको कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत बिजली संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारण करें।

# तीन मार्गों के यात्री तो बेड़ी पुलिया जाएंगे नहीं : संदीप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- प्रशासन के साथ हुई रोडवेज बांदा आरएम की बैठक
- आरएम ने बताया, डीएम के सामने हमने रखा अपना पक्ष

**अमृत विचार।** ट्रैफिक चौराहे के पास स्थित अस्थायी बस अड्डे के संचालन को लेकर शुक्रवार को क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम बांदा संदीप अग्रवाल की जिला प्रशासन के साथ बैठक हुई। आरएम ने बताया कि उन्होंने बैठक में डीएम शिवशरणप्पा जीएन के सामने अपना पक्ष रखा। कहा ऐसी व्यवस्था की जाए कि अगर रोडवेज बसें वहां न खड़ी हों तो फिर किसी हालत में प्राइवेट बसें भी न खड़ी हों।

गौरतलब है कि प्रशासन ने एक हफ्ता पहले ट्रैफिक चौराहे के पास स्थित अस्थायी बस अड्डे से बसों का संचालन बंद करा दिया है। शुक्रवार को इस संबंध में प्रशासन और परिवहन निगम के अधिकारियों की बैठक हुई। आरएम ने बताया कि बैठक में डीएम को बताया कि बांदा रूट का यात्री तो बेड़ी पुलिया स्थित नवीन बस अड्डे जाएगा पर राजापुर, मानिकपुर और प्रयागराज का यात्री उधर नहीं जाएगा और निजी बसों को फायदा होगा। इन रूटों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने एसडीएम को बताया कि इस संबंध में हमारा मुकदमा भी चल रहा है। ईओ नगरपालिका से भी कहा कि हमारा जमीन से कोई मतलब नहीं। हम इसका स्वयं के लिए उपयोग तो नहीं कर रहे। एआरएम ने बताया कि चारों रूट को मिलाकर 140 बसें संचालित होती हैं। अभी यह नहीं बताया जा सकता है कि यहां बसों का संचालन न होने से कितना नुकसान हुआ क्योंकि बसें तो यहां खड़ी की ही जा रही हैं, समय जरूर कम हुआ है।

### पूर्व विधायक बोले, दो-तीन दिन देखते हैं

गौरतलब है कि मानिकपुर के पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद शुक्ला ने बीते दिनों लखनऊ में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर इस मुद्दे को रखा था। पूर्व विधायक ने बताया था कि परिवहन मंत्री ने उनके सामने चित्रकूट डीएम से बात की थी। आरएम के साथ प्रशासन की बैठक को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। उधर, पूर्व विधायक ने बताया कि प्रशासन के रुख को दो-तीन दिन देखते हैं। इसके बाद आगे क्या करना है, इसकी रूपरेखा तय की जाएगी।

# घर में घुसकर बलवा, हत्या के दोषी को आजीवन कैद

## सात अन्य दोषियों को भी पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- 9 साल बाद आया फैसला दोषियों पर अर्थदंड भी लगा



**अमृत विचार।** घर में घुसकर गालीगलौज करने, महिलाओं से छेड़खानी कर नकदी व जेवर छीनने व विरोध करने पर एक व्यक्ति की हत्या करने के दोषी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा दी। इसे 21,500 रुपये अर्थदंड भी दिया। सात अन्य दोषियों को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी। प्रत्येक को 11,500 रुपये अर्थदंड भी दिया।

अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि आठ अगस्त 2016 को पहाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गांव के ही पिंटू उर्फ बृजेश सिंह, प्रताप सिंह, बच्चू उर्फ राकेश सिंह, राजू सिंह, मंगल सिंह व मुलायम सिंह ने चंद्रपाल लोध व चून्नू लोध के साथ मिलकर उसके घर पर धावा मार दिया। हमलावरों ने महिलाओं से छेड़खानी करते हुए गालीगलौज की। विरोध करने पर उसके बेटे सोनू के सिर पर पिंटू ने बल्लम घुसेड़ दिया। इससे वह जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने घर के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान हमलावरों ने बंदूक के बल पर 50 हजार रुपये व एक लाख रुपये के जेवर छीन लिए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला जज राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। दोष सिद्ध मुख्य आरोपी पिंटू उर्फ बृजेश सिंह को आजीवन कारावास व 21,500 रुपये अर्थदंड की सजा दी। प्रताप सिंह, बच्चू उर्फ राकेश सिंह, राजू सिंह, मंगल सिंह, मुलायम सिंह, चन्द्रपाल लोध व चुन्नू लोध को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास तथा प्रत्येक को 11,500-11,500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

## नकाबपोश बदमाशों ने युवक का मोबाइल और रुपये लूटे

**राजापुर (चित्रकूट)।** मुहरवां पुल के नीचे छिपे आधा दर्जन से अधिक नकाबपोशों ने एक राहगीर का मोबाइल व 3 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने 112 नंबर डायल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी।

ग्राम पंचायत रंपुरिया अव्वल के मजरा तेराबुजुर्ग निवासी युवराज यादव ने बताया कि राजापुर से गुरुवार रात आठ बजे बाइक से घर जा रहा था। मुहरवां पुल के पास पहुंचा ही था कि नीचे छिपे आधा दर्जन से अधिक सशस्त्र बदमाश सड़क पर आ गए, बाइक को रोककर हाथापाई कर 3 हजार रुपये और मोबाइल छीन लिए। गांव की ओर से आ रहे पूर्व प्रधान रामसुख यादव को देखकर उसने आवाज लगाई। सूचना पाकर उप निरीक्षक पवन चौधरी पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे तो बदमाश भाग गए। पूर्व प्रधान रामसुख यादव ने कहा कि बदमाश पकड़े नहीं गए तो अन्य वारदातें भी हो सकती हैं। थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है, तलाश की जाएगी।

# सपना ने जैवलिन थ्रो स्पर्धा में जीता 'स्वर्ण'

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



मेडल प्राप्त करतीं सपना देवी।

**अमृत विचार।** चित्रकूट जिले की सपना देवी ने प्रयागराज में हुई 23वीं यूपी जूनियर एथलेक्टिक्स फेडरेशन आफ इंडिया की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। अब वह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

स्पोर्ट्स स्टेडियम के एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव ने बताया कि खेलो इंडिया सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं सपना जैवलिन थ्रो की खिलाड़ी हैं। स्टेडियम की ओर से उन्होंने नौ और 10 जून को प्रयागराज में हुई प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पाकर जिले का नाम रोशन किया। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से टीमें आई थीं। सपना ने 39.80 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सपना देवी का चयन नेशनल जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता के लिए टीम में हुआ है, जो 21 से 23 जून तक प्रयागराज में होगी।

इस उपलब्धि पर पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, सदर विधायक अनिल प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीएम शिवशरणप्पा जीएन, सीडीओ अमृतपाल कौर, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी भानु प्रसाद, जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेंद्र उपाध्याय, कृषक इंटर कॉलेज भौंरी के प्रधानाचार्य एवं खेल टीचर ने बधाई दी है। क्रिकेट कोच फिरोज अंसारी, खेल शिक्षक श्याम सुंदर यादव, श्रीकेशन, आनंद सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, अख्तर हुसैन, शिव शंकर उपाध्याय, विनोद सिंह आदि ने भी इस होनहार खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सार-संक्षेप



समारोह में मौजूद अखिल भारतीय कोरी-कोली समाज के पदाधिकारी।

### संत कबीर के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान

**चित्रकूट।** बीते दिन अखिल भारतीय कोरी-कोली समाज की जिला इकाई ने बनवारीपुर रोड नई दुनिया में कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया। इसमें जिलाध्यक्ष ओपी अनुरागी ने कहा कि सभी लोगों को जाति, धर्म और पंथ का भेद भूलकर प्रेम और सौहार्द से रहना चाहिए। प्रदेश सचिव चंद्रभान शास्त्री ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर एक बेहतर समाज का निर्माण करें। इस मौके पर दशरथ प्रसाद, रामप्रसाद कबीर, लल्लूराम कोटार्य, मानवेंद्र नाथ कोटार्य, निर्भय कोटार्य, सुखराज, सुशील कुमार, रामराज यादव, अनुरागी, बुद्धराज, जीतू सिंह, रोहित, रामकेश, प्राची सिंह, रवि, डा. चुन्नीलाल कोटार्य, स्नेहलता, रेखा, आराधना, संजय कुमार कोटार्य आदि मौजूद रहे।

### प्लेन दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक की देऊधा ग्राम सभा व पहाड़ी ब्लाक की मिर्जापुर ग्राम सभा में कांग्रेस की बैठकों में अहमदाबाद में प्लेन हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इसमें कोऑर्डिनेटर दिनेश यादव, आदित्य स्वरूप पांडेय, जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट आदि मौजूद रहे। कांग्रेसी औदहा में घुरवा वर्मा सहित पांच लोगों के घरों में आग लगने पर इनको सांत्वना देने भी गए। इस मौके पर पीसीसी सदस्य रंजना पांडेय, दीपक सिंह, विनय सिंह चौहान, विजयमणि त्रिपाठी, कामता प्रसाद द्विवेदी, पुणेदु पांडेय, शिवशंकर खंगार, रवि राजपूत, विनोद वर्मा, रमाकांत श्रीवास्तव, राजेश सिंह पटेल, आलोक शुक्ला, दीपक सिंह, प्रकाश, नरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी मंडी समिति विवेक कुमार ने चोरी की घटना का खुलासा किया है। दो आरोपियों को सेट टॉप बाक्स व दो राउटर के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में अजीत सिंह निवासी तुलसीनगर कसहाई रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मंडी परिसर में कृषक सेवा केंद्र के पीछे की खिड़की तोड़कर चोरों ने चोरी की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी अरबाज खान उर्फ आशु पुत्र मो. समीम निवासी भैरों पागा व अमन कुमार पुत्र संजय निवासी लक्ष्मणपुरी को गल्ला मंडी परिसर से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई गौरव तिवारी, मुख्य आरक्षी अवधेश कुमार, आरक्षी शिवपूजन यादव और कृष्ण कुमार शामिल रहे।

### नाबालिग बेटी को ले गया युवक, रिपोर्ट

**चित्रकूट।** बांदा जिले के एक गांव के मूल निवासी ने कोतवाली में चितरा गोकुलपुर निवासी एक युवक पर उसकी नाबालिग बेटी को बहलाफुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसने बताया है कि वर्तमान समय में वह कोतवाली अंतर्गत एक गांव में रहता है। उसकी 14 वर्षीया बेटी को नरेंद्र पुत्र श्रवण कुमार निवासी चितरा गोकुलपुर 12 जून की रात घर से बहला फुसलाकर ले गया है।

### भागवत समापन पर हुआ भंडारा

**बिधूना, औरैया।** अछल्दा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम भईपुर में 6 जून से प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का गणेश पूजन कन्या पूजन के साथ समापन है गया इस अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद छका।

# प्रेमी को पिटा फिर कराई शादी

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** मोबाइल के इस युग में बच्चों में उतावलापन आ गया है, भविष्य की चिंता नहीं है। विकास खंड के एक गांव में ऐसा ही मामला सामने आया। प्रेमिका से मिलने पहुंचे एक युवक को प्रेमिका के परिजनों ने देख लिया। जमकर पिटाई की फिर दोनों की शादी करा दी।

बताया कि युवक अपने गांव के पास के दूसरे गांव प्रेमिका से मौका लगा मिलने आता जाता था। शक पर परिजनों ने लड़की पर नजर रखी। बीते दिन युवक प्रेमिका ने गांव के बाहर बने पंचायत भवन के पास प्रेमिका को मिलने के लिए बुलाया। भनक लगने पर परिजन भी वहां पहुंच गए और दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। फिर क्या था, प्रेमी की जमकर लात घूसों से पिटाई की गई। उधर, गनीमत रही कि दोनों के परिजन आपस में बातचीत कर दोनों की शादी करने के लिए तैयार हो गए। आनंदी माता के मंदिर में दोनों की शादी करा दी। गांव और आसपास यह प्रकरण चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान किसी ने पुलिस को खबर कर दी। मऊ थाना प्रभारी दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि बीती रात इस संबंध में उन्हें पीआरवी के माध्यम से जानकारी हुई थी, उन्होंने कहा कि परिजनों को जो भी शिकायत है, वे थाने में आकर तहरीर दें। किसी ने भी थाने में तहरीर नहीं दी।

## एसपी ने ली परेड की सलामी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। पुलिसकर्मियों की दौड़ कराई गई और टोलियों की ड्रिल देखी गई। इसमें सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

एसपी ने परिवहन शाखा में वाहनों को देखा और प्रभारी परिवहन शाखा को इनकी मरम्मत के लिए निर्देश दिए। एसपी ने पुलिसकर्मियों की विवेचाओं की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, आरटीसी प्रभारी प्रदीप यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# मारपीट कर हत्या के दो आरोपी दबोचे

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)



पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद की अगुवाई में पुलिस टीम ने एक अधेड़ की मारपीट कर हत्या करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। अन्य आरोपियों के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

11 जून को राकेश सिंह आरख निवासी पिपरौंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पड़ोसी चंद्रकांत पांडेय उर्फ छोटू पुत्र सुरेंद्र, रजनीश पांडेय पुत्र श्रीनिवास, रमानिवास पांडेय पुत्र गया प्रसाद और जानू पांडेय पुत्र रमानिवास ने लाठी डंडे से जान से मारने की नीयत से पिता रामशिरोमणि को गंभीर चोट पहुंचाई और गला पकड़कर जमीन पर पटककर लात मारी, जिससे उनकी मौत हो गई।

उसे, सुधीर, सुनील, मंजीत व मां गिरजा देवी को गंभीर चोट पहुंची। बीते दिन प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने चंद्रकांत उर्फ छोटू और रजनीश को ग्राम जोरवारा नहर पुलिया थाना मऊ से गिरफ्तार किया। बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस टीम में एसआई मुन्नीलाल, मुख्य आरक्षी बृजेश कुमार और आरक्षी विवेक कुमार शामिल रहे।

**दिक्कत** — अधूरे नाले, सड़क पर गड्ढे लोगों को कर रहे परेशान

# मुसीबत का सबब बनता जा रहा अधूरा राष्ट्रीय राजमार्ग

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



अधूरे नाले में बजबजाती गंदगी। अमृत विचार



उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ के विकास के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कराया जा रहा है पर यह व्यापारियों व गृहस्वामियों के लिए मुसीबत बन गया है। ठेकेदारों द्वारा आधा अधूरा काम करने से नगरवासियों में भारी आक्रोश है। देवी जी मंदिर तिराहे के पास बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से दुर्घटनाएं होने की आशंकाएं बनी रहती हैं। नगरवासियों ने उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन को इस संबंध में पांच बिंदुओं का ज्ञापन भी दिया।

यातायात की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था करने के उद्देश्य से राजापुर देवी मंदिर तिराहे से बोड़ी पोखरी रैपुरा तक 18 किमी तक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया जा रहा है। सन् 2023 से 2024 के बीच नगर पंचायत क्षेत्र के अधिकांश भागों में ठेकेदार ने आधे अधूरे नाले, अधूरी सड़कें और स्ट्रीट लाइटों का काम किया और ठप कर दिया। सड़क से वाहनों के गुजरने पर इतनी धूल उड़ती है कि पीछे वाले वाहन को दिखाई नहीं देता और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उड़ती धूल से दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है। कस्बे के चंद्रशेखर विश्वकर्मा, सुमित जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि निरंतर उड़ती धूल से सांस लेना कठिन हो गया है। बच्चे, वृद्धों को बीमारियों की आशंका है। पावर हॉर्न और तेज गति से चल रहे वाहनों के शोर से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। धूल से दुकानों का सामान नष्ट हो रहा है।

वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि धूल से निजात दिलाने के लिए प्रतिदिन पानी के टैंकरों के माध्यम से सड़क में छिड़काव कराया जाता है। राजापुर नगर पंचायत के पूर्व सभासद वीरेंद्र पांडेय, सभासद सीता देवी, दीपक जायसवाल, अरविंद जायसवाल, अशोक कुमार, मनीष कुमार, उर्गेश कुमार, महेंद्र पांडेय, संजय जायसवाल, आलोक गुप्ता, देवेंद्र अग्रवाल, उमेश गुप्ता, शारदा रैकवार, रमेश तिवारी, सोनू केशरवानी, रामजी अग्रहरि, राहुल केशरवानी आदि ने जिलाधिकारी से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।

### मानकविहीन बनी हैं नालियां

सुमित जायसवाल ने बताया कि के किनारों पर मानक विहीन नाले बनने से जल निकासी की समस्या है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। कर्वी-बाईपास से तुलसी सेतु पक्का पुल तक लोनिवि प्रयागराज द्वारा अभी तक स्वीकृत सड़क का निर्माण न होने के कारण पूरे क्षेत्र में धूल ही धूल दिखाई पड़ रही है।



बिजली समस्या को लेकर आक्रोश जताते चकमाली अमानपुर के लोग। अमृत विचार

# फुंक रहे ट्रांसफार्मर, बाशिंदे परेशान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चकमाली अमानपुर के उपभोक्ताओं ने एक्सईएन से की शिकायत

**अमृत विचार।** लगातार ट्रांसफार्मर फुंकने से परेशान कर्वी ब्लाक अंतर्गत चकमाली अमानपुर के बाशिंदों ने अधिशासी अभियंता को पत्र देकर इसकी शिकायत की है। इनका कहना है कि जब से ट्राली ट्रांसफार्मर यहां से हटाया गया, ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं और भीषण गर्मी में भारी परेशानी हो रही है।

गांव निवासी लवलेश कुशवाहा, नरेंद्र कुमार, रामनरेश, राघवेंद्र सिंह, रोहित पटेल आदि ने बताया कि उनके मुहल्ले में आयेदिन ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या बनी रहती है। 20 मई को इस संबंध में पत्र देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि एक्सईएन के निर्देश पर यहां ट्राली ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जिससे समस्या कुछ हद तक दूर हुई थी पर 12 जून को इसको हटाकर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया जो रात में ही फुंक गया। गर्मी के मौसम में हर वर्ष यह समस्या आती है। लो वोल्टेज भी आता है। पेयजल की किल्लत का भी सामना करना पड़ता है। इन लोगों ने मांग की कि यहां उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा जाए, जिससे यह समस्या स्थायी रूप से निपट जाए।

# ईरान पर हमले से बाजार लुढ़का, कच्चा तेल 7% उछला

## सेंसेक्स 573 और निफ्टी 170 अंक टूटा, डॉलर के मुकाबले रुपये में 59 पैसे गिरावट, सोना-चांदी के बढ़े भाव

मुंबई, एजेंसी

कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा। मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला।" सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही।

### कच्चे तेल के भाव सर्वकालिक उच्च स्तर पर



नई दिल्ली। वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कीमतों में तेज उछाल के मद्देनजर शुक्रवार को 578 रुपये की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एमसीएक्स में जुलाई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल का भाव 578 रुपये यानी 10.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बाद में यह 423 रुपये या 7.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,156 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 6,907 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### 86.11 पर पहुंचा रुपया



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 59 पैसे टूटकर 86.11 (अस्थायी) पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 86.25 पर खुला और 85.92 और 86.25 के दायरे में कारोबार करते हुए 86.11 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 59 पैसे की गिरावट है।

### सोना में 2,200, चांदी में 1100 का उछाल



नई दिल्ली। सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों से मुलाकात करेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों में नरमी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 27 जून को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। रिजर्व बैंक ने हाल में नीतिगत दर रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती की थी और साथ ही बैंकों के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने हेतु नकद आरक्षित अनुपात में अप्रत्याशित रूप से एक प्रतिशत की कमी करने की घोषणा की। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने के पक्ष में फैसला किया। नकद आरक्षित अनुपात को एक प्रतिशत घटाकर तीन प्रतिशत कर दिया, जिससे बैंकों में नकदी में 2.5 लाख करोड़ की वृद्धि होगी।

# वैश्विक स्टार्टअप परिवेश में बेंगलुरु 14वें स्थान पर

बेंगलुरु, एजेंसी

- स्टार्टअप जीनोम की रिपोर्ट में सात पायदान की लगाई छलांग



स्टार्टअप परिवेश मुहैया कराने के मामले में बेंगलुरु सात पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया भर में 14वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि सूची में सिलिकॉन वैली शीर्ष पर है। वैश्विक नवाचार परिवेश विकास संगठन स्टार्टअप जीनोम की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका का सिलिकॉन वैली इस सूची में पहले स्थान पर है जबकि न्यूयॉर्क सिटी दूसरे, लंदन तीसरे व तेल अवीव चौथे स्थान पर है।

वैश्विक स्टार्टअप परिवेश रिपोर्ट 2025 के मुताबिक बेंगलुरु की यह जबर्दस्त वृद्धि 2024 में एक अरब डॉलर से अधिक के चार प्रमुख सौदों से प्रेरित है, जिसमें स्विगी 12 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ सबसे आगे है। कर्नाटक के आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु की एक उभरते सितारे से एक शीर्ष-स्तरीय वैश्विक स्टार्टअप हब बनने तक की छलांग उसे पेरिस (12वें), फिलाडेल्फिया (13वें) और सिएटल (15वें) जैसे वैश्विक शहरों के साथ खड़ा करती है। खरगे ने कहा कि इस उछाल के पीछे उच्च-मूल्य वाले सौदे, गहन प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) में जारी तेजी, आईटी क्षेत्र की निरंतरता, प्रगतिशील नीति एवं सार्वजनिक निवेश और एक असाधारण तकनीकी प्रतिभा आधार जैसे कारक शामिल हैं।

# वित्तीय नतीजों, वार्षिक रिपोर्टों के बीच अंतर कम करें : सेबी


- बाजार नियामक सेबी ने सीएफओ से किया आग्रह

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को मुख्य वित्तीय अधिकारियों (सीएफओ) से आग्रह किया कि वित्तीय नतीजों की घोषणा और पूर्ण वार्षिक रिपोर्टों के प्रकाशन के बीच समय अंतराल को कम करना चाहिए। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।

सीएफओ को लेखा परीक्षा समितियों और लेखा परीक्षकों के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया है, ताकि अधिक जवाबदेह वित्तीय खुलासे किए जाएं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने यहां एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। नारायण ने जन विश्वास को बनाए रखने में सीएफओ की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करने के साथ ही पूंजी निर्माण में हाल के रुझानों, आगे के अवसरों और जोखिमों तथा निरंतर पूंजी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी विनियमों के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, इस समय, वार्षिक नतीजों और पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट के बीच का अंतर 70-140 दिनों तक है। खातों की टिप्पणी, आंतरिक नियंत्रण रिपोर्ट, लेखापरीक्षा के मुख्य मामले और सीएआरओ खुलासे के साथ पूर्ण रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण जानकारी है।

# आठ महीने बाद मई में रोजगार सृजन 8.9% बढ़ा

मुंबई, एजेंसी



- सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई

भारत में रोजगार सृजन में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। नौकरियों से जुड़ी वैश्विक स्तर पर वेबसाइट इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार, गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के मुकाबले करीब 80 प्रतिशत अधिक रहा।

यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है। इनडीड के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री कैलम पिकरिंग ने कहा, भारत में रोजगार सृजन अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे देश में बदलाव आएगा, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन देश भर में समग्र रोजगार वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगा और हमने हाल के वर्षों में लगातार ऐसा देखा है। अन्य अर्थव्यवस्थाएं इस तरह के बदलाव से नहीं गुजर रही हैं।'' इनडीड की यह रिपोर्ट वैश्विक नौकरी वेबसाइट के मंच पर मई तक 2020 (वैश्विक महामारी अवधि), 2024 और 2025 के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसमें कहा गया, रोजगार सृजन मुख्य रूप से बाल देखभाल (27 प्रतिशत), व्यक्तिगत देखभाल और गृह स्वास्थ्य (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) में हुआ।

### एसबीआई ने 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** एसबीआई ने देशभर में अपनी कार्यप्रणाली और वितरण को मजबूत करने के लिए 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) की नियुक्ति की है। एसबीआई ने शुक्रवार को बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य देश भर में रिक्तियों को भरना है।

# एलआईसी ने विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में दी ढील

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी है और इस प्रक्रिया को तेज भी किया है। निगम ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ितों के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा।

बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा, एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार/एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए और प्रभावित परिवारों के दावों का शीघ्र निपटान किया जाए।

### दुर्घटना के राहत कार्यों में हर संभव मदद करेगी रिलायंस: अंबानी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की। रिअंबानी ने बयान में कहा कि वह और उनकी पत्नी नीता अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुखी एवं व्यथित हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।



## एक नजर

### सोना कॉमस्टार के चेयरमैन संजय कपूर का लंदन में निधन

**नई दिल्ली।** मोटर वाहन घटक विनिर्माण कंपनी सोना कॉमस्टार के चेयरमैन संजय कपूर का बृहस्पतिवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के अनुसार, उद्योगपति संजय कपूर को पोलो खेलते समय दिल का दौरा पड़ा था। वह 53 वर्ष के थे। सोना कॉमस्टार ने बयान में कहा, हमें अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सोना कॉमस्टार के चेयरमैन एवं गैर-कार्यकारी निदेशक संजय जे. कपूर का 12 जून 2025 को इंग्लैंड (ब्रिटेन) में अचानक दिल का दौरा पड़ने से 53 वर्ष की आयु में असामयिक निधन हो गया।


### अमरनाथ : यात्रा से पहले जम्मू पहुंचने लगे साधु

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए तीन जुलाई से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा के लिए बड़ी संख्या में साधु मंदिरों के शहर जम्मू में पहुंचने लगे हैं। बत्तीस दिवसीय यह तीर्थयात्रा तीन जुलाई से दो मार्गों से शुरू होगी। पहला अनंतनाग में 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग है तथा दूसरा गंदेरबल में 14 किलोमीटर लंबा छोटा लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग है। एक दिन पहले, तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर और राम मंदिर से घाटी के लिए रवाना होगा। इस मंदिर में प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ का शिवलिंग है।

# एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों के प्रथम सम्मेलन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी




स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित प्रत्येक एम्स स्वास्थ्य देखभाल नवाचार और शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करते हुए समतापूर्ण, वहनीय एवं साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। ये संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, देखभाल के मानकों को बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा जुड़े विशेषज्ञों की एक नयी पीढ़ी को तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

मंत्री ने एम्स नागपुर में मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों पर आयोजित प्रथम सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न एम्स द्वारा अपनाई गई अनुकरणीय विधियों को प्रदर्शित करना है, जिसमें रोगी-केंद्रित देखभाल, संचालन दक्षता, डिजिटल परिवर्तन और अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देश भर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स भोपाल, एम्स जम्मू, एम्स बिलासपुर, एम्स जोधपुर, एम्स नागपुर, एम्स देवघर, एम्स पटना, एम्स गोरखपुर, एम्स गुवाहाटी, एम्स रायपुर) के साथ-साथ प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) प्रभाग और रक्षा मंत्रालय ने सम्मेलन में सहयोग किया।

### एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया

नड्डा ने एम्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित प्रत्येक एम्स उन्नत चिकित्सकीय देखभाल, उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता को एकीकृत करता है। उन्होंने प्रत्येक नये एम्स की सर्वोत्तम विधियों और नवाचारों को अन्य एम्स के साथ साझा करने के महत्व पर जोर दिया ताकि उनका व्यापक रूप से उपयोग किया जा सके। उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाने और सर्वोत्तम विधियों पर पहला सम्मेलन आयोजित करने के लिए एम्स नागपुर की सराहना की। नड्डा ने भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सकों को तैयार करने में एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या में दो गिरफ्तार मुख्य साजिशकर्ता फरार

**बठिंडा (पंजाब)।** पंजाब की सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' कंचन कुमारी की हत्या के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बठिंडा में एक पार्किंग में खड़ी कार में कंचन का शव मिला था। एसएसपी अमनीत कोंडल ने बताया कि हत्या में शामिल तीन लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन मुख्य साजिशकर्ता फरार है।

उन्होंने बताया कि मोगा के जसप्रीत सिंह (32) और तरन तारन के निमरजीत सिंह (21) को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अमृतपाल सिंह मेहरों फरार है। एसएसपी ने बताया कि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है जो एक स्वयंभू सिख कट्टरपंथी नेता है। जसप्रीत और निमरजीत को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया गया।

# कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- जेलों में न पनपने दें गिरोहों को

दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल में बंद कैदियों के दो समूहों के बीच झगड़े में मारे गए एक कैदी के परिजनों को मुआवजा देने का फैसला सुनाते हुए कहा है कि हिरासत में रखे गए कैदियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जेलों में गिरोहों पनपने नहीं देना चाहिए।

हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार का कर्तव्य है कि वह आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करे और इसमें (आम जनता में) जेल में बंद व्यक्ति भी शामिल हैं, इसलिए हिरासत में अप्राकृतिक मौतों के मामलों में मुआवजा देना सरकार की जिम्मेदारी है। न्यायमूर्ति ने मृतक जावेद के परिजनों को तीन लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया, जिसमें से एक लाख रुपये पहले ही उसकी मां (अब दिवंगत) को दिए जा चुके थे। कोर्ट ने फैसले में कहा, इस न्यायालय का स्पष्ट मत है कि सरकार का यह कर्तव्य है कि वह हिरासत में बंद व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, भले ही मृतक आपराधिक पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति रहा हो। सरकार कैदियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के अपने कर्तव्य से बच नहीं सकती। कोर्ट ने कहा, अधिकारियों की दलील के अनुसार दो प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच झगड़ा हुआ और पीड़ित भी इसमें शामिल हुआ, लेकिन यह तथ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के कर्तव्य के पालन की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करता।

# ईडी ने 2,100 करोड़ के घोटाले में कांग्रेस कार्यालय, पूर्व मंत्री की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** ईडी ने छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए 2,100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन के मामले की जांच के सिलसिले में राज्य में कांग्रेस पार्टी के एक कार्यालय के अलावा उसके विधायक कवासी लखमा की कुल 6.15 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा और सुकमा जिले में कांग्रेस कार्यालय भवन की संपत्तियां शामिल हैं। संघीय एजेंसी ने दिसंबर 2024 में रायपुर, सुकमा और धमतरी जिलों में लखमा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार भी किया था। लखमा (72) कोंटा विधानसभा सीट से छह बार विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके हैं। हरीश लखमा सुकमा में पंचायत अध्यक्ष हैं। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के परिणामस्वरूप राज्य के कोष को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों ने इस अपराध से 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध आय अर्जित की।

### नहीं उड़े विमान



ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण भारतीय विमान सेवाएं रद करनी पड़ीं। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे पर खड़े विमान। एजेंसी

# अरावली : 10 फार्म हाउस व पांच अवैध निर्माण ढहाए

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम ने वन विभाग के साथ मिलकर, संरक्षित अरावली पर्वतमाला में अवैध निर्माण के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत 10 फार्महाउस और पांच अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आनंद वन से अरावली तक सड़क पर बने करोड़ों रुपये के अवैध फार्म हाउसों को ध्वस्त कर दिया गया और करीब 10 एकड़ जमीन खाली करा ली गई। फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम यादव ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार ध्वस्तीकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया है कि अरावली से सभी अवैध निर्माण हटा दिए जाएं और इस पर जुलाई 2025 तक एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अधिकारियों के अनुसार, अरावली वन क्षेत्र से 6,793 से अधिक छोटे और बड़े अवैध निर्माण हटाए जाने हैं जिनकी पहचान ड्रोन सर्वेक्षण में की गई थी।

# राजा और सोनम ने मेघालय के नोंग्रियाट होमस्टे में ठहरने, खाने के लिए किया था 1,380 का भुगतान

नोंग्रियाट (मेघालय), एजेंसी

अपनी हत्या से एकदिन पहले, राजा रघुवंशी और उनकी नवविवाहिता पत्नी सोनम यहां एक 'होमस्टे' में ठहरने के बाद कई घंटों के लिए गायब हो गए थे और देर रात को रात्रि भोजन के लिए वापस आए थे। होमस्टे के मालिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

शिपारा होमस्टे के मालिक कॉन्स्टेंटाइन ने बताया कि 22 मई को हमारे यहां चेक-इन किया और एक-एक कॉफी का ऑर्डर दिया। इसके बाद वे बिना किसी गाइड के बाहर चले गए। मुझे लगता है कि वे गांव में आने वाले अन्य पर्यटकों की तरह रूट ब्रिज देखने गए थे। राजा ने कमरे के लिए 1,000 रुपये, कॉफी के लिए 80 रुपये और रात के खाने के लिए 300 रुपये का भुगतान किया था। ग्रामीणों ने बताया कि दंपति ने मेघालय की अपनी यात्रा के लिए पहले से कोई कमरा आरक्षित नहीं कराया था तथा उन्हें पूर्वी खासी पर्वतीय जिले के सोहरा में एक होमस्टे में कमरा नहीं मिला, जिससे न्हें एक गाइड की मदद से उसी जिले में स्थित मावलखियात से नोंग्रियाट तक पैदल यात्रा करनी पड़ी।

### राजा का भाई बोला- सोनम और राज का नार्को टेस्ट हो

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने शुक्रवार को मांग की कि इस हत्याकांड का पूरा सच उजागर करने के लिए दो प्रमुख आरोपियों-सोनम और राज कुशवाह का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में उनकी पत्नी सोनम (25) और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# बढ़ती उम्र को नकारात्मकता से जोड़कर देखते हैं 54 % बुजुर्ग

### हेल्पएज इंडिया की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** करीब 54 प्रतिशत बुजुर्ग उम्र बढ़ने (वृद्धावस्था) को नकारात्मक भावनाओं से जोड़कर देखते हैं जिनमें अकेलापन (47 प्रतिशत) सबसे आम भावना है। शुक्रवार को जारी की गयी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आयी है।

हेल्पएज इंडिया के पीढ़ियों के बीच संबंधों की प्रक्रिया और वृद्धावस्था पर धारणाओं को समझना विषयक अध्ययन ने परिवार में निरंतर संवाद के बावजूद भारत के बुजुर्गों की भावनात्मक जरूरतों और युवाओं की धारणाओं के बीच अंतर को उजागर किया है। इस सर्वेक्षण के दौरान 10 शहरों में 5,798 उत्तरदाताओं (18-30 वर्ष की आयु के 70 प्रतिशत युवा, 60 वर्ष से अधिक आयु के 30 प्रतिशत बुजुर्ग) के साथ बातचीत की गयी। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में शहरी बुजुर्गों के सामने अकेलेपन, डिजिटल पहुंच का अभाव और घटते सम्मान की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है, जबकि युवा उनकी बुद्धिमत्ता की प्रशंसा भी करते हैं। पंद्रह जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस से पहले जारी किए गए अध्ययन में शहरी मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों को शामिल किया गया।

# विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री की टिप्पणी असंवेदनशील : कांग्रेस

- शाह ने कहा था- विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने असंवेदनशील टिप्पणी की, जबकि उन्हें जवाबदेही तय करने का वादा करना चाहिए था।

शाह विमान हादसे के कुछ घंटे बाद अहमदाबाद पहुंचे थे और कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह के बयान का संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया और यह दावा किया कि शाह ने यह बयान दिया कि दुर्घटनाओं को कोई नहीं रोक सकता। उनके इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, क्या अब केंद्रीय गृह मंत्री को यही कहना चाहिए? यह अत्यंत असंवेदनशील है।

### कांग्रेस की शाह पर टिप्पणी शर्मनाक : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस द्वारा की गई कथित टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' करार दिया। पार्टी ने कहा कि विपक्षी दल ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना को लेकर उस समय राजनीति शुरू की जब देश पीड़ितों की मौत पर शोक मना रहा है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस द्वारा विमान दुर्घटना के बाद अहमदाबाद में शाह की टिप्पणी को असंवेदनशील करार दिए जाने के बाद आई है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह की टिप्पणी का एक संक्षिप्त क्लिप सोशल मीडिया पर साझा किया।

# भारत और चीन हवाई सेवा पुनः शुरू करने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ बातचीत की और इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा एवं जन-केंद्रित सहभागिता को प्राथमिकता देते हुए संबंधों को स्थिर और पुनःनिर्मित करने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह बैठक गुरुवार को हुई और दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक उपायों में तेजी लाने पर भी सहमति जताई। मिसरी ने इससे पहले 27 जनवरी को बीजिंग में सुन के साथ बातचीत की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सुन 12-13 जून को भारत की यात्रा पर यहां आए हैं। गुरुवार को



● विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ की बातचीत

हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने 27 जनवरी, 2025 को बीजिंग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की और लोगों को ध्यान में रखते हुए संबंधों को स्थिर बनाने और उनका पुनर्निर्माण करने पर सहमति जताई।

विदेश सचिव ने इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की।

# निविदा में कथित अनियमितता में कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली।** बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़ से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में गुरुवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। ठेकेदार से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान अपराध से जुड़े कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए। मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है।

# डीएनए जांच

## पहचान, कानून और न्याय में भूमिका

डीएनए जांच एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो किसी व्यक्ति के डीएनए (डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक अम्ल) का विश्लेषण करके उसकी पहचान और उसकी आनुवंशिक जानकारी प्राप्त करने का काम करती है। इस जांच का उपयोग चिकित्सा, अपराधों की जांच, उत्पत्ति के प्रमाण और पारिवारिक संबंधों की सत्यता स्थापित करने में किया जाता है। कानूनी मामलों में भी डीएनए जांच का अहम स्थान है, खासकर जब बात पितृत्व विवाद, हत्या या अन्य गंभीर अपराधों की हो। डीएनए के आधार पर व्यक्ति की शिनाख्त, अपराध के दौरान मिले प्रमाणों से मेल खाने और निर्दोष व्यक्ति को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। यह तकनीक एक सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है, जो व्यक्ति की पहचान करने में किसी भी संदेह को समाप्त कर देती है।



### जांच के कानूनी पहलू

डीएनए जांच का कानूनी दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान है। यह जांच न केवल अपराधों की पहचान और समाधान में मदद करती है, बल्कि पारिवारिक, पितृत्व विवादों और उत्पत्ति प्रमाणों की सत्यता साबित करने के लिए भी की जाती है। डीएनए जांच एक व्यक्ति के शरीर से प्राप्त डीएनए के विश्लेषण से होती है, जो उसके शारीरिक और आनुवंशिक गुणों को दर्शाता है। डीएनए का विश्लेषण किसी भी अपराध के स्थल से मिले जैविक प्रमाणों के साथ मिलाकर अपराधी की पहचान करने में मदद करता है। कानूनी मामलों में डीएनए जांच के उपयोग से सटीकता और निष्पक्षता की संभावना अधिक होती है।

### जांच कराने के लिए मुख्य कारक

- **पितृत्व विवाद :** अक्सर यह सवाल उठता है कि कोई बच्चा किसका है। डीएनए जांच की सहायता से बच्चे और पिता के बीच मेल को आसानी से जांचा जा सकता है। यह जांच अदालत में पितृत्व संबंधी मामलों का निर्णय सटीक रूप से करने में मदद करती है।
- **अपराधों की पहचान :** अपराधियों को पकड़ने के लिए डीएनए जांच कराया जाता है, अपराध स्थल से मिले खून, बाल, त्वचा, आदि से इसे किया जाता है। यदि जांच अपराधी के डीएनए से मेल खाते हैं, तो यह एक ठोस प्रमाण बनता है, जो न्याय में मदद करता है।
- **साक्ष्य की प्रमाणिकता :** डीएनए जांच एक बहुत सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है। इसके परिणामों को कोर्ट में पेश किया जा सकता है, और इसे एक ठोस और अप्रतिवादित प्रमाण माना जाता है।
- **आनुवंशिक चिकित्सा :** कई कानूनी मामलों में, जैसे वसीयत या सम्पत्ति विवाद में, व्यक्ति के आनुवंशिक इतिहास का पता लगाने के लिए डीएनए जांच का सहारा लिया जाता है। यह जांच परिवार के सदस्यों के बीच रिश्तों की पुष्टि करती है।

### डीएनए संग्रह और डेटाबेस

कई देशों में अपराधियों के डीएनए का संग्रह किया जाता है और उन्हें राष्ट्रीय डेटाबेस में डाला जाता है। यदि किसी नए अपराध स्थल पर डीएनए मिलता है, तो डेटाबेस में उस डीएनए के साथ तुलना की जाती है और इससे अपराधी की पहचान होने में मदद मिलती है।

### परिवार का पता लगाना

डीएनए परीक्षण का उपयोग अब पारिवारिक उत्पत्ति का पता लगाने के लिए भी किया जाता है। यह जीनोम की संरचना और ऐतिहासिक आनुवंशिकी का अध्ययन करता है, जिससे लोग अपने पूर्वजों और जातीयता का पता लगा सकते हैं।

### असली पहचान की पुष्टि

यदि किसी व्यक्ति की पहचान संदिग्ध हो, तो डीएनए परीक्षण उसका असली नाम, उम्र और पहचान साबित करने में सहायक हो सकता है। यह विशेष रूप से विस्थापित या लापता व्यक्तियों के मामलों में महत्वपूर्ण होता है।

## एक नजर

### रेको दिक के लिए पाकिस्तान को मिले 70 करोड़ डॉलर

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। रेको दिक परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा, जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान तथा बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से इस परियोजना का स्वामित्व है।

### टैगोर के पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच गिरफ्तार

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तोड़फोड़ की घटना में टैगोर से जुड़ी किसी वस्तु को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रविवार को हुई तोड़फोड़ के बाद रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को इसे आगंतुकों के लिए फिर से खोल दिया गया। कचहरीबाड़ी सिराजगंज जिले में स्थित टैगोर परिवार का पैतृक आवास और राजस्व कार्यालय है। रवींद्रनाथ के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने यह परिसर 1840 में खरीदा था। रवींद्रनाथ ने यहां अपनी कई उल्लेखनीय साहित्यिक कृतियां लिखी थीं।

### मंगोलिया के साथ अभ्यास भारत की रक्षा कूटनीति

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है। श्री सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की।

### पाकिस्तान में जांच चौकी पर हमला, दो की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान स्थित एक जांच चौकी पर किए गए हमले में कम से कम दो सुरक्षा कर्मी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुर्रम जिले के सीमावर्ती शहर हुसैन मेला में जांच चौकी पर आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार रात अचानक हमला कर दिया। अधिकारियों ने दावा किया है कि अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत से कुर्रम जिले में घुसपैठ कर आतंकवादी यहां पहुंचे थे।

### मानसरोवर की यात्रा पर निकला पहला जत्था

**नई दिल्ली।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया और उनकी सुरक्षित और संतोषजनक यात्रा की कामना की। मार्गेरिटा ने यात्रा को फिर से शुरू करने में केन्द्र सरकार की भूमिका की सराहना की।

# ईरान पर किया प्रारंभिक हमला : नेतन्याहू

## परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत बनाया निशाना

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों और वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बनाकर किए गए हमले को बहुत ही सफल प्रारंभिक हमला बताया। इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर पर हमला करने के लिए 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया। इस हमले में ईरान के कई प्रमुख सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए।

नेतन्याहू ने कहा, हमने बहुत ही सफल शुरुआती हमला किया है। ईश्वर की मदद से, हम और भी कई उपलब्धियां हासिल करने जा रहे हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल ने ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। नेतन्याहू ने दावा किया, हमने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। हमने नतांज में ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा को निशाना बनाया है। हमने ईरानी (परमाणु) बम पर काम कर रहे ईरान के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। हमने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के केंद्र पर भी हमला किया



### एअर इंडिया ने 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**मुंबई।** इजराइल के ईरान पर हमले के बाद ईरानी हवाई क्षेत्र बंद किए जाने की वजह से शुक्रवार को एअर इंडिया की लंबी और बहुत लंबी दूरी की 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। विमानन कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है।

है। उन्होंने ईरानी परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को अस्तित्व के लिए खतरा करार दिया।

इजराइल और ईरानी सूत्रों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली और परमाणु सुविधा को भारी नुकसान पहुंचने की पुष्टि की है, साथ ही ईरानी सेना प्रमुख मोहम्मद बाघेरी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के कमांडर हुसैन सलामी की मौत भी हुई है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि हमलों से इजराइली वायुसेना के लिए ईरान पर हवाई हमले की स्थिति में सुधार हुआ है। इजराइली सेना ने हमलों में से एक का वीडियो भी जारी किया। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने शुक्रवार सुबह हवाई हमलों से पहले ईरान के अंदर व्यापक गुप्त अभियान चलाया। मोसाद के नेतृत्व वाले आतंकवाद-रोधी अभियानों ने वहां स्थापित एक गुप्त अड्डे को सक्रिय कर दिया। इन अभियानों का उद्देश्य ईरान की रणनीतिक मिसाइल प्रणाली और उसकी वायु रक्षा क्षमताओं को नुकसान पहुंचाना था। ईरानी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने कहा, अब जबकि अल-कुद्स (यरुशलम) पर कब्जा करने वाले आतंकवादी शासन ने सभी रेखाओं को पार कर लिया है... लेकिन, इस अपराध का जवाब देने की कोई सीमा नहीं है।

### इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी: खामनेई

**यरुशलम।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश पर हमले के लिए इजराइल को कड़ी सज़ा दी जाएगी। ईरान की सरकारी सामाचार एजेंसी आईआरएनए ने खामनेई के बयान को जारी किया। इसने पुष्टि की कि हमले में सेना के शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। खामनेई ने कहा कि उनके देश में हुए इस अपराध में इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल ने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को उजागर किया है।



### नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी सहित वैश्विक नेताओं से बात की

इजराइली प्रधानमंत्री ने ईरान पर किये हमलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के कूटनीतिक प्रयास के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संक्षिप्त बयान में कहा गया कि कल रात से अब तक नेतन्याहू ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़, भारत के प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की है। वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर से बात करेंगे।

### रूस ने ईरान पर इजराइली हमले को अकारण बताया

**मॉस्को।** रूस ने ईरान पर इजरायल के अकारण हवाई हमलों की कड़ी निंदा की और क्षेत्र में तनाव के खतरनाक ढंग से बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, हम पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त करते हैं। हम 13 जून की रात को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए इज़राइल द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं। उसने कहा है कि एक संप्रभु संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश, उसके नागरिकों, शांतिपूर्ण शहरों और परमाणु ऊर्जा अवसंरचना सुविधाओं के खिलाफ अकारण सैन्य हमले स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य हैं।

# ईरान की कार्रवाई पर अमेरिकी युद्धपोत पश्चिम एशिया रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी



इजराइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किये गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप स्थिति पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुखों के साथ बैठक कर रहे हैं। दोनों अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि अब तक इस जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया गया है। क्षेत्र में सेनाएं कई दिनों से एहतियाती कदम उठा रही हैं, जिनमें सैनिकों के आश्रितों को स्वेच्छा से क्षेत्रीय सैन्य अड्डों से वापस बुलाना शामिल है, ताकि हमल होने और ईरान से जवाबी कार्रवाई किये जाने की सूरत में उन कर्मियों की सुरक्षा की जा सके। पश्चिम एशिया में आम तौर पर 30,000 अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं। इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और यमन में ईरान समर्थित हुतियों द्वारा लाल सागर में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों पर हमलों के बीच यह संख्या बढ़कर 43,000 तक पहुंच गई।

### ईरान में भारतीयों को दी यात्रा से बचने की सलाह

**तेहरान।** ईरान में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को देश में मौजूद भारतीयों को इजराइल के हमलों के बाद सतर्क रहने, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी। भारतीय दूतावास ने कहा, ईरान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट का अनुसरण करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

# आप्रवासियों पर कार्रवाई के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन

ऑस्टिन, एजेंसी

● आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी का कर रहे विरोध

अमेरिका में आप्रवासियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई के विरुद्ध पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस सप्ताह के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कई शहरों में अधिकारियों ने कमर कस ली है।

आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ हो रहे कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, हालांकि कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प की खबरें आई हैं। इस सिलसिले में सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस में अधिकारी आप्रवासन कानूनों को लागू करने के लिए तेजी से कदम उठा रहे हैं, जिसके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड के 4000 सैनिकों और 700 नौसैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। संघीय न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है, जिसमें ट्रंप से कहा गया था कि वह नेशनल गार्ड के सैनिकों की तैनाती का अधिकार कैलिफॉर्निया को वापस करें। न्यायाधीश ने कहा था कि सैनिकों की तैनाती अवैध है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इससे हमारे बहादुर संघीय अधिकारियों के सामने खतरा पैदा होगा।

# ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि वह अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अपने कनाडाई तथा पुर्तगाली समकक्षों के संपर्क में हैं। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 241 लोग दुर्घटना में मारे गए। एक व्यक्ति बच गया है और उसका इलाज चल रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं। इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

## अहमदाबाद विमान हादसा



### सिंगापुर, जापान और चीन ने व्यक्त की संवेदना

**सिंगापुर/तोक्यो/बीजिंग।** कई देशों के प्रधानमंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने भी विदेश मंत्री एस जयशंकर को शोक पत्र भेजा है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। इशिबा ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे शोक संदेश में कहा कि दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को संदेश भेजकर विमान दुर्घटना से हुए जानमाल के नुकसान पर संवेदना व्यक्त की।

### भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली हादसे में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक

**ओटावा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों में भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली पटेल भी हैं, जोकि इस उड़ान में एकमात्र कनाडाई नागरिक थीं। सीटीवी न्यूज टोरंटो ने बताया कि टोरंटो के एटोबिकोक में रहने वाली 32 वर्षीय निराली पटेल भारत में सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस जा रही थीं, लेकिन दुर्घटना का शिकार हो गईं। इसमें कहा गया कि निराली के पति अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ भारत जाने की योजना बना रहे हैं। निराली चार या पांच दिन के लिए भारत आई थीं।

### गूगल होमपेज पर दुर्घटना में जान गंवाने वालों की याद में काला फीता किया गया प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए अपने सर्च इंजन के होमपेज पर काले फीते की तस्वीर प्रमुखता से दर्शाई है। इस तस्वीर को सर्च बार के ठीक नीचे रखा गया है। फीते की छवि पर माउस घुमाने पर एक संदेश दिखाई देता है, विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों की याद में। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा

स्पेन ने पेश किया प्रस्ताव, 19 देशों ने मतदान से किया परहेज जबकि 12 देश रहे खिलाफ

# गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव से भारत ने किया किनारा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई।

भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े। 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर



मतदान की व्याख्या में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत गहराते मानवीय संकट से बहुत चिंतित है और नागरिकों की मौत की घटना की निंदा करता है।

हरीश ने कहा कि भारत पहले भी इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर प्रस्तावों से दूर रहा है। उन्होंने कहा कि आज मानना है कि संघर्षों को बातचीत और कूटनीति से ही हल किया जा सकता है। दोनों पक्षों को करीब लाने के लिए एक संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिए। इन कारणों से हम इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहेंगे। प्रस्ताव में मांग की गई कि इजराइल तुरंत नाकाबंदी खत्म करे, सभी सीमा पार मार्ग खोले और यह सुनिश्चित करे कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों के तहत दायित्वों के अनुरूप गाजा पट्टी में फलस्तीनी नागरिकों तक तुरंत और बड़े पैमाने पर सहायता पहुंचाई जाए।

### गाजा में इंटरनेट ठप होने से सहायता बाधित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता बाधित हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा, मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा गंभीर सैन्य गतिविधियों से उत्पन्न हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है।

# न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● अंबानी परिवार को जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की खारिज



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वादी द्वारा बार-बार याचिका दायर करने पर उसे फटकार लगाई। साथ ही उद्योगपति मुकेश अंबानी तथा उनके परिवार के सदस्यों को प्रदान की गई 'जेड प्लस' सुरक्षा वापस लेने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की आंशिक कार्य दिवस वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विकास साहा को इस मुद्दे पर एक के बाद एक तुच्छ और परेशान करने वाली याचिकाएं दायर करने के लिए चेतावनी दी और कहा कि यदि वह भविष्य में ऐसी याचिकाएं दायर करते हैं तो अदालत उन पर जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होगी।

साहा ने निस्तारित याचिका में एक आवेदन दायर कर फरवरी 2023 के आदेश के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा रद्द करने की उनकी याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि इस मामले में उनका कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने साहा के वकील से कहा, न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा मत कीजिए। यह बहुत गंभीर मुद्दा है और हम आपको चेतावनी दे रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि यहां कोई सोने की खान है जिसे छीना जा सकता है और हम आपकी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए यहां हैं। यह एक पवित्र चीज है, चाहे वह कोई राजनीतिक व्यक्ति हो या कोई व्यवसायी, राज्य को जो भी एहतियात बरतना होगा, वह करेगा। पीठ ने वकील से भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह निर्णय नहीं कर सकता कि किसे क्या सुरक्षा दी जानी है तथा यह केवल केंद्र और राज्य का काम है, जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा विश्लेषण किए गए खतरे पर निर्णय लेते हैं कि क्या एहतियाती कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।